भागलपुर, रविवार

07.12.2025

पौष कृष्ण पक्ष 02 संवत 2082

पृष्ठ : 18 (14 + 4 पेज की सुरभि)

मूल्य : ₹ 4, नगर संस्करण

वर्ष : 15, अंक : 292

रजिस्ट्रेशन : बी.आई.एच.एच.आई.एन 2011/37188

# प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

भागलपुर | पटना | मुजफ्फरपुर | रांची | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | कोलकाता से प्रकाशित

facebook.com/prabhat.khabar | twitter.com/prabhatkhabar | instagram.com/prabhat.khabar | youtube.com/c/PrabhatKhabartv/



## ASHOKA PUBLIC SCHOOL

ASHOKA PUBLIC SCHOOL — सा विद्या या विमुक्तये

**Affiliated to CBSE, New Delhi Up to (10+2)**

**UDISE NO : 10371006906 | Affiliation No. : 331283 | School Code : 67116**

Jamui - Sikandra Road, Jamui, Bihar, Pin - 811307



AC HOSTEL FACILITY OPEN

## ANNOUNCES REGISTRATION & ADMISSION

For the Session 2026-27 (Pre-Nursery to Class IX & XI - Science | Arts | Commerce)

LIMITED SEATS

### प्रमुख विशेषताएँ

- आठ एकड़ में फैला हरा-भरा, वाई-फाई युक्त और ए.सी. परिसर, जो पढ़ाई के लिए शांत और आधुनिक माहौल देता है।
- आधुनिक और मजबूत भवन तथा बड़ी कक्षाएँ, जहाँ नए-नए शिक्षण साधन उपलब्ध हैं।
- नवीन उपकरणों से सुसज्जित पुस्तकालय, गणित लैब, विज्ञान लैब और कंप्यूटर लैब।
- देशभर से आए हुए अनुभवी और योग्य शिक्षक/शिक्षिकाएँ।
- हर कक्षा में उचित शिक्षक-छात्र अनुपात, जिससे हर बच्चे पर खास ध्यान दिया जा सके।
- आलोचनात्मक सोच, संवाद कौशल और अवधारणा-आधारित पढ़ाई पर जोर।
- बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई तरह की इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाएँ।
- संगीत, भरतनाट्यम, कथक, हिप-हॉप, नाटक आदि जैसी कई कला गतिविधियों की सुविधा।
- बेहतर शैक्षणिक परिणाम और बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत रिकॉर्ड।
- सुरक्षित और समय पर आने-जाने के लिए आधुनिक ए.सी. बस सेवा।
- 24×7 बिजली की सुविधा ताकि पढ़ाई बिना रुकावट चल सके।
- पूरे विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे सुरक्षा।

**कक्षा III से आगे के लड़कों और लड़कियों - दोनों के लिए अलग-अलग ए.सी. हॉस्टल उपलब्ध।**

**खेलों में उत्कृष्टता के लिए मिनी ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल भी मौजूद।**



Experiential Learning | Sports | Yoga | Swimming | Club Activity | Academic Activity | Art and Crafts

Visual Arts | Interactive Classroom | Student Counselling | Computer Lab | Science Lab | Maths Lab | Taekwondo | Music | Dance

★ *Join us and be part of an educational institution committed to shaping confident, disciplined and future-ready global citizens.*

Ph.: +91- 90316 23601 / 90316 23602 Email : info@apsjamui.com www.apsjamui.com

instagram.com/apsjamui facebook.com/apsjamui youtube.com/@apsjamui https://www.linkedin.com/in/apsjamui



# अब नये साल से पहले शादी की शुभ तिथि नहीं, 29 जनवरी से फिर से गूंजेगी शहनाई



**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

इस साल अब शादी-विवाह की शुभ तिथि नहीं है. ऐसे में अब नये साल में 29 जनवरी को फिर शहनाई की गूंज व बैंड-बाजे की धुन सुन सकेंगे. 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक खरमास है.शास्त्र के अनुसार शुक्र ग्रह के अस्त होने से शहनाइयों की गूंज रविवार से थम जायेगी. 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक खरमास है. पंडित समीर मिश्रा ने बताया कि 16 दिसंबर को दोपहर 1:24 बजे सूर्य धनु राशि में प्रवेश होगा. सूर्य के धनु राशि में जाने से खरमास प्रारंभ हो जायेगा. नये साल में 14 जनवरी को रात्रि 9:19 बजे सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होते ही खरमास का समापन होगा. इस दिन संक्रांति पूरे दिन रहेगा. खरमास में शुभ मांगलिक आयोजन नहीं होंगे.

पंडित शंकर मिश्रा ने बताया कि बनारसी पंचांग के अनुसार सात दिसंबर से तीन फरवरी तक विवाह के शुभ लगन मुहूर्त नहीं हैं. खरमास के नौ दिन पहले ही लगन खत्म हो जायेंगे. 55 दिन बाद ही मांगलिक कार्य शुरू होंगे.

## शुक्र ग्रह के अस्त होने से आज से 28 जनवरी तक थम जायेंगे मांगलिक कार्य

### साल में छह माह होते हैं मांगलिक कार्य

वहीं पंडित आनंद मिश्रा ने बताया कि मिथिला पंचांग के अनुसार जनवरी में एक दिन 29 जनवरी को शुभ लगन है. इस साल छह दिसंबर तक लगन है. इसके बाद पौषमास भी शुरू हो जायेगा. शुक्र 11 दिसंबर से एक फरवरी तक अस्त रहेंगे. इसके बाद चार फरवरी से वैवाहिक व मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे. उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार साल के 12 महीनों में छह माह शुभ और मांगलिक कार्य होते हैं. बिना मुहूर्त के किये गये कार्य में बाधाएं आती हैं.

### अगले साल लगन का शुभ मुहूर्त

**बनारसी पंचांग के अनुसार**

**फरवरी:** चार, पांच, छह, सात, आठ, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21, 24, 25, 26

**मार्च:** दो, चार, पांच, छह, सात, आठ, नौ, 10, 11, 12, 13, 14

**मिथिला पंचांग के अनुसार**

**जनवरी:** 29

**फरवरी:** पांच, छह, आठ, 15, 19, 20, 22, 25, 26

**मार्च :** चार, नौ, 11, 13

फोटो : विद्यासागर



## मजबूरी की शॉर्टकट छलांग

भागलपुर शहर के धावक युवतियों को प्रैक्टिस करने के लिए नजदीक में खुला मैदान चाहिए. सच्चिदानंदनगर मोहल्ले के लोगों को अपना घर पहुंचने के लिए सीधा रास्ता चाहिए. इसी मजबूरी के कारण ऊंची चहारदीवारी से घिरे हवाई अड्डा में जाने और इसे पार करने के लिए ये हर दिन जुगाड़ लगाते हैं. झुके पेड़ों के सहारे चहारदीवारी पर चढ़ते और फिर छलांग लगा कर अंदर प्रवेश कर जाते हैं, जबकि हवाई अड्डे को प्रशासन द्वारा पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, ताकि परिसर सुरक्षित रहे.

**जिलाधिकारी बोले.** मैं संवेदनशील हूं कि गांव का एक भी घर नहीं कटे

# नहीं रुकेगी ड्रेजिंग, अजमेरीपुर की सुरक्षा पर अधिकारियों से की बात

**उपमुख्य संवाददाता, भागलपुर**

अजमेरीपुर बैरिया गांव के पास गंगा में कराये जा रहे ड्रेजिंग से उपजाऊ जमीन व गांव के कटने के संभावित खतरे को लेकर पिछले महीने हुए ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है. जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने अपने उच्च अधिकारियों से इस संबंध में बात की है कि संबंधित गांव गंगा से सुरक्षित रहे. इसके साथ ही भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा ड्रेजिंग कराने के संबंध में पूर्व में लिये गये निर्णय को बरकरार रखा गया है.

### डीएम का भरोसा : सुरक्षा को लेकर आश्वस्त रहें ग्रामीण



जिलाधिकारी डॉ चौधरी ने बताया, ''ग्रामीण इस बात से आश्वस्त रहें कि गंगा से सुरक्षा की जायेगी. मैं इस बात से संवेदनशील हूं कि गांव का एक भी घर नहीं कटे. इसका ध्यान हर हाल में रखा जायेगा. मैंने विभाग से गांव की गंगा से रक्षा के बाबत बात की है. ड्रेजिंग का काम रोका नहीं गया है. यह चलता रहेगा. ऐसा नहीं है कि गंगा की नयी धारा बनायी जा रही है. गंगा की पुरानी धारा में भी धारा रहे, इसके लिए ड्रेजिंग हो रहा है. इससे न सिर्फ हरियाली व खुशहाली बढ़ेगी, बल्कि सबौर, कहलगांव, गोपालपुर व इस्माइलपुर को कटाव के खतरे से बचाया जा सकेगा.''

खास



### ड्रेजिंग होने के लाभ

- भागलपुर शहर जलसंकट से मुक्त होगा.
- हरियाली व खुशहाली बढ़ेगी.
- सुलतानगंज से कहलगांव तक फेरी सेवा बहाल होगी.
- पर्यटक क्रूज का परिचालन अंतरराज्यीय स्तर पर हो सकेगा.
- चार प्रखंडों में कटाव की समस्या काफी कम हो जायेगी.
- रोजगार के साधन बढ़ेंगे.

**ग्रामीणों का क्या है कहना**

अजमेरीपुर बैरिया गांव के ग्रामीणों का कहना है कि दियारा में 95 फीसदी लोग किसान हैं. अगर गंगा की धारा को मोड़ दी जाती है, तो गांव का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा. हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि गंगा में समा जायेगी. उनकी रोजी-रोटी के साथ-साथ घर भी छिन जायेगा. इसे लेकर पिछले महीने नवंबर में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था. अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए थे. फिर ड्रेजिंग भी रोक दिया गया था. सांसद अजय मंडल ने भी गांव पहुंच कर ग्रामीणों से बात की थी.

# लोगों को स्वस्थ रखने वाले सदर अस्पताल को इलाज की जरूरत

- भागलपुर सदर अस्पताल के चारों तरफ है गंदगी का अंबार, कूड़े के ढेर में आग लगने से बाहर के मरीजों की बढ़ रही है परेशानी

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

भागलपुर सदर अस्पताल के आसपास गंदगी की समस्या दिन व दिन बढ़ती ही जा रही है. अस्पताल परिसर से सटे क्षेत्र को कूड़ा डंपिंग स्पॉट बना दिया गया है. इससे कचरे के ढेर, बदबू और अस्वच्छता से मरीज और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में लोगों का कहना है कि स्वस्थ रखनेवाले केंद्र को खुद इलाज की जरूरत है.

### मॉडल अस्पताल बनने के बाद भी नहीं हुआ व्यवस्था में सुधार

एक साल पहले जब सामान्य सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में डेवलप किया गया, तो जिले के लोगों की उम्मीद बढ़ गयी थी कि व्यवस्था में सुधार होगा. अंदर में बिल्डिंग चकाचक हो गया. गार्डन का निर्माण हो गया. बावजूद इसके बाहरी क्षेत्र को बेहतर बनाने में विभाग नाकाम रहा. जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के समीप महीनों से कचरे का ढेर लगा हुआ है. यहां डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है. इतना ही नहीं मरे हुए जानवर भी फेंके जा रहे हैं. इससे बदबू फैल रही है.



### प्रतिदिन आते हैं 2000 से अधिक मरीज

सदर अस्पताल-मॉडल अस्पताल में प्रतिदिन जिले ही नहीं, बल्कि निकटवर्ती जिले बांका से भी इलाज के लिए मरीज आते हैं. इन मरीजों की संख्या लगभग 2000 से अधिक है. इसके अलावा उनके साथ परिजन भी होते हैं. इमरजेंसी व ओपीडी में हवा के साथ सड़ांध वार्ड तक पहुंचती है.

**नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखा गया है. अब तक व्यवस्था को नहीं सुधारा गया है. यहां सामान्य कचरा फेंका जा रहा है. बायो मेडिकल कचरा के लिए प्रतिदिन गाड़ी आती है. सड़क पर नहीं फेंका जा रहा है. फिर भी समाधान की दिशा में पहल की जायेगी.**

**आशुतोष कुमार,** हेल्थ मैनेजर, सदर अस्पताल

**सफाई पर हो रहा है लाखों खर्च, फिर भी बना रहता है संक्रमण का डर**

सफाई पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद, अस्पताल प्रबंधन गंदगी को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है. गंदगी और बदबू के कारण मरीजों को इलाज के लिए नाक पर कपड़ा रखना पड़ रहा है. डॉक्टर व स्टाफ मास्क लगाकर ड्यूटी करते हैं. साफ-सफाई की कमी से मरीजों के बीमार होने का डर बढ़ जाता है. दरअसल यह एक संवेदनशील जगह है. हमेशा संक्रमण का डर बना रहता है. मरीजों की मानें तो सदर अस्पताल परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बने शौचालय की भी स्थिति ठीक नहीं है. यहां पानी की भी सुविधा नहीं है. कर्मचारी कुछ भी बोलने से डर रहे हैं. उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च हो रहा हे, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं है.

## हर वार्ड में लगाये गये दो-दो सांकेतिक बोर्ड

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

नगर निगम ने शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर वार्ड में दो-दो सांकेतिक बोर्ड लगाने का काम पूरा कर लिया है. निगम ने यह बोर्ड पार्षदों द्वारा सुझाये गये स्थानों पर लगाये हैं, ताकि प्रमुख मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों तक पहुंचने में लोगों को दिशा स्पष्ट रूप से मिल सके. योजना शाखा प्रभारी आदित्य जायसवाल ने बताया कि ये बोर्ड महत्वपूर्ण चौराहों और मार्गों पर लगाये गये हैं. जैसे मुंदीचक चौराहे पर लगाया गया सांकेतिक बोर्ड मिनी मार्केट की दिशा को स्पष्ट रूप से दर्शा रहा है. आने वाले दिनों में शहर के मोहल्ले को दर्शाने वाला बोर्ड लगाये जाने की योजना है. नगर निगम ने उम्मीद जतायी है कि इस पहल से जनसुविधा में सुधार होगा.

## डॉ तनुजा को बेस्ट ओपीडी परफॉर्मर अवार्ड

**भागलपुर.** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की ओर से जिले में स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ डॉ कुमारी तनुजा को भागलपुर में बेहतर ओपीडी सेवा देने के लिए बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड दिया. उन्हें यह सर्टिफिकेट स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम मणिभूषण झा ने प्रदान किया. सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद, सदर अस्पताल के प्रभारी डॉ राजू, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पंकज मनस्वी, हेल्थ मैनेजर आशुतोष कुमार ने गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया.



# फीडर विभाजन के बाद भी बिजली संकट बरकरार, बाधित आपूर्ति से लोग त्रस्त

- आधा दर्जन से अधिक बनाया नया फीडर बनाने के बाद भी निर्बाध आपूर्ति पर संशय

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

शहर में बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने के उद्देश्य से पुराने बड़े फीडरों की लंबी लाइन को बांटकर आधा दर्जन से अधिक नये फीडर बनाये गये हैं, ताकि लोड कम हो सके और ब्रेकडाउन की स्थिति न बने. योजना के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी लाइन में गड़बड़ी आने पर पूरा शहर प्रभावित न हो, लेकिन स्थिति बदल नहीं सकी. शनिवार को कई फीडरों की सप्लाई बाधित रही और जगह-जगह बिजली ठप हो गयी. तकनीकी खराबी यानी फॉल्ट का पता लगाने के लिए आज भी सालों पुरानी व्यवस्था के तहत पेट्रोलिंग करायी जाती है, जिस दौरान लंबे समय तक बिजली नहीं रहती और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

प्रोजेक्ट के तहत खुले तारों को बदलने के दौरान भी कई क्षेत्रों में फीडर बंद रहे. सबसे अधिक प्रभावित तिलकामांझी विद्युत सबडिवीजन रहा, जहां नगर निगम फीडर दिन भर में कई बार बंद रहा. वहीं सेंट्रल जेल पावर सब स्टेशन के वाटर सप्लाइ और डेडिकेटेड फीडर में भी बिजली बार-बार आती-जाती रही. विभाग अभी तक आधुनिक फॉल्ट ट्रेसिंग सिस्टम नहीं अपना सका है. दक्षिणी शहर में भी बिजली आपूर्ति की स्थिति कुछ ठीक नहीं रही. विक्रमशिला, मिरजानहाट, शीतला स्थान व पटल बाबू फीडर की बिजली दिन में कई बार बंद हुआ.

### हाल के दिनों में बनने वाले नये फीडर

**भीखनपुर पावर सब स्टेशन :** गुमटी नंबर-12
**सेंट्रल जेल पावर सब स्टेशन :** पॉलिटेक्निक व सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
**मेडिकल कॉलेज पावर सब स्टेशन :** आइट्रिपल-सी व डीएम
**बरारी पावर सब स्टेशन :** एफएम मॉल व एलआइसी
**अलीगंज पावर सब स्टेशन :** शीतला स्थान व विक्रमशिला-2
**मोजाहिदपुर पावर हाउस :** वेरायटी चौक

### मेंटेनेंस की वजह से आज चार घंटे बंद रहेगा नगर निगम फीडर

मेंटनेंस कार्य के कारण रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक नगर निगम फीडर बंद रहेगा. इस दौरान छोटी खंजरपुर, एसएम कॉलेज, आदमपुर, कोयला घाट सहित आसपास के कई इलाकों में करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि खुले तारों को हटाकर नया कवर वायर लगाया जायेगा. इससे लाइन में तकनीकी खराबी की संभावना कम होगी.

बिजली ज्यादा देर तक बंद नहीं रहती है. लाइन डिस्कनेक्शन के लिए फीडर बंद होता है. इसके अलावा बिजली बंद नहीं होती है.

**समर कुमार,** सहायक अभियंता,विद्युत सब डिवीजन, तिलकामांझी

### भोलानाथ फीडर की बिजली आज 11 से तीन बजे तक रहेगी बंद, लगाया जाएगा कवर्ड वायर

**भागलपुर.** भीखनपुर पावर सब स्टेशन का भोलानाथ इशाकचक फीडर रविवार को बंद रहेगा. इस फीडर को दिन के 11 बजे से तीन बजे तक बंद रखा जायेगा. सहायक अभियंता स्वर्णिम कुमार ने बताया कि खुले तारों को कवर्ड वायर से बदलने के लिए फीडर बंद रहेगा.

**निगम ने अपने टैक्स सुपरवाइजर को निजी कंपनी के कर संग्राहकों के साथ किया प्रतिनियुक्त, वार्डों की सौंपी जिम्मेदारी**

# होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए निगम ने अपने कर्मी को उतरा

- बकाया होल्डिंग टैक्स के भुगतान पर ब्याज और जुर्माना राशि में छूट का प्रावधान 31 मार्च तक किया

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स वसूली का लक्ष्य पूरा करने में असफल हो रही आउटसोर्स एजेंसी के साथ अब अपने टैक्स सुपरवाइजरों को मैदान में उतार दिया है. प्रत्येक टैक्स सुपरवाइजर को वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जहां वह एजेंसी के कर संग्राहकों के साथ वसूली सुनिश्चित करेंगे. टैक्स वसूली पिछले कुछ महीनों से लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है, इसलिए





यह कदम उठाया गया है. आउटसोर्सिंग के बाद से तहसीलदार स्तर के कर्मचारियों की भूमिका लगभग समाप्त हो गयी थी, लेकिन इसके बाद भी एजेंसी लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी. अब स्थिति यह है कि निगम को निजी एजेंसी को कमीशन देना पड़ेगा और टैक्स सुपरवाइजर को वेतन भी, जबकि वसूली की राशि उतनी ही आने की संभावना है जितनी पहले निगम स्वयं वसूल करता था.

### जानें, किस टैक्स सुपरवाइजर को कितने वार्डों की मिली जिम्मेदारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद हरि | वार्ड 01 से 02 | सुभाष हरि | 25 से 27 |
| रंजीत कुमार प्रभात | 03 से 04 | दीनानाथ शर्मा | 28 से 30 |
| निरंजन मिश्रा | 05 से 06 | श्रवण कुमार | 31 से 33 |
| अनुपलाल दास | 07 से 09 | शंभूनाथ झा | 34 से 36 |
| मिथिलेश झा | 10 से 12 | राजीव कुमार राय | 37 से 39 |
| रंधीर कुमार | 13 से 15 | मो मतहर हुसैन | 40 से 42 |
| विजेंद्र कुमार सिंह | 16 से 18 | बच्चु राय | वार्ड 43 से 45 |
| सुबोध प्रसाद यादव | 19 से 21 | मो राहत | वार्ड 46 से 48 |
| उत्तम कुमार | 22 से 24 | उचित दास | वार्ड 49 से 51 |

### सिटी मैनेजर को बनाया नोडल पदाधिकारी

नगर आयुक्त शुभम कुमार ने इस पूरी व्यवस्था का नोडल पदाधिकारी सिटी मैनेजर विनय प्रसाद यादव व असगर अली को बनाया है. विनय प्रसाद यादव वार्ड एक से 25 और असगर अली वार्ड 26 से 51 के लिए होंगे.

### बकाया होल्डिंग टैक्स में ब्याज और जुर्माना में छूट का प्रावधान

होल्डिंग टैक्स के बकाया राशि की वसूली के लिए नगर निगम छूट दे रही है. ताकि रेवेन्यू में वृद्धि हो सके. वर्ष 2025-26 एवं उसके पूर्व के बकाये संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान करने पर ब्याज की राशि और जुर्माना को माफ करने का प्रावधान 31 मार्च तक प्रभावी किया गया है. नगर आयुक्त शुभम कुमार ने लॉजीकूफ प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर को आदेश दिया गया है कि इस योजना का लाभ अधिक लोगों को दिलाने के लिए वार्डवार अस्थायी व स्थायी शिविर का आयोजन करें. साथ ही उक्त योजना की जानकारी माइकिंग, बैनर पोस्टर से लोगों को देने का काम करेंगे.

# पूर्व थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मी हुए हाजिर

**ज्योति भारती को जेल भेजने का मामला**

- एडीजे 3 के यहां राजीव रंजन वकील के माध्यम से हुए हाजिर

**नाथनगर.** ललमटिया थाने के पूर्व थानेदार राजीव रंजन द्वारा दिवंगत आइटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट की बहन ज्योति भारती को जेल भेजने के मामले में जेल से निकलने के बाद ज्योति ने कोर्ट में कंप्लेन केस किया था. एडीजे 3 के यहां ज्योति ने केस किया था. इसमें पूर्व थानेदार राजीव रंजन, दारोगा नेहा कुमारी, मुंशी नियाज, पिंकी कुमारी आदि को मारपीट, घसीट कर थाना ले जाने आदि का आरोप लगाते हुए आरोपित बनाया गया था. कोर्ट में शनिवार को राजीव रंजन के तरफ से उनके अधिवक्ता हाजिर हुए. जबकि दारोगा नेहा कुमारी सशरीर उपस्थित हुई. ज्योति भारती के अधिवक्ता राहुल देव ने बताया कि कोर्ट में इस मामले में बहस हुई. विपक्षी अधिवक्ता ने कोर्ट से आगे की तारीख मांगी है. अगली तिथि में पुनः इस मामले मे बहस होगी. उधर पूर्व दारोगा राजीव रंजन पर डिप्टी कमांडेंट आयुष दीपक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पंजाब के पटियाला कोर्ट में केस दर्ज हुआ है. इसमें वह फरार चल रहे हैं. पंजाब पुलिस गिरफ्तारी वारंट लेकर बांका आयी थी, पर राजीव रंजन नहीं मिले.

भागलपुर, रविवार, 07.12.2025 (पौष कृष्ण पक्ष 02 संवत 2082), भागलपुर | पटना | मुजफ्फरपुर | रांची | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | कोलकाता से प्रकाशित, पृष्ठ : 18 (14 + 4 पेज की सुरभि), मूल्य : ₹4, वर्ष : 15, अंक : 292, रजिस्ट्रेशन : बी.आई.एच.एच.आई.एन 2011/37188

प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे



116* रन बनाए यशस्वी ने ओडीआइ का पहला शतक

» यशस्वी बने मैन ऑफ द मैच, कोहली मैन ऑफ द सीरीज

» द अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक ने जड़ा शतक, बनाये 106 रन

**दक्षिण अफ्रीका :** 270 रन पर आउट (क्विंटन डिकॉक 106, तेंबा बावुमा 48, प्रसिद्ध कृष्णा 66/4, कुलदीप यादव 41/4).

**भारत :** 1/271 रन (यशस्वी जायसवाल 116*, रोहित शर्मा 75, विराट कोहली 65* रन).

### भारत ने टेस्ट की हार का लिया बदला, 2-1 से वनडे सीरीज जीता

# यशस्वी जीत

» विशाखापत्तनम में तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया

» कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने लिये चार-चार विकेट

**विशाखापत्तनम.** टेस्ट सीरीज में मिली हार का गम भुलाते हुए टीम इंडिया ने वनडे में अपनी बादशाहत कायम रखी और विशाखापत्तनम में खेले गये निर्णायक वनडे में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा कर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली. भारत ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी. फिर, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा के चार-चार विकेट के दम पर दक्षिण अफ्रीका को 270 रन पर रोक दिया. दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक (106 रन) ने शतक जमाया. लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने 155 रन की साझेदारी कर मैच को एकतरफा बना दिया. रोहित 75 रन बना कर आउट हुए.

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के 20 हजार रन पूरे



रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गये हैं. वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे बैटर बने हैं. उनसे पहले सचिन तेंडुलकर (34357), विराट कोहली (27910) व राहुल द्रविड़ (24208) यह कारनामा कर चुके हैं. स्पोर्ट्स पेज भी पढ़ें

### मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

# प्रदेश में पांच नये मेगा फूड पार्क व 31 औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे : सीएम

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास के लिए अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दिया जायेगा. इसके तहत आधुनिक फूड प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के साथ पांच नये मेगा फूड पार्क स्थापित किये जायेंगे. साथ ही राज्य के 29 जिलों के 14,036 एकड़ भूमि पर फैले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर मॉडल की तर्ज पर 31 नये अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे. इसमें 10 सेक्टर-विशेष पार्क जैसे कि टेक्सटाइल पार्क, फार्मा पार्क आदि शामिल होंगे. इस पर कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को 1-अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहीं. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. बैठक में डिप्टी सीएम समाट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल आदि उपस्थित थे.

**पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की कार्ययोजना पर काम शुरू**



उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक करते सीएम नीतीश कुमार. साथ में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व मंत्री विजय चौधरी.

### 100 एमएसएमइ पार्क किये जायेंगे विकसित

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में 10 औद्योगिक पार्क और 100 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) पार्कों को विकसित किया जायेगा. इसके अलावा उद्योग–प्रासंगिक कौशल एवं उद्यमिता में सात लाख लोगों को प्रशिक्षित और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय की स्थापना सहित सभी जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र स्थापित किया जायेगा. स्थानीय उत्पादों के निर्यात एवं बाजार की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा. उन्होंने बताया कि गयाजी के डोभी में लगभग 1,700 एकड़ में फैले इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है. जल्द ही उसका शुभारंभ होगा.

### उद्योग लगाने की सभी सुविधाएं उपलब्ध : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं और बेहतर विधि व्यवस्था उपलब्ध है. यहां अच्छे सड़क मार्ग, रेलवे और हवाई मार्ग से अच्छी संपर्कता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति शामिल हैं. हमलोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए किसी मजबूरी में राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े. बिहार को देश के शीर्ष पांच निवेश अनुकूल राज्यों में शामिल करने की योजना पर काम होगा. उद्योग विभाग देश–दुनिया के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलनों का आयोजन करेगा. इससे बड़े उद्योगों को आकर्षित किया जा सकेगा.

### सीएस ने प्रस्तुत की कार्ययोजना

बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अगले पांच वर्ष में राज्य के औद्योगिक विकास के लिए तैयार की गयी कार्य योजना प्रस्तुत की. इस दौरान उन्होंने दो दशक की औद्योगिक विकास गाथा, प्रमुख औद्योगिक इकाइयों, बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025, बिहार में उद्यमिता एवं स्वरोजगार के लिए प्रयास, आगामी पांच वर्षों के लिये 'बिहार औद्योगिक संकल्प' सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी.

### मृतक कुंदन और हमलावर शंकर का है आपराधिक इतिहास

# साहेबगंज में युवक की पीट कर हत्या

संवाददाता, भागलपुर



रोते–बिलखते परिजन व कुंदन का फाइल फोटो.

शहर के व्यस्ततम इलाके साहेबगंज चौक पर शनिवार दोपहर को बदमाशों ने एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी. घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है. मृतक की पहचान चर्च रोड निवासी कंपनी यादव के दूसरे पुत्र कुंदन कुमार (28) उर्फ बुच्चो यादव के रूप में हुई है. घर से महज 50 मीटर दूर हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गया. अधिकतर दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी.

**घर से निकलते ही कर दिया हमला**

परिजनों के अनुसार कुंदन शनिवार दोपहर लगभग 11.50 बजे घर से बाहर निकला था. मृतक की भाभी, जो इस घटना की चश्मदीद भी हैं, बताया कि कुंदन चौक तक पहुंचा भी नहीं था कि रास्ते में ही उस पर हमला कर दिया गया. हमलावरों ने उनके सिर पर लोहे के भारी हथियार से प्रहार किया. उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आयी. स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटनास्थल के बिल्कुल पास मोहल्ले की महिलाओं की कमेटी की बैठक चल रही थी. उस समय आसपास महिलाओं व राहगीरों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद थी. लेकिन किसी ने भी कुछ नहीं बताया. इसी दौरान हमलावर हमला कर मौके से फरार हो गया. हमला करने के बाद आरोपित सामने वाले एक घर में घुस गया. इसके बाद वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी. मृतक के परिजनों ने इस हत्या का आरोप पड़ोसी शंकर महतो पर लगाया है. परिजनों का कहना है कि कुंदन का किसी से कोई खास विवाद नहीं था. वहीं, मोहल्ले में दबी जुबान से यह भी चर्चा है कि कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर कुंदन और शंकर के बीच कहासुनी हुई थी, जिसमें मारपीट भी हुई थी. स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों का आपराधिक इतिहास भी रहा है. हालांकि इस पर पुलिस ने आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है. कुंदन पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर था. घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

> कुंदन उर्फ बुच्चो यादव हत्या मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है. प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है. युवक की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी. कुंदन और शंकर महतो के बीच चिढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था. शंकर पर हत्या का आरोप है. फिलहाल आरोपित फरार है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है.
>
> **शुभांक मिश्रा,** सिटी एसपी

### पीएम मोदी ने पुण्यतिथि पर बाबासाहेब आंबेडकर की दी श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. 'एक्स' पर उन्होंने लिखा कि न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति आंबेडकर की प्रतिबद्धता राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है. मोदी ने कहा कि उनका आदर्श विकसित भारत की दिशा में प्रेरित करता है.

विस्तृत देश-विदेश पर

**सर्राफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | ₹ 129,350 | 00.00 |
| सोना (खरीद) | ₹ 129,250 | 00.00 |
| चांदी (किलो) | ₹ 1,77,500 | ↑ 500 |

# इंडिगो संकट : एयरलाइंस 18 हजार रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी किराया

**किराये में बेतहाशा वृद्धि के बाद सरकार ने तय की सीमा**

एजेंसियां, नयी दिल्ली



**देश** में पांच दिन से चल रहे इंडिगो एयरलाइंस संकट के बीच हवाई किराये में बेतहाशा वृद्धि पर रोक के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाया है. सरकार ने शनिवार को दूरी के आधार पर घरेलू उड़ानों के लिए हवाई किराये की सीमा 7,500 रुपये से 18,000 रुपये तक सीमित कर दी है. नागर विमानन मंत्रालय द्वारा लागू की गई इस सीमा के अनुसार कोई भी एयरलाइन कंपनी 500 किलोमीटर तक की उड़ान के लिए 7,500 रुपये से ज्यादा किराया नहीं ले सकेगी. इसी तरह 500-1,000 किलोमीटर के लिए टिकट की कीमत 12,000 रुपये और 1,000 से 1,500 किलोमीटर तक चलने वाली उड़ानों के लिए, किराया 15,000 रुपये तक सीमित किया गया है. वहीं, 1,500 किलोमीटर से अधिक के लिए अधिकतम सीमा 18,000 रुपये तय की गई है. उदाहरण के लिए, दिल्ली–मुंबई उड़ान, जिसकी दूरी लगभग 1,300 किलोमीटर है, में कम से कम इकोनॉमी श्रेणी का किराया 15,000 रुपये तक सीमित होगा. यह सीमा तब तक लागू रहेगी जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती. इसमें उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ), यात्री सेवा शुल्क (पीएसएफ) और हवाई टिकटों पर कर शामिल नहीं हैं. हालांकि किराये पर यह सीमा, लागू शुल्कों को छोड़कर, बिजनेस श्रेणी और उड़ान श्रेणी के लिए लागू नहीं है. मंत्रालय के आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह सीमा केवल इकोनॉमी श्रेणी पर लागू है या प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी पर भी. हवाई किराये की सीमा तय करने पर दो पेज के आदेश में मंत्रालय ने कहा कि ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, भले ही खरीदारी सीधे एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की गई हो या विभिन्न ऑनलाइन यात्रा एजेंट मंच से की गयी हो.

देश-विदेश भी पढ़ें

### डिप्टी सीएम ने पुलिस सेवाओं तक सीधी पहुंच के लिए नागरिक सेवा पोर्टल लॉन्च किया

# थाने में शिकायत से लेकर सत्यापन तक ऑनलाइन

संवाददाता, पटना

**बिहार** में पुलिस सेवाओं के लिए अब लोगों को थाने जाने का डर और 'फिर आइए' वाली मानसिकता से मुक्ति मिलेगी. उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पुलिस सेवाओं तक आमलोगों की सीधी पहुंच के लिए नागरिक सेवा पोर्टल क्राइम-क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स लॉन्च किया. अब बिहार का हर नागरिक पुलिस से जुड़ी लगभग सभी सेवाएं घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त कर सकेगा. शिकायत हो या सत्यापन, गुमशुदगी हो या एफआइआर की कॉपी अब किसी भी सेवा के लिए थाना जाने की अनिवार्यता खत्म हो गयी है. सीसीटीएनएस पोर्टल के शुरू होते ही सबसे बड़ा बदलाव यह आयेगा कि शिकायत दर्ज करने से लेकर उसकी प्रोग्रेस तक सबकुछ रियल-टाइम में दिखाई देगा. किस अधिकारी को मामला भेजा गया, कितना समय लगा, किस स्तर पर फाइल अटकी हर प्रक्रिया सिस्टम में दर्ज होगी. इससे अब देरी, बहानेबाजी और जानबूझकर लंबित रखने की पुरानी थानेदार संस्कृति पर सीधा वार होगा. शनिवार को पटना के सरदार पटेल भवन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल नागरिकों की सबसे बड़ी शिकायत "थाना जाकर भी सुनवाई नहीं होती" को खत्म करने के लिए बनाया गया है. शिकायत ऑनलाइन दर्ज होते ही यूनिक नंबर जनरेट होगा और पुलिस पर तय समय सीमा में कार्रवाई की बाध्यता होगी. शिकायत बंद करने पर कारण भी दर्ज करना होगा, जिसे नागरिक देख सकेंगे.

**लॉग-इन पर मिलेंगी ये सेवाएं**

- गुम/खोई संपत्ति की रिपोर्ट
- लापता व्यक्ति की रिपोर्ट
- घरेलू सहायक का चरित्र सत्यापन
- चालक का पूर्व–चरित्र सत्यापन
- ई–शिकायत दर्ज करना
- वरिष्ठ नागरिक का पंजीकरण
- किरायेदार का पूर्ववर्ती सत्यापन
- अज्ञात व्यक्ति का विवरण
- अज्ञात शव का विवरण
- गिरफ्तार–वांछित अपराधी की जानकारी
- खोई–बरामद संपत्ति की जानकारी
- लापता/अपहृत व्यक्ति का विवरण

**सेवाओं का लाभ के लिए यहां करें लॉग-इन**
https://citizenservicesportal.bihar.gov.in



## सिटी बाइट्स

### वेतन वृद्धि की मांग पूरी, कार्य पर लौटे सफाइकर्मी



**भागलपुर.** नगर पंचायत हबीबपुर के सफाइकर्मियों की हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गयी. शुक्रवार को वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल की गयी थी. कर्मी श्याम, आकाश, अमर कुमार कुंदन समेत ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत कार्यालय के कर्मी और एजेंसी द्वारा हमारी मांगों को मानते हुए वेतन में वृद्धि कर दी गयी है. वहीं पूर्व में हड़ताल करने के बाद चार दिनों की हाजरी काट दी गयी थी. इनमें दो दिन की हाजरी काट कर वेतन देने की मांग पूरी की गयी है. इसी माह में वेतन में वृद्धि कर दिये जाने की बात कही गयी. स्वच्छता प्रभारी के आने के बाद वेतन बढ़ने का लिस्ट भी देने की बात पर हमलोगों ने हड़ताल को समाप्त कर दी है. शनिवार को दो पालियों में नगर पंचायत हबीबपुर की सड़क और गलियों में सफाई शुरू कर दी गयी है.

### हवाई सेवा संघर्ष समिति ने दिया धरना



**भागलपुर.** हवाई सेवा संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को समाहरणालय परिसर में हवाई सेवा को शीघ्र चालू करने एवं उच्च न्यायालय खंड पीठ की स्थापना के लिए धरना प्रदर्शन किया गया. धरना स्थल पर पहुंच कर अधिवक्ताओं ने अपना समर्थन दिया. निगरानी समिति के सदस्य अधिवक्ता मुकेश ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया. उन्होंने कहा कि भागलपुर में कोई आधुनिक सुविधा नहीं है. इस कारण भागलपुर पिछड़ रहा है. सुबोध मंडल ने कहा कि जब तक खंडपीठ की स्थापना नहीं होगी, धरना जारी रहेगा. इस मौके पर राहुल कुमार, अनीता कुमारी, अधिवक्ता संजय कुमार अधिवक्ता रामप्रवेश सिंह, चंदन चौधरी, मुकेश मिश्रा, श्याम सुंदर प्रसाद, अजय कुमार ठाकुर, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, बीवी मरियम, सुनील मंडल आदि उपस्थित थे.

### देर रात डीजे बजाने पर मामला दर्ज

**भागलपुर.** देर रात डीजे बजाने पर बीती देर रात बरारी थाने की पुलिस ने कार्रवाई कर दो मामला दर्ज किया है. इनमें से एक मामला डीएम आवास और दूसरा महराज घाट रोड का है. दोनों मामले में तेज आवाज पर डीजे बजाने के मामले में कार्रवाई की गयी. बरारी थाना की पुलिस ने अपने बयान केस दर्ज कर डीजे और वाहन जब्त कर लिया है. बता दें कि पुलिस की तरफ से लगातार इस बात की चेतावनी दी जा रही है कि 10 बजे रात के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई होगी.

## गंगा किनारे भागलपुर-मुंगेर के बीच होना है मरीन ड्राइव का निर्माण

# मरीन ड्राइव : समुद्र तल से भागलपुर की ऊंचाई लेने पहुंची टीम, कचरा हटाकर शिलालेख ढूंढा

एक्सक्लूसिव

**संजीव झा, भागलपुर**

गंगा किनारे भागलपुर शहर की तरफ भागलपुर से मुंगेर के बीच मरीन ड्राइव के निर्माण को लेकर मिट्टी जांच के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है. शनिवार को अडाणी इंटरप्राइजेज की इंजीनियरों की टीम भागलपुर पहुंची. टीम समुद्र तल से भागलपुर की ऊंचाई लेने पहुंची थी. टीम को जानकारी मिली कि तिलकामांझी-मनाली चौक रोड पर शिलालेख है, जिसपर समुद्र तल से ऊंचाई का उल्लेख है. टीम उक्त स्थल पर पहुंची, लेकिन यह देख आश्चर्य में पड़ गयी कि शिलालेख कचरे से ढका हुआ है. फिर कचरा हटाया गया. शाम होने के कारण मोबाइल की रोशनी से शिलालेख में उल्लेखित जानकारी नोट करने के बाद टीम वापस चली गयी. टीम के सदस्यों का कहना था कि मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर समुद्र तल से भागलपुर की ऊंचाई जानने के लिए आये हैं.



कूड़े के बीच शिलालेख निकालती टीम.

### कितना महत्वपूर्ण है शिलालेख, जिसकी फिक्र नगर प्रशासन को नहीं

तिलकामांझी चौक के पास मनाली चौक की तरफ जानेवाली सड़क के किनारे एसएसपी आवास की उत्तरी दीवार से सटा यह शिलालेख अवस्थित है. पिछले कई वर्षों से यह अनदेखा है. अतिक्रमण की जद में है और लोग यहां कचरे फेंक दिया करते हैं. लेकिन भागलपुर के लिये यह एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक शिलालेख है. इसमें यह दर्शाया गया है कि भागलपुर की समुद्र तल से ऊंचाई 172.082 फीट है. अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1909 में स्थापित इस शिलालेख में अंग्रेजी में स्पष्ट शब्दों में इसे एक "प्रामाणिक टीला" बताया गया है. तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने यह जानकारी शिलालेख के रूप में सार्वजनिक की है. लेकिन इसकी दुर्दशा पर प्रशासन और पुरातत्व विभाग का ध्यान नहीं है.



निकाला गया शिलालेख.

**क्या है योजना :** फोरलेन व एलिवेटेड सड़क (मरीन ड्राइव) के निर्माण का कार्य अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को सौंपा गया है. परियोजना की कुल अनुमानित लागत पहले चरण के लिए 4450.17 करोड़ रुपये और दूसरे चरण के लिए 3842.48 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी है. निर्माण कार्य चार वर्षों (1460 दिनों) में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. परियोजना की नोडल एजेंसी बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) है. पहले चरण में सफियाबाद से सुलतानगंज (35 किमी) और दूसरे चरण में सुल्तानगंज से सबौर (40.80 किमी) तक निर्माण होगा.

### क्षेत्र में चार जगहों पर वोट के लिए लगाया गया कॉमनिटी जेटी, लोगों को होगी आसानी

**भागलपुर .** क्षेत्र में चार जगहों पर गंगा के किनारे अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से छोटे वोट के ठहराव के लिए कॉमनिटी जेटी लगाया गया है. इससे वोट पर सवार लोगों को वोट पर चढ़ने-उतरने में आसानी होगी. यहां कुछ घंटों के लिए वोट का ठहराव हो सकेगा. जेटी बटेश्वर, सुल्तानगंज, मुंगेर व भागलपुर में लगाया गया है. चारों जगहों में से भागलपुर में सबसे बड़े आकार का जेटी लगाया गया है.

## हजरत मशाइख का सालाना उर्स-ए-पाक मनाया

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

मशाइखचक स्थित मस्जिद में शनिवार को हजरत सुल्तान-उल-मशाइख रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स-ए-पाक अकीदत के साथ मनाया गया.



सुबह की नमाज के बाद कुरानखानी का आयोजन किया गया. मुल्क व मिल्लत की सलामती, अमन, भाईचारा, नई पीढ़ी की रहनुमाई और उम्मत-ए-मुस्लिम की एकता के लिए खास दुआ मांगी गयी. दरगाह परिसर को संवारा व सजाया गया था. दरगाह की जियारत के लिए अकीदतमंदों की भीड़ जुटी रही. कार्यक्रम में उलेमा, मशाइख मदरसा के छात्र और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. दिन में जलसा का आयोजन किया गया. इसमें दीन और इस्लाह के विषयों पर रोशनी डाली गयी. मदरसा के छात्रों ने नातिया पेश किया. मौके पर खानकाह पीर दमड़िया शाह खलीफाबाग के सज्जादानशीन सैयद शाह फखरे आलम हसन ने कहा कि सजदा में गिरकर दुआ करनी चाहिए, क्योंकि जब बंदा मोहब्बत-ए-रसूल के साथ अपने गुनाहों की माफी मांगता है, तो अल्लाह उसे नेक बंदों में शामिल फरमा लेता है. कहा कि अल्लाह बंदे की नीयत और दिल की पाकीजगी को देखता है. अल्लाह जिसे चाहता है, अपना महबूब बना लेता है, लेकिन अल्लाह की मदद आये, इसके जरूरी है कि बंदा सच्चे दिल से उसके सामने झुके. उसकी नेमतों का शुक्र अदा करे. हजरत मुहम्मद की सुन्नतों को अपनी जिंदगी में उतारे. बंदा जब एक कदम अल्लाह की तरफ बढ़ाता है, तो अल्लाह उसकी ओर कई कदम बढ़कर आता है. सज्जादानशीन ने हजरत सुल्तान-उल-मशाइख की सीरत बयान करते हुए कहा कि वे शरियत के पाबंद, इल्म और तकवा के पहाड़ और अखलाक के नायाब मिसाल थे.

## सफाई मजदूरों की बैठक में मुजफ्फर अहमद को सर्वसम्मति से चुना अध्यक्ष

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

नगर निगम में एजेंसी के तहत कार्यरत सफाई मजदूरों की अहम बैठक रविवार को रामसर में आयोजित की गयी, जिसमें सर्वसम्मति से समाजसेवी मुजफ्फर अहमद को अध्यक्ष चुना गया. वार्ड 14 से 51 तक के वार्ड प्रभारियों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी और मजदूरों की ओर से नेतृत्व का अधिकार सौंपा. बैठक में सफाई कर्मियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी समस्याएं निगम या एजेंसी के समक्ष रखने पर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देकर डराया-धमकाया जाता है. मजदूरों का आरोप है कि ऐसे हालात में वे अपनी बात रखने से भी डरते हैं. एकजुट आवाज उठाने के उद्देश्य से सभी ने मिलकर मुजफ्फर अहमद को अपना प्रतिनिधि चुना है. मुजफ्फर अहमद तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य भी हैं और लंबे समय से वंचित एवं श्रमिक वर्ग के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं. अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई मजदूरों की हर मांग और अधिकार निगम प्रशासन व सरकार तक मजबूती से पहुंचाये जायेंगे.



नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुजफ्फर अहमद को बधाई देते लोग.

### उपन्यासकार नजीर अहमद की जयंती मनायी

**भागलपुर.** बरहपुरा में अंजुमन बाग व बहार के बैनर तले उर्दू साहित्य के उपन्यासकार नजीर अहमद की जयंती मनायी गयी. संस्था के महासचिव डॉ परवेज ने कहा कि उर्दू के पहले उपन्यासकार शमसुल ओलमा नजीर अहमद हमारे बीच नहीं है. लेकिन उनका नाम और काम आज भी लोगों के बीच जिंदा है. उन्होंने अपने नावेल द्वारा समाज में हकीकत को सामने लाने का प्रयास किया. मौके पर जोसर अयाग, शादाब आलम, डॉ अरशद रजा आदि मौजूद थे.





### हर महीने भागलपुर जिले में 29,228 किलो दही की है खपत, चार जिलों को छोड़ा पीछे

# भागलपुर के लोग दही खाने में अव्वल

संडे-स्पेशल

- विक्रमशिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ से भागलपुर, जमुई, बांका व मुंगेर में होती है सप्लाई

**ललित किशोर मिश्र, भागलपुर**

कहा जाता है कि मिथिलांचल के लोग माछ, मखान व पान के शौकीन हैं. आनंद के साथ खाते व खिलाते हैं. मगर, अंग प्रदेश भागलपुर के लोगों की पहली पसंद दही है. यहां के लोगों का मांसाहार भी दही बगैर अधूरा माना जाता है. दही की खपत में भागलपुर पड़ोसी जिला बांका, जमुई व मुंगेर से काफी आगे है. विक्रमशिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (सुधा डेयरी) के आंकड़े से ऐसी जानकारी मिल रही है. संघ के अनुसार भागलपुर में हर माह औसतन 29 हजार, 228 किलो दही की खपत है. इसके अतिरिक्त निजी दुकानदारों की ओर से दही की बिक्री होती है.

#### 200 ग्राम से 10 किलोग्राम के पैकेट में मिल रहा दही

सुधा डेयरी 200 ग्राम, पांच व 10 किलोग्राम के पैक में दही तैयार करता है. इसे भागलपुर सहित चार जिलों में भेजा जाता है. सामान्य दुकानों के साथ-साथ विभिन्न जगहों पर बने सुधा पार्लर से भी दही की बिक्री की जा रही है. सुधा डेयरी दही के मामले में 190 प्रतिशत का ग्रोथ किया है.

#### बढ़ती जा रही मांग, साढ़े छह करोड़ का लग रहा दही प्लांट

दही की बढ़ती डिमांड को देखते हुए सुधा डेयरी ने उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया है. साढ़े छह करोड़ की लागत से प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जो सूबे का चौथा प्लांट होगा. पूरी तरह मैकेनाइज्ड इस प्लांट का काम तेजी से चल रहा है. प्लांट के काम की समीक्षा जीएम हर दिन कर रहे हैं. अभी बरौनी, मुज्जफरपुर व पटना में दही का प्लांट है.

#### हर माह दही की कहां कितनी खपत



| | |
|---|---|
| भागलपुर | 29,228 किलोग्राम |
| मुंगेर | 12,708 किलोग्राम |
| बांका | 12,212 किलोग्राम |
| जमुई | 18,458 किलोग्राम |

भागलपुर के लोगों की पहली पसंद दही है. भागलपुर के साथ जमुई, बांका व मुंगेर के लोग भी दही खाने में आगे हैं. प्लांट का निर्माण तेजी से हो रहा है. जल्द ही प्लांट से दही उत्पादन की उम्मीद है.

**कमलेश कुमार झा,** विपणन सलाहकार, विक्रमशिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, भागलपुर

#### क्यों बढ़ती जा रहीदही खपत

- बिरयानी, पुलाव, पराठे, रोटी और दाल के साथ परोसा जाता है.
- भोज व पार्टियों में रायता व दही का चलन बढ़ा है.
- चिकन व मांस को नरम करने और स्वाद देने के लिए मसालों के साथ उपयोग होने लगा है.
- कर्ड राइस, दही आलू, दही बैंगन जैसे व्यंजन खानपान में हो रहे है शामिल.

#### एक दिन में 10 मीट्रिक टन होगा दही का उत्पादन

अभी तक सुधा डेयरी अपने ग्राहकों को मैनुअल तरीके से दही जमाकर उपलब्ध कराता है. दही के डब्बे में दही को जमाया जाता है, जो पुराना तरीका है. प्लांट के चालू हो जाने के बाद हर दिन 10 मीट्रिक टन दही का उत्पादन किया जायेगा.

**शहरों का तापमान** भागलपुर : अधिकतम 24.7°C न्यूनतम 8.3°C | बांका : अधिकतम 25.0°C न्यूनतम 12.0°C

prabhatkhabar.com

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
**क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.**
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.

## प्रभात खबर लीगल काउंसेलिंग आज

### सुप्रभा कुमारी देंगी कानूनी सलाह



तिथि : 07 दिसंबर (रविवार)
समय : दिन के 12 से 01 बजे तक
दूरभाष सं- 9097036098

**भागलपुर.** प्रभात खबर लीगल काउंसलिंग कड़ी के तहत इस रविवार को जिला बार एसोसिएशन (डीबीए) की कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा अधिवक्ता सुप्रभा कुमारी पाठकों को कानूनी सलाह देंगी. वे क्रिमिनल मामलों, पारिवारिक विवादों, महिलाओं से संबंधित अपराध और दैनिक जीवन में आने वाली कानूनी जटिलताओं पर सलाह देंगी. पाठक दोपहर 12 से एक बजे के बीच मोबाइल नंबर 9097036098 पर फोन कर कानूनी सलाह ले सकेंगे. मालूम हो कि सुप्रभा कुमारी भागलपुर व्यवहार न्यायालय में सक्रिय रूप से वकालत कर रही हैं और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका रही है

# आज देश भर के दंत व कैंसर रोग विशेषज्ञों का शहर में होगा जुटान

- इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंग प्रदेश, भागलपुर शाखा की ओर से नौलखा कोठी परिसर मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा वार्षिक समारोह सह ओरल कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**



प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक.

इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंग प्रदेश, भागलपुर शाखा की ओर से नौलखा कोठी स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में वार्षिक समारोह सह ओरल कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा. इस आयोजन में देशभर के दंत रोग सह कैंसर रोग विशेषज्ञों का जुटान होगा. उक्त जानकारी सचिव डॉ शुभंकर कुमार सिंह एवं अध्यक्ष डॉ स्वप्निल चंद्रा शनिवार को पत्रकारों को दी. संरक्षक डॉ विनोद कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य ओरल कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान, आधुनिक उपचार पद्धतियों एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के उन्नत आयामों पर चर्चा करना है. उनकी ओर से अपने क्लिनिक पर एक माह तक निःशुल्क परामर्श मरीजों को दिया जायेगा. कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 10:30 बजे किया जायेगा. इस आयोजन में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संदीप लाल, सुपरिटेंडेंट व सिविल सर्जन मुख्य मेहमान होंगे. वैज्ञानिक सत्र में पटना के डॉ सुदीप, डॉ राजीव रंजन प्रसाद, कोलकाता की कैंसर विशेषज्ञ डॉ आभा कुमारी, डॉ हर्ष धर, जमशेदपुर के डॉ अमित कुमार, कोलकाता के प्लास्टिक सर्जन डॉ सब्यसाची बसु वक्ता होंगे. कार्यक्रम के दौरान ओरल कैंसर की नैदानिक चुनौतियों, रेडियोथेरेपी में प्रगति, हेड एवं नेक कैंसर की स्क्रीनिंग और प्रीकैंसरस कंडीशन्स पर विस्तृत चर्चा की जायेगी. इस मौके पर डॉ जौहर साजिद, डॉ अजय भारती, डॉ साकेत बिहारी शरण आदि उपस्थित थे.

## रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर, लौट रहे अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीज

**भागलपुर.** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मायागंज में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में मरीज अल्ट्रासाउंड जांच नहीं करा पा रहे हैं. पांच दिन पहले रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर चले गये हैं. ऐसे में ओपीडी के मरीजों को बिना जांच के वापस लौटना पड़ रहा है या निजी जांच घर में जेब ढीली करनी पड़ रही है. अस्पताल अधीक्षक डॉ अविलेश कुमार ने कहा कि इसी माह डीएनबी रेडियोलॉजिस्ट को बहाल किया जायेगा. इससे रेडियोलॉजिस्ट की कमी पूरी हो जायेगी. उन्होंने यह भी बताया कि जिस एजेंसी को जिम्मेदारी दी गयी है, बिना एग्रीमेंट के ही जांच कर रहा है. एजेंसी को जांच के काम से हटाकर अल्ट्रासाउंड जांच सेवा का संचालन अस्पताल प्रबंधन करेगा.

**JALAN INFRASTRUCTURE**
(Road & Highways Division)
**WALK-IN IINTERVIEW (In Ranchi & Patna)**
JALAN INFRASTRUCTURE, 2025 के उभरते इन्फ्रास्ट्रक्चर पुरस्कार और 2024 के विजेता NHAI, MORTH, PWD आदि के साथ सड़क और राजमार्ग निर्माण के लिए काम करने वाली कंपनी इस्टर्न इंडिया का सर्वश्रेष्ठ एम्प्लॉयर ब्रांड के पास उड़ीसा में कई पदों के लिए नियुक्ति चल रही है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Hot Mix Plant Engineer | 6. | Weighbridge & Data Entry Operator |
| 2. | Plant & Machinery Engineer | 7. | Structure Engineer |
| 3. | Auto Electrician | 8. | QA / QC Engineer / Lab Assistant (QC) |
| 4. | Driver-Tipper/ Camper/Tractor/ Grader Operator | 9. | Site Admin |
| 5. | Storekeeper/ Asst Store keeper | 10. | Site- Supervisor (Structure & Highway) |

स्थान : 1) रांची (झारखंड) - **होटल प्रिया पैलेस,** 48 सर्कुलर रोड, झारखंड ग्रामीण बैंक के विपरीत, रांची- 834001
दिनांक: 12 और 13 दिसंबर, 2025 को सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
2) पटना (बिहार) - **होटल पेटल्स इन** -विवेकानंद मार्ग, ए.एन कॉलेज के विपरीत, पटना - 800013
दिनांक: 14 और 15 दिसंबर, 2025 को सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
**Contact: 7978794346**
E-mail: hr@jalangroup.co.in, Website: www.jalangroupofindustries.com
सड़क निर्माण में समान पद पर न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक है।

**LALIT NARAYAN MITHILA UNIVERSITY**
Kameshwaranagar, Darbhanga
**EMPLOYMENT NOTICE**
Adv. No: 01/25
Applications are invited for teaching (Assistant Professor) and non-teaching staff on contractual basis for two-year B.Ed. Program running under self-finance scheme in different constituent units of the University. Eligibility, Reservations and other terms and conditions as per NCTE/State Government/University rules. Application should be made in the prescribed format.
For details please visit the **website www.lnmu.ac.in**
- By order of the Hon'ble Vice-Chancellor,
**Registrar**
L.N.M.U., Darbhanga

## बढ़ी कनकनी, अधिकतम तापमान में भी आने लगी गिरावट

**भागलपुर .** हर दिन ठंड व कनकनी बढ़ रही है. पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान में कमी नहीं आयी थी. शनिवार को कृषि विवि के मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में अधिकतम तापमान में कमी बतायी गयी. न्यूनतम तापमान में पिछले दो से तीन दिनों से कमी आ रही थी. शनिवार को भागलपुर व आसपास के क्षेत्र में अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस रहा.




मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.



# अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया




संवाददाता, भागलपुर

साहेबगंज में युवक की हत्या के घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी शुभांक मिश्रा और सिटी डीएसपी-2 अजय कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. फोरेंसिक टीम ने मौके से कई अहम साक्ष्य जुटाये हैं. पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाल रही है. हमलावरों की पहचान की जा रही है. वहीं इस घटना का मुख्य आरोपित शंकर महतो घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है. पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है. स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती भी की गयी है. स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपित जब उक्त युवक को मार रहा था तब जोर से चिल्ला रहा था. इस दौरान खून का फव्वारा निकलने लगा था. पुलिस के पहुंचने के बाद भी सड़क पर एक ही जगह पर काफी खून गिरा हुआ था. खून का फव्वारा देख स्थानीय लोग सहम गये थे. लेकिन किसी ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर बचाने का प्रयास नहीं किया.

# देश के लिए भागलपुर समेत नौ जिलों के 21 वीरों ने दी है शहादत

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस आज**

- अंग व सीमांचल की धरती ने देश को दिये हैं 20,000 से अधिक जवान
- सैनिकों की 2,000 विधवाए हैं
- 18,000 हैं भूतपूर्व सैनिक
- सैनिकों व उनकी विधवाओं और वीर नारियों के कल्याण का काम करता है नौ जिलों का मुख्यालय भागलपुर

उपमुख्य संवाददाता, भागलपुर

अंग और सीमांचल की धरती वीरों से भरी पड़ी है. देश की रक्षा में अपनी जान गंवा देनेवाले ऐसे वीर शहीदों और सैनिकों व उनकी विधवाओं को सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर सैल्यूट करने का दिन है. भागलपुर समेत बांका, कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, सुपौल व मधेपुरा में 21 वीर ऐसे हैं, जो देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गये. इन जिलों के तकरीबन दो हजार सैनिक अब इस दुनिया में नहीं हैं, जिनका कालांतर में सामान्य निधन हो चुका है.

वहीं 18 हजार एक्स सर्विसमैन हैं, जो या तो किसी अन्य संस्थाओं में सेवा दे रहे हैं या फिर सामान्य जीवन जी रहे हैं.



**1949 से मनाया जा रहा यह दिवस** : 1949 से सात दिसंबर को पूरे देश में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि शहीदों की विधवाओं और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जा सके. इस मौके पर देश के सम्मान की रक्षा के लिए देश की सीमाओं पर बहादुरी से दुश्मनों का मुकाबला करनेवालों और अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवालों को सम्मानित किया जाता है. सैनिक किसी भी देश की संपत्ति होते हैं. वे राष्ट्र के संरक्षक होते हैं. वे किसी भी कीमत पर नागरिकों की रक्षा करते हैं.

## सैंडिस कंपाउंड में होगा वीर नारियों का सम्मान

भागलपुर स्थित सैंडिस कंपाउंड मैदान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शौर्य सम्मान संवाद का आयोजन होगा. इसमें वीर नारियों (जिनके पति शहीद हो चुके हैं), विधवा (जिनके सैनिक पति का सामान्य निधन हो चुका है) और भूतपूर्व सैनिक शामिल होंगे. 200 से अधिक लोगों का जुटान होने की उम्मीद है. उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जायेगा. दरअसल भागलपुर समेत नौ जिलों के सैनिकों के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय भागलपुर में है, जहां से सैनिकों के कल्याण के लिए कार्य किया जाता है.

## भागलपुर में पहली बार यह आयोजन : कर्नल



सैंडिस कंपाउंड में 10 बजे कार्यक्रम शुरू होगा. इसमें वीर नारी, विधवाओं व पूर्व सैनिकों को शॉल भेंट कर जिलाधिकारी सम्मानित करेंगे. भागलपुर में ऐसा आयोजन पहली बार हो रहा है. आगे यह कोशिश होगी कि जिला स्तर पर आयोजन हो.

**-कर्नल संजय कुमार सिंह,** जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी

### बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को सौंपा गया दुरुस्तीकरण कार्य

# सीटीएस व ट्रैफिक डीएसपी आवास के सुरक्षा घेरा की होगी मरम्मत

- तीन से सात महीने में होने वाले कार्य के लिए 26 को चयनित की जायेगी कार्य एजेंसी

वरीय संवाददाता, भागलपुर

सीटीएस और ट्रैफिक डीएसपी आवास के साथ शहर के आधा दर्जन से अधिक थाना परिसरों का सुरक्षा घेरा (चहारदीवारी) कमजोर है. इसकी दुरुस्तीकरण योजना को मंजूरी दे दी गयी है. लंबे समय से दीवारों के ईंटों के जर्जर होने और ऊंचाई कम हो जाने के कारण परिसरों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे थे.

दुरुस्तीकरण का कार्य बिहार पुलिस निर्माण निगम के माध्यम से कराया जायेगा. पूरी योजना के लिए एजेंसी बहाल करने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है और चयन होते ही कार्य शुरू करा दिया जायेगा. निगम ने तीन से सात महीने के अंदर कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि पुलिस आवास और थाना परिसर सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत हो सके. इस पर करीब एक करोड़ 95 लाख 18 हजार 695 खर्च होंगे.




## पुलिस केंद्र के कमजोर महिला बैरक को भी किया जायेगा मजबूत

पुलिस केंद्र में अवस्थित 300 महिला सिपाही की क्षमता वाले बैरक की मरम्मत योजना भी मंजूर हुआ है. इस पर करीब 11 लाख 15 हजार 442 रुपये खर्च होंगे. वहीं, 48 एलएस आवास भी कमजोर पड़ गया है और इसकी भी चार ग्रुप में मरम्मत करायी जायेगी. हरेक ग्रुप पर करीब 11 लाख 15 हजार 621 रुपये खर्च किये जायेंगे. महिला बैरक व गोदावरी बैरक के सामने की सड़क की भी मरम्मत होगी.

**सीटीएस के मनोरंजन भवन का 13.87 लाख से होगा मरम्मत** : सीटीएस के मनोरंजन भवन को भी मरम्मत श्रेणी में शामिल किया गया है. 13 लाख 87 हजार 560 रुपये विद्युतीकरण सहित मरम्मत कार्य कराया जायेगा.

## जानें, कहां कितनी राशि होगी खर्च

1. सीटीएस का ग्राउंड नंबर-1 के पश्चिमी तरफ ध्वस्त 1250 फुट चहारदीवारी : 37 लाख 12 हजार 560 रुपये
2. सीएसटी में प्राचार्य आवास के पीछे चाहरदीवारी फिनिसिंग सहित मरम्मत : 27 लाख 85 हजार 629 रुपये
3. सीटीएस के प्रशासनिक भवन के चारों तरफ चहारदीवारी का विशेष मरम्मत कार्य : 27 लाख 88 हजार 47 रुपये.
4. सनोखर थाना के चहारदीवारी 6000 फीट का मरम्मत कार्य: 16 लाख 73 हजार 628 रुपये
5. सबौर थाना के चहारदीवारी मरम्मत के साथ ऊंचा करने का कार्य : 13 लाख 42 हजार 362 रुपये
6. अमडंडा ओपी की चहारदीवारी का जीर्णोद्धार कार्य : 11 लाख 748 रुपये
7. ट्रैफिक डीएसपी के आवास के चहारदीवारी का मरम्मत : 11 लाख 15 हजार 721 रुपये

## सीटीएस के शौर्य द्वार और अस्पताल भवन का भी होगी मरम्मत

सीटीएस का अस्पताल भवन की भी 18 लाख 43 हजार 74 रुपये से मरम्मत होगी. इसके साथ ही गेट नंबर-1 (शौर्य द्वार) और गेट नंबर-2 की मरम्मत पर 14 लाख 81 हजार 304 रुपये खर्च करने की योजना है.

## 26 दिसंबर को खुलेगी निविदा और चयनित होगी एजेंसी

पुलिस प्रशासन में सुरक्षा व सुविधा व्यवस्था के कार्यों के लिए निविदा जारी की गयी है. निविदा 26 दिसंबर को खोली जायेगी और एजेंसी का चयन किया जायेगा.

## ट्रक ड्राइवर की हत्या मामले में आरोपित खलासी चार दिन बाद गिरफ्तार

**भागलपुर.** सबौर थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर की हत्या मामले में पुलिस ने घटना में मुख्य आरोपित खलासी मो मुख्तार को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल 30 नवंबर को ट्रक ड्राइवर पिंटू राम का शव पुलिस ने बरामद किया था. मृतक पिंटू राम मधेपुरा का रहने वाला था. घटना के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुट गयी थी. वहीं पूरे मामले को लेकर सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि ट्रक ड्राइवर पिंटू राम की हत्या उसके ही खलासी मोहम्मद मुख्तार ने की थी. उन्होंने बताया कि स्मैक पीने को लेकर हुआ विवाद हुआ था. मो मुख्तार ने पिंटू राम से स्मैक के लिए पैसे मांगे. लेकिन पिंटू ने पैसे देने से मना कर दिया.

इसी बात पर दोनों के बीच बहस हुई. पहले से नशे की हालत में मुख्तार ने ट्रक में रखे लोहे के रॉड और सब्जी काटने वाले चाकू से पिंटू पर हमला कर दिया. उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था. पुलिस लगातार तकनीकी जांच व मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश करती रही. घटना के चार दिन बाद सबौर पुलिस ने खलासी मो मुख्तार को गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में एक नाबालिग लड़के को भी हिरासत में लिया गया है.

**लापता**



यह पलाश घोष (उम्र - 35 वर्ष), रंग - सांवला, हाईट - 5’8’’ मानसिक रूप से अस्वस्थ है. पता - बोरा बिशालक्ष्मीतल्ला, सिंगुर, जिला-हुगली का रहने वाला है। दिनांक 25.10.2025 (बक्सर, बिहार) से लापता है. किसी सज्जन को मिले तो कृपया सम्पर्क करें. उन्हें उचित इनाम दिया जायेगा।

**प्रवीर घोष**
8981918646, 7088281188

वोकल फोर लोकल
इंडियन हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट मेला
सम्पूर्ण भारत वर्ष के कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं सस्ते दरों पर खरीदारी करें।
यह मेला 28 नबम्बर से 18 दिसम्बर तक चलेगा
समय- सुबह 11:30 बजे से रात्रि- 9:00 बजे तक
पता- सैंडिस कम्पाउण्ड, भागलपुर
इस मेले में 20 राज्यों के कलाकार

- भागलपुरी सिल्क
- बनारसी सिल्क
- कश्मीरी पश्मीना शश्वल
- कश्मीरी ड्रायफ्रूट्स
- उत्तराखंड का उलन बांडी
- जयपुरी बेडशीट
- दिल्ली का कुर्ती
- राजस्थानी लहंगा
- राजस्थानी आचार
- हेल्थ मसाजियर
- लखनऊ का चिकन वर्क शुट
- भदोई का कार्पेट
- सहारनपुर का फर्नीचर
- पंजाबी शूट एवं जूती
- झारखंड का खादी
- बंगाल का जामदानी एवं कथा
- वर्क साड़ी
- दिल्ली का फैंसी कुर्ती
- फिरोजाबाद का चूड़ी
- कन्नौज का चंदन फेस पाउडर
- मुंबई का फैंसी चूड़ी

आयोजक- नारायण जन कल्याण संस्थान

प्रभात खबर क्लासिफाइड
जरूरत आपकी, माध्यम हमारा
वैवाहिक | आवश्यकता | जमीन-जायदाद | शैक्षणिक | खरीद-बिक्री | ट्यूशन | वाहन | व्यापार | किराये हेतु | हॉस्टल | नामांकन | टूर एंड ट्रैवल्स

वैवाहिक MATRIMONIAL

**BRIDE Wanted**

जमशेदपुर निवासी 63/5’8’’, बंगाली ब्राह्मण, बिपत्निक / विधुर, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हेतु निःसंतान झारखंड निवासी बंगाली जीवन साथी चाहिए. जाति बंधन नहीं. सम्पर्क - 9334633580
C-26088(RNC)

BOY DIVORCEE (20days) 36/6’ B.Tech (Ecs) 18LPA, IT MNC Kolkata Seeks Suitable Non-working Match of any caste. No Dowry - 9472952438 E-shweta11282@gmail.com
C-MAIL/5/12/25(RNC)

Bengali Bride wanted -BE / M.Tech, Working in MNC Pune, Kulin Kayastha. Dec 94/5’10 Narogon. Looking for suitable match. M.B. Excuse. M-9425822244, 9752157417.
C-18743(RNC)

34/5’6’’ हिन्दु मल्लाह (निषाद) बी.टेक अमृता इंस्टीच्यूट में कार्यरत लड़का पिता एस.बी.आई. से सेवानिवृत के लिए स्वजातीय ग्रेजुएट सुन्दर लड़की चाहिए. मो0- 8210600529, 9135148814
C-130(RNC)

बंगाली ब्राह्मण (सरकारी शिक्षक) उम्र 47 साल (तलाकशुदा) के लिए सुयोग्य लड़की चाहिए. कोई जातिबंधन नहीं. संपर्क करें Mob.- 7050626935.
C-18061(RNC)

**GROOM Wanted**

48 उम्र / गवर्नमेंट महिला हेतु वर चाहिए इच्छुक व्यक्ति संपर्क. मासिक : 70,400/- तलाकशुदा, घरजमाई, रिटायर्ड, बच्चेवाले बिजनेसमैन मान्य - 9589535164.
C-18654(RNC)

59/5’4’’/ B.Sc नर्सिंग / गवर्नमेंट हॉस्पिटल, हेड नर्स / सैलरी - 75,300 /- वर चाहिए. तलाकशुदा, विधुर / घरजमाई / रिटायर्ड, नौकरीपेशा, कारोबारी मान्य - 8112035117.
C-18655(RNC)

Bengali Bramhin Groom wanted for Teacher, Delhi - NCR, May 96/5’ 15 Lac B.Tech. Roots Ranchi Purulia W.B. M.- 9810506219, 9650992816.
C-18811(RNC)

कोलकाता के प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार (पूर्वज बिहार निवासी हलवाई - साउ) की एकमात्र पुत्री, 5’2’’, 24 वर्ष, सुंदरी, शिक्षिता (ऑनर्स ग्रेजुएट), कार्यरता (विज्ञापन एवं मार्केटिंग में पीजीडी) के लिए केवल कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों के 27-28 वर्ष सरकारी / प्रतिष्ठित गैर - सरकारी में कार्यरत, काबिल वर की आवश्यकता है। जाति बंधन नहीं। व्हाट्सऐप: 9830465019
C-ZA/12/2179/25-26(RNC)

40 वर्षीय, 5’2’’ तलाकशुदा मुस्लिम वधु के लिए मुस्लिम वर चाहिए. संपर्क : 8434426078 (रांची).
C-17479(RNC)

58-वर्ष/ 5’4’’ / MBBS/ गवर्नमेंट हॉस्पिटल, डॉक्टर / सैलरी-1,30,000/- वर चाहिए. तलाकशुदा, विधुर / घरजमाई / रिटायर्ड, नौकरीपेशा, कारोबारी मान्य - 7894819143, 8602374021.
C-18653(RNC)

प्रभात Matrimonial
वैवाहिक विज्ञापन
प्रत्येक रविवार
विस्तृत जानकारी के लिए प्रभात खबर कार्यालय व अपने नजदीकी वर्गीकृत संग्रह केंद्र पर संपर्क करें
फोन : 92629 91340

**शपथ पत्र AFFIDAVIT**

**AFFIDAVIT**

I, MD MUNEEB ANJUM, S/o MD MAHBOOB ALAM R/o Vill.- Mazar road salmari P.O & Via - Salmari Ps - Salmari, Dist.-Katihar Bihar, do hereby declare that My date of birth 01.01.1992 My Aadhar card No 4049 8545 2522, PAN-BJBPA 5044F, EPIC TYG2138063, Intermediate regd No 3312-R-0113/08, Birth certificate No B2020 10-02248-000013, But my name and father name mistake wrongly has been mentioned as MOHAMMAD MUNEEB ANJUM, s/o MOHAMMAD MEHBOOB ALAM, and my Date of birth wrongly 03.05.1987, in my passport No H6239831, in place of MD MUNEEB ANJUM, s/o MD MAHBOOB ALAM Date of Birth 01.01.1992, My real name is MD MUNEEB ANJUM, S/o MD MAHBOOB ALAM, Date of birth 01,01,1992 is correct.
Affidavit No. 24878/2025

**शपथ पत्र**

मैं, गीता कुमारी, आधार संख्या-4168 9653 3424 पति विशाल सोमन साकिन / मुहल्ला-हल्दी पट्टी गाँधी रोड धनबाद पो० व थाना धनसार जिला-धनबाद वर्तमान पिता उमा शंकर पाठक साकिन व पो.-अमारी थाना-खैरा जिला -जमुई, बिहार शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि चित्रांशु कुमार मेरा पुत्र हैं जिसका जन्मतिथि 07/03/2012 ई० है जिसके पिता का नाम विशाल सोमन हैं। भविष्य में मेरा पुत्र चित्रांशु सोमन के जाना व पहचाना जाएगा।
शपथ पत्र सं. 1540/दि.19.2.24

**शपथ पत्र**

मैं, नीलम देवी, पति-दीपक रजक, निवासी-इमामबारा लेन, चौरसिया समिति के पास, कुतुबगंज, पोस्ट - मिरजानहाट, थाना - बबरगंज (मोजाहिदपुर), अंचल - जगदीशपुर, जिला - भागलपुर, बिहार, पिन कोड-812005 शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के माता-पिता ने पूर्व में मेरे पति का नाम गिरधर रजक रखा था। मेरे पति का पूर्व में गिरधर रजक पिता- मेदी रजक, साकिन ग्राम-इटहरी, पोस्ट-इटहरी, थाना- मेहरमा, जिला - गोड्डा, झारखण्ड के नाम से आधार कार्ड बना था। जिसका आधार कार्ड नं0-8867 9474 7526 है। मेरे पति गिरधर रजक एवं दीपक रजक दोनों एक ही व्यक्ति हैं वे अब वर्तमान में दीपक रजक के नाम से जाने व पहचाने जाते हैं। दीपक रजक का आधार कार्ड नं0-8867 9474 7526 है।
शपथ पत्र सं.-13815/दि.4.12.25

**शपथ पत्र**

मैं, अर्पणा कुमारी उर्फ सवनम देवी, आधार सं.- 46582755 0503 पति -मनोज प्रसाद सिंह उर्फ मनोज सिंह साकिन- खगड़ा, थाना- परबत्ता, जिला- भागलपुर शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि यूको बैंक साहू परबत्ता में बचत बैंक खाता संख्या- 125101 10018194 है मैं अर्पणा कुमारी उर्फ सवनम देवी, पति मनोज प्रसाद सिंह उर्फ मनोज सिंह दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ अर्थात दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं स्वयं हूँ। शपथ पत्र सं. 7644 दिनांक 02.12.25

**आवश्यकता WANTED**

कोलकाता में तीन पहिया वाहन चलाने के लिए ड्राइवर चाहिए. रहने - खाने की व्यवस्था, इंसेंटिव के साथ मासिक वेतन. Call- 9830170999
C-3300(RNC)

Hiring Relationship Manager for field sales, 12th pass with 1 year + experience in insurance, Interested candidates can email their resume on cv@turtlemint.com
C-18606(RNC)

**सूचना**

पाठकों से यह अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों से संबंधित पैसे का लेन-देन या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ट्रांसफर करने से पहले स्वयं तथ्यों की जांच-परख कर लें. क्योंकि नौकरी, व्यापार मोबाईल टावर, मनोरंजन, लोन एवं फाईनेंस के नाम पर कुछ लोग धोखाधड़ी एवं ठगी का कारोबार चला रहे हैं, इसके लिए अखबार प्रबंधन जिम्मेवार नहीं होगा.

*विज्ञापन प्रबंधक*

**कोर्ट नोटिस**

व न्यायालय,
श्रीमान् मुनसिफ द्वितीय, भागलपुर
दिवानी वाद संख्या-88/2024
विजय कुमार मिश्रा.............................वादी
बनाम्
सुनील साह व अन्य.................... प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम् प्रतिवादीगण

1. मीना देवी पति स्व. चुनचुन साह, 2. रूपाली कुमारी, विभा कुमारी दोनों के पिता स्व. विपिन साह, 4. अनुराधा कुमारी, 5. अनुराग कुमार, 6. फुच्छो कुमारी तीनों के पिता स्व. विनोद साह, 7. पुतिया देवी, 8. सुमन देवी, दोनों के पिता स्व. पलकधारी साह, सभी स्थायी/पैतृक साकिनान- ग्राम-दीनदयालपुर, पोस्ट-कोरंडा, थाना- शाहकुंड, हाल निवास-गोसाईंदासपुर, पोस्ट- चम्पानगर, थाना-नाथनगर, जिला-भागलपुर।

इस गजट प्रकाशित नोटिस के मार्फत आप सभी को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त दीवानी वाद संख्या-88/2024 इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसमें वजरिये निबंधित डाक एवं नजारत के मार्फत इस कार्यालय से आप सभी प्रतिवादीगण को नोटिस निर्गतोंपरानत इस न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।

अतः आपलोगों को इस नोटिस के द्वारा सुचित किया जाता है कि आपलोगों को दिनांक 09.01.26 को 11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में उपरोक्त दिवानी वाद संख्या-88/2024 में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई/ कारवाई कर उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

यह गजट नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर आज दिनांक 2.12.25 को जारी किया गया। इसे अति आवश्यक समझे।

श्रीमान मुनसिफ द्वितीय, भागलपुर

# तिलकामांझी से नाथनगर तक चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, 7000 जुर्माना वसूला

- निगम और पुलिस प्रशासन ने दिखायी सख्ती, कहा-हर दिन चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान
- ललमटिया चौक के पास सड़क किनारे वर्षों से बसे कुछ लोगों को अपना झोपड़ी हटाने का दिया निर्देश

वरीय संवाददाता, भागलपुर

नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. तिलकामांझी हटिया रोड से शुरू होकर अभियान कचहरी चौक, पटल बाबू रोड, तिलकामांझी स्टेशन चौक होते हुए नाथनगर तक चला. मुख्य सड़कों और चौराहों पर अवैध कब्जों को हटाने के साथ दुकानदारों और फुटपाथ पर सामान सजाने वालों को कड़ी चेतावनी दी गयी. कार्रवाई के दौरान कुल 7000 रुपये का जुर्माना की वसूली की गयी. निगम के अतिक्रमण शाखा प्रभारी जय प्रकाश यादव ने बताया कि अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा और शहर को जाम व अव्यवस्था से मुक्त कराने के लिए हर दिन मॉनिटरिंग की जायेगी.



अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई में शामिल पुलिस व अन्य.

**ललमटिया चौक के पास झोपड़ी हटाने का निर्देश** : अभियान के दौरान ललमटिया चौक के नजदीक सड़क किनारे वर्षों से बसे लोगों को झोपड़ी हटाने का निर्देश दिया गया. अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सात दिनों के अंदर झोपड़ी खुद से नहीं हटायी गयी तो पुलिस बल की मौजूदगी में बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई की जायेगी. इस दौरान कई लोगों ने अस्थायी रूप से अपना सामान समेटना शुरू किया, वहीं कुछ ने समय की मांग की लेकिन प्रशासन ने नियमों से किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया.

अभियान के क्रम में नगर निगम की टीम ने अवैध तरीके से सड़क अतिक्रमण, फुटपाथ पर अवैध ढांचा और दुकानों के बाहर फैलाये गये सामान को हटाया. कई व्यापारियों को मौके पर ही बिना चालान के दुकान का क्षेत्र सीमित करने की चेतावनी दी गयी.

# जदयू सदस्यता अभियान की शुरुआत वरिष्ठ नेताओं ने लिया हिस्सा

वरीय संवाददाता, भागलपुर

बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड की ओर से 2025 से 2028 के लिए सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत पटना, बिहार प्रदेश जदयू मुख्यालय में हुई. इसमें भागलपुर के वरिष्ठ नेता शामिल हुए. भागलपुर जिला से कार्यकारी जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य सुड्डू साईं व जदयू नेता राकेश कुमार ओझा ने अपनी सदस्यता का वर्ष 2025 से 2028 के लिए पुनः नवीनीकरण करवाया. उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान का उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं बूथ स्तर तक मजबूत संरचना प्रदान करना है. इन सभी नेताओं ने प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह के हाथों से अपनी-अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया. प्रदेश जदयू नेतृत्व ने सदस्यता अभियान को संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया.कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक नये सदस्यों को जोड़ने की अपील की. भागलपुर से पहुंचे जदयू प्रतिनिधियों ने कहा कि बिहार में सुशासन और विकास की सोच को आगे बढ़ाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है.



सदस्यता का नवीकरण कराते भागलपुर के जदयू नेता.

## कार्यकारी अध्यक्ष को किया सम्मानित

**भागलपुर.** कर्पूरी सभागार पटना में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने शनिवार को भागलपुर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता को सम्मानित किया. इससे पहले समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने की. समारोह के दौरान प्रदेश नेतृत्व द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि संगठन की एकजुटता और अनुशासन ही जदयू की असली शक्ति है. भागलपुर जिले में हुए शानदार संगठनात्मक प्रदर्शन एवं मजबूत चुनावी परिणाम को देखते हुए भागलपुर जिला जदयू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के साथ संगठन प्रभारी प्रहलाद सरकार को भी सम्मानित किया गया.

## सिटी बाइट्स

### एटीएम में हाई स्कूल शिक्षक से 53 हजार की ठगी

**भागलपुर.** साइबर अपराधियों ने हाई स्कूल शिक्षक पंकज कुमार चौधरी के खाते से साइबर 53 हजार रुपये की ठगी की है. उक्त शिक्षक सोनबरसा के रहने वाले हैं. मामले को लेकर पीड़ित ने बरारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है.शिक्षक ने बताया कि वे तीन दिसंबर की शाम किसी काम से भागलपुर आए थे. पैसे की निकासी के लिए वे जीरो माइल स्थित एक एटीएम गए. इसी दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति, जो खुद को एटीएम गार्ड बता रहा था, किसी तरह उनका एटीएम पिन देख लिया. इसके बाद उनके खाते से बारी-बारी से 53 हजार रुपये की निकासी कर ली गई. मामले की जानकारी मिलने पर शिक्षक ने तुरंत बरारी थाना में शिकायत दर्ज कराई. बरारी पुलिस ने लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है.

### दहेज नहीं देने पर महिला से मारपीट

**भागलपुर.** दहेज के लिए मारपीट कर पुत्री को घर से निकालने पर बांका जिला के पुरानी खेसर गांव के रहने वाले रतन कुमार तिलकामांझी थाना में मामला दर्ज कराया है. पीड़ित ने बताया कि पुत्री की शादी होने के कुछ ही दिनों के बाद पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी. नहीं देने पर अक्सर पुत्री के साथ मारपीट की जाती थी. पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है.

### लापता युवती की बरामदगी के बाद पेशी

**भागलपुर.** बीते दिन रिंग सेरेमनी से पहले लापता युवती की बरामदगी के बाद हबीबपुर थाना की पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है. मामले को लेकर हबीबपुर थानेदार ने बताया कि परिजनों की तरफ से पुत्री के अपहरण को लेकर मामला दर्ज कराया गया था. पुलिस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए युवती को बरामद कर बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया है.

### कम्युनिस्ट नेता सिकंदर यादव के निधन पर शोक

**भागलपुर.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भागलपुर जिला परिषद की ओर से कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सिकंदर यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया गया. राज्य परिषद सदस्य सुधीर शर्मा ने कहा कि सिकंदर यादव का जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है. मणिराम सिंह गुरुजी के पूर्ण विश्वसनीय व्यक्ति थे. तमाम अंतर्विरोध के बाबजूद गुरुजी के निधन के बाद पार्टी नवगछिया कार्यालय को जीवंत बनाए रखने में उनके योगदान को हम भूल नहीं सकते हैं. जब मैं एआइएसएफ में काम करता था, तब वे पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य थे. उन्हीं दिनों से उनका स्नेह मेरे प्रति रहा और अंत समय तक बना रहा. मुझसे झगड़ते भी रहते थे, जिसे मैंने कभी अन्यथा नहीं लिया.

### फंदे से लटकी किशोरी की सात दिनों के बाद मौत

**भागलपुर.** मां के डांटने से नाराज एक नाबालिग किशोरी पंखे से लटक गयी थी. घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की है. मामले को लेकर मृतका के पिता ने बरारी पुलिस को यह बयान दिया है कि 29 नंवबर की सुबह किशोरी की मां ने उसे नाश्ता बनाने के लिए कहा. विलंब करने पर हल्की डांट लगायी. इस दौरान बच्ची ने अपने कमरे में जाकर पंखे से लटक गयी. मृतका की मां ने जब कमरे का दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अंदर से बंद था. खिड़की से देखने पर मालूम हुआ कि किशोरी पंखे से लटकी है. मामले को लेकर परिजनों ने बताया कि बच्ची को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. सात दिनों तक इलाज के बाद शनिवार को उसकी मौत हो गयी. पुलिस ने परिजनों का बयान लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### पूर्णिया सड़क हादसे में घायल युवक की भी मौत

**भागलपुर.** पुर्णिया जिले में बाइक से बारात जा रहे तीन दोस्तों की सड़क दुर्घटना मौत हो गयी. टक्कर के बाद दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी थी. तीसरे ने इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में दम तोड़ दिया. मृतक के परिजनों ने बरारी पुलिस कैंप में बयान दिया. इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया. मृतकों की सूची में पूर्णिया जिले के रुपौली निवासी जीतन मंडल का पुत्र राविन कुमार है. जीतन मंडल ने बयान दर्ज कराया है. 30 नवंबर को हादसा हुआ था. मेरा बेटा गांव के ही दो लड़कों के साथ बारात जा रहा था. तीनों एक ही बाइक से कावर कोठी जा रहा था.

## डॉ आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# वंचितों को बाबा साहेब ने दिलाया सम्मान

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

भाजपा की ओर से जवारीपुर स्थित विवाह भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनारायण महतो उपस्थित हुए. डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी . इस दौरान कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बाबा साहब को याद किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया.

शिवनारायण महतो ने कहा कि हम सबको यह समझना होगा कि जो भी सुविधाएं और सम्मान आज वंचित वर्गों को मिल रहा है. वह बाबा साहब की प्रेरणा का ही परिणाम है. मौके पर कार्यकर्ताओं से कहा कि स्नातक चुनाव में डॉ एनके यादव को फिर से विजयी बनाना है. इसके लिए सभी सदस्यों को वोटर बनाना होगा.

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने करोड़ों शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाया. हमें उनके विचारों और संविधान की मर्यादा को सर्वोच्च मानकर समाज में भाईचारे और समानता को आगे बढ़ाना चाहिए. भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर हरि ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र अपने संविधान के कारण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है. मंच संचालन महामंत्री योगेश पांडे व धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष दास ने किया. कार्यक्रम में पूर्व मेयर डॉ वीणा यादव सहित कई जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.



जवारीपुर स्थित वृंदावन विवाह भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य.

### भाकपा-माले ने डॉ आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**भागलपुर.** भाकपा–माले ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. भाकपा–माले व एक्टू के कार्यकर्ताओं ने यूनियन कार्यालय में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी नगर सचिव विष्णु कुमार मंडल ने की. भाकपा–माले के नगर प्रभारी व एक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता को क्षति पहुंचा कर माहौल को विषैला बनाया जा रहा है. भाकपा माले ने संविधान की रक्षा के लिए जारी जनसंघर्ष को ऊंचाई देने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में अमर कुमार, करण कुमार, ऐक्टू के संयुक्त जिला सचिव राजेश कुमार दास, अमित गुप्ता, बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन के चंचल पंडित, दिनेश कापरी, लूटन तांती, मो. रुस्तम, जयराम सिंह, असंगठित कामगार महासंघ के प्रमोद ठाकुर, दीपक कुमार, राजू साव, धनंजय कुमार, मो जसीम, सुबोध कुमार, सुमन कुमार, धीरेंद्र यादव, गोपाल दास आदि उपस्थित थे. वहीं स्वाभिमान की ओर से शिक्षण संस्थान में भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी. अध्यक्षता संस्था के संस्थापक जगतराम साह कर्णपुरी ने की. अजय शंकर प्रसाद, राजेश कुमार झा, प्रेम कुमार सिंह, रमन कुमार, चंदन प्रसाद, चंदन कुमार, राजीव रंजन, महेंद्र दास आदि उपस्थित थे.

## डॉ आंबेडकर का जीवन और दर्शन लोकतंत्र की आत्मा है

- विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस हुआ कार्यक्रम

**संवाददाता, भागलपुर**

टीएमबीयू सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शनिवार को डॉ भीमराव आंबेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की. पीजी आंबेडकर विचार एवं समाज कार्य विभाग में मुख्य वक्ता प्रो विलक्षण ने कहा कि डॉ आंबेडकर का जीवन और दर्शन हमारे लोकतंत्र की आत्मा है. उन्होंने समाज को जो बौद्धिक स्वतंत्रता, राजनीतिक समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया, वही आज भारत के पुनर्निर्माण का मूल सूत्र है. सेवानिवृत्त एसपी विष्णु रजक ने कहा कि आंबेडकर का जीवन कर्म और संकल्प का प्रतीक है. वेलफेयर हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ दीपक कुमार दिनकर ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के निर्माता, दलितों और शोषितों के मसीहा थे. मौके पर रामानंद पासवान, वीरेंद्र गौतम, ई अखिलेश पासवान, डॉ सतीश प्रसाद, डॉ विष्णु देव दास, पूर्व छात्र सहादत हसन, छात्रा नेहा यादव, डॉ कमल किशोर मंडल, डॉ उर्मिला कुमारी, डॉ किशोर कुमार चौधरी आदि मौजूद थे. पीजी राजनीति विज्ञान विभाग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी. बाबा साहेब की जीवनी और उनके कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ जगदीश प्रसाद ने की. मौके पर प्रो वेद ब्यास मुनि, डॉ राणा चंद्र भानु सिंह, डॉ रुचि श्री,




पीजी आंबेडकर विभाग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य.

विवेक कुमार हिंद आदि मौजूद थे. वहीं मारवाड़ी कॉलेज में एनएसएस व एनसीसी की ओर से कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ. मौके पर प्राचार्य प्रो संजय कुमार झा, डॉ संगीत कुमार, शिव सागर, आशीष, हृषिकेश, साक्षी, साकेत, निगम कुमार, शशिकांत कुमार, उत्तम कुमार, अनुज आनंद, सुजल कुमार, रोशन कुमार, मोनू कुमार आदि मौजूद थे. इधर, अभाविप के बैनर तले मारवाड़ी कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गयी. परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत आधार दिया. मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैप्पी आनंद, प्रदेश सह मंत्री कुणाल पांडेय, डॉ प्रभात रंजन, मुक्ता सिंह, आशीष कुमार यादव आदि मौजूद थे.

## विभाग में जिंदा हैं गांधी

# बस उनकी प्रतिमा मर रही है...

- पांच माह से फाइल धूल खा रही, दो महीने बाद पुण्यतिथि, हालात जस के तस

खास

**संजीव झा, भागलपुर**

**बिहार** के विश्वविद्यालयों में तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय इकलौता है, जहां गांधी विचार विषय पर पीजी स्तर की पढ़ाई होती है. विडंबना यह कि विभाग के प्रांगण में स्थापित गांधीजी की आदमकद प्रतिमा जर्जर हो चुकी है. प्रतिमा की छड़ें बाहर हैं, सीमेंट झड़ रहा है और पिछले तीन वर्षों से यह मरम्मत के सहारे खड़ी है. विभाग ने थककर नयी प्रतिमा लगाने का फैसला किया. पूर्व कुलपति प्रो जवाहरलाल के कहने पर एस्टिमेट के साथ प्रस्ताव दिया गया. फिर इंजीनियरिंग शाखा को एडवांस के लिए चार-पांच माह पूर्व लिखा गया. उस समय कुलपति प्रो जवाहरलाल थे. मूर्तिकार अनिल कुमार को दिखा कर प्रतिमा निर्माण की बात भी तय हुई. प्रस्ताव पास हुआ. 2.40 लाख रुपये की स्वीकृति मिली. मूर्तिकार तय, लेकिन पैसा? यह सवाल फाइलों में दफन है. पूर्व कुलपति के समय भेजी गयी एडवांस की फाइल पांच महीने से टेबल-दर-टेबल घूम रही है.



**जिम्मेदार मूकदर्शक :** दो महीने बाद नये वर्ष में 30 जनवरी को गांधीजी की पुण्यतिथि मनायी जायेगी. विश्वविद्यालय सज धज कर कार्यक्रम करेगा. गांधीजी की टूटी मूर्ति पर माला चढ़ेगी, पुष्पांजलि, सर्वधर्म सभा, भाषण होंगे, सत्य–अहिंसा की बातें होंगी. जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहेंगे.

### देश का पहला विभाग

टीएमबीयू में पीजी गांधी विचार विभाग की स्थापना दो अक्तूबर, 1980 को हुई थी. उस वक्त यह देश का इकलौता विभाग था, जहां गांधी विचार की पढ़ाई शुरू की गयी थी. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जब वर्ष 1964 में भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बने, तब उन्होंने गांधी विचारधारा पर यहां पाठ्यक्रम शुरू करने का विचार किया था.

### सब हो चुका है, बस फाइल अटकी है : विभागाध्यक्ष

विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह कहते हैं- "प्रतिमा की हालत चिंता का विषय है. प्रस्ताव पास है, तकनीकी स्वीकृति है, मूर्तिकार तैयार है. बस एडवांस जारी हो जाये, काम शुरू हो जाएगा."

### युवा, छात्र महिला मुक्ति मंच ने की बैठक

**भागलपुर.** युवा छात्र, महिला मुक्ति मंच की बैठक कचहरी परिसर में हुई. अध्यक्षता संयोजक आरडी मानवदूत ने की. उन्होंने बताया कि वोटर को स्थायी पेंशन की व्यवस्था हो. बेरोजगार लोग केवल पांच साल में वोट देने का अधिकार रखते हैं, लेकिन वोट पाकर बनने वाली सरकार उनके हित में कोई ध्यान नहीं देती. इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया. वोटरों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन मिले.

## बाबा साहेब आंबेडकर हैं आधुनिक भारत के निर्माता

**संवाददाता, भागलपुर**

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा-सेक्यूलर की ओर से भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम हुआ. अध्यक्षता हम के जिला अध्यक्ष सह अखिल भारतीय धोबी महा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक रजक ने की और कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता, सिंबल आफ नालेज, भारत के सभी नागरिकों सहित बहुजन समाज के लोगों को समता, स्वतंत्रता, भाईचारा और न्याय दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे. सभी महिलाओं को समान अधिकार, सामाजिक एवं जातिवादी व्यवस्था के खिलाफ वैचारिक क्रांति के महानायक, भारत रत्न, बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बी आर आंबेडकर का 70 वां परिनिर्वाण दिवस है. उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

### विद्यार्थियों ने निकाला कैंडल मार्च

**भागलपुर.** इंजीनियरिंग कॉलेज में डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. मौके पर विद्यार्थियों ने कैंपस में कैंडिल मार्च निकाला. वहीं, कार्यक्रम को संबोधि करते हुए प्राचार्य प्रो राजू एम तूगनायत ने डॉ आंबेडकर के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक आदि मौजूद थे.

## छात्र राजद के विवि अध्यक्ष सहित तीन कार्यकर्ता जेल से बाहर आये



छात्र नेताओं के जेल से बाहर आने के बाद स्वागत करते कार्यकर्ता.

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

छात्र राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष लालू यादव, उपाध्यक्ष आशीष राय व छात्र राजद के जिला प्रभारी प्रिंस कुमार शनिवार को जेल से बाहर आ गये. छात्र राजद के विवि प्रवक्ता ने कहा कि न्यायालय पर पूरा भरोसा था, लेकिन विवि प्रशासन की मनमानी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. विवि के अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं की बातों को दबाकर, बरगलाकर सरकारी पद का दुरुपयोग करके विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं बनने दिया जायेगा. कहा कि छात्र-छात्राओं की आवाज को दबाने वाले विवि प्रशासन के खिलाफ छात्र संगठनों का आंदोलन जारी रहेगा. कहा कि छात्र हितों को लेकर मजबूती से विवि में बात रखी जायेगी. बता दें कि दो दिन पहले एबीवीपी के कार्यकर्ता कुणाल पांडे व हैप्पी आनंद भी जेल से बाहर आये हैं. मालूम हो कि 25 अक्तूबर को एबीवीपी व छात्र राजद के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद उक्त छात्र नेता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

## मृ ड्रॉप्स के अत्याधुनिक प्लांट का हुआ शुभारंभ

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

सिलजोरी में दर्दमारा बॉर्डर स्थित मधु महेश इंटरप्राइजेज की ओर से मृ ड्रॉप्स के अत्याधुनिक प्लांट का उद्घाटन किया गया. इस प्लांट का उद्देश्य स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला मिनरल वाटर उपलब्ध कराना है. उद्घाटन मुख्य अतिथि मृदुला कुमारी, महेश कुमार चौधरी, शिवांगी चौधरी और मनीषा चौधरी ने किया. मुख्य अतिथि ने इस प्रतिष्ठान की स्थापना को क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय पहल बताया. कहा कि शुद्ध जल जीवन का आधार है और मृ ड्रॉप्स के खुलने से न केवल दर्दमारा और आसपास के लोगों को स्वच्छ और सेहतमंद पानी आसानी से उपलब्ध होगा, बल्कि यह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा.

कंपनी के निदेशक कुमार प्रियांशु ने बताया कि मृ ड्रॉप्स में उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है. यह प्लांट पूरी तरह से सरकारी नियमों के अनुरूप है और इसे एफएसएसएआइ से प्रमाणन प्राप्त है. संस्थान में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़े अंतरराष्ट्रीय मानक लागू किये गये हैं. जिनमें आइएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, आइएसओ 14001/2015 एनवायरनमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम और आइएसओ 22000/2018 फूड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं. शामिल अतिथि और निदेशक एचएससीपी कुमार प्रियांशु ने कहा कि उनका लक्ष्य उपभोक्ताओं को एक विश्वसनीय और किफायती उत्पाद देना है, जो हर कसौटी पर खरा उतरे. मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे. सेवानिवृत्त इंजीनियर संतोष कुमार, ई जय प्रकाश चौधरी, ई जय प्रकाश सिंह आदि का विशेष योगदान रहा.

## 250 से अधिक विद्यार्थियों को मिला नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श व दवा

- रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर की ओर से राय हरिमोहन ठाकुर हाइस्कूल, बरारी में हुआ मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर की ओर से शनिवार को राय हरिमोहन ठाकुर हाइस्कूल, बरारी में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 250 से अधिक विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी और निःशुल्क परामर्श दिया गया. इस दौरान जरूरी दवा भी दी गयी. शिविर में वरीय चिकित्सकों ने अपनी सेवा दी. चिकित्सा दल में डॉ डीपी सिंह, डॉ सौम्या गुप्ता, डॉ शंकर, डॉ अंजू अनुपमा, डॉ अंजना प्रकाश, डॉ संजय शर्मा, डॉ अमिताभ सिंह और डॉ अभिषेक सिन्हा शामिल थे. अध्यक्ष अनुपमा कुमार, मीडिया को-ऑर्डिनेटर डॉ मिथिलेश सिन्हा, पापिया कुमार, पूजा ठाकुर, रूप कुमार, कमल मोहन ठाकुर, सत्यजीत सहाय, नमिता, प्रेमेन्द्र मोहन ठाकुर व अरविंद तिवारी का विशेष योगदान रहा. जनरल फिजिशियन डॉ डीपी सिंह ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यकता अनुसार दवा दी. इस दौरान छात्राओं को कुपोषण व एनीमिया संबंधी जानकारी दी गयी. उसके बचाव का उपाय भी बताया. एमडीएस डॉ अभिषेक सिन्हा ने छात्रों के दंत स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया. उन्हें उचित दंत स्वच्छता बनाए रखने के लिए परामर्श दिया. डॉ शंकर ने स्कीन संबंधी बीमारी से बचाव की जानकारी दी. डॉ संजय शर्मा ने नेत्र जांच की.




रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल सदस्य.

### स्लीपर का बड़ा रैक पहुंचा, आज से स्टोन डस्ट बिछाया जायेगा



**भागलपुर.** भीखनपुर एक-दो व तीन नंबर गुमटी में संटिंग लाइन बिछाने के लिए स्लीपर का एक और बड़ी रैक वाली ट्रेन शनिवार को यहां पहुंची. रेलवे अधिकारियों द्वारा रेलवे की खाली करायी गयी जमीन पर उतारा गया. वहीं स्टोन डस्ट भी आ चुका है. संभवतः रविवार से स्टोन डस्ट बिछाने का काम शुरू कर दिया जायेगा. स्टोन डस्ट बिछाने के बाद इस पर स्लीपर बिछायी जायेगी. उसके बाद पटरी बिछाने का काम होगा.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली शाखा
प्रथम तल्ला स्टील हाउस, पुलिस चेक पोस्ट के नजदीक, बोरिंग रोड, पटना–800001
ईमेल: arb.patna@unionbankofindia.bank

अचल/चल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए मेगा ई–नीलामी (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)
सुरक्षा हित (प्रर्वतन) नियम 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6)/ नियम 9(1) के अंतर्गत
अचल सम्पत्ति की वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना (परिशिष्ट IV A)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल/अचल सम्पत्तियों के लिए नियम 6(2) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अचल/चल संपत्तियों के लिए नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) तथा जमानतदार (ओं) को सूचित किया जाता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया/प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/दृष्टिबंधक/गिरवी/प्रभारित नीचे उल्लिखित चल/अचल संपत्ति(याँ), जिनका **रचनात्मक/भौतिक कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** की नीचे निम्नलिखित शाखाओं के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सुरक्षित ऋणदाता के रूप में ले लिया गया है, को ऋणी (ओं)/ जमानतदार (ओं) से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय प्रासंगिक खाते के विरूद्व नीचे उल्लेखित रूपयों की वसूली के लिए **दिनांक 30.12.2025** को **"जहाँ है जैसा है" "जैसा है जो है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जाएगी।
आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी का विवरण उक्त सुरक्षित सम्पत्ति/यों के विरूद्ध उल्लेखित है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जायेगी। बिक्री की विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट यानी https://baanknet.com और www.unionbankofindia.co.in पर दिए गए लिंक को देखें।
नीचे उल्लिखित संपत्तियों को **ऑनलाइन ई–नीलामी वेबसाइट** https://baanknet.com और e-bkray ई–कॉमर्स वेबसाइट यानी support.baanknet.com @psballiance.com के माध्यम से बेचा जाएगा।

**नीलामी की तिथि एवं समय: 30 दिसम्बर, 2025 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक**
**बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: ई–नीलामी शुरू होने से पहले या उससे पहले**
**ईएमडी के भुगतान का तरीका– बोलीदाता को ईएमडी राशि अपने e-bkray वॉलेट में जमा करनी होगी।**

| क्रं. सं. | क. उधारकर्त्ता का नाम<br>ख. संपत्ति का विवरण<br>ग. मालिक/मालिको का नाम<br>घ. संपत्ति आईडी (e-bkray पोर्टल पर पहले से अपलोड गई संपत्ति के मामले में) | क. आरक्षित मूल्य रूपये में<br>ख. बयाना राशि जमा रूपये में | क. बोली का विस्तार एवं बोली वृद्धि राशि | बकाया ऋण<br>संपर्क व्यक्ति एवं नंबर | भार<br>कब्जा<br>रचनात्मक<br>भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **a. मेसर्स माँ विध्यावासिनी राईस मिल्स प्रा० लि०**<br>b. सभी सम्पत्तियो का वह भाग जिसमे फैक्ट्री की जमीन की मौजुदा संरचना जिसका क्षेत्रफल 60 डिसमल जिसका खाता नं0 281, 453, 395, खेसरा नं0 4573, 4574, 4575, 4576, 4577, थाना नं0 03, मौजा– अरई, थाना– दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद में अवस्थित है।<br>c. मेसर्स माँ विध्यावासिनी राईस मिल्स प्रा० लि०<br>d. UBINRANPTA0894 | a. Rs. 85,50,000.00<br>b. Rs. 8,55,000.00 | बोली वृद्वि, राशि के साथ 10 मिनट का विस्तार<br>रू 85,500.00 | रू0 3,97,55,305/– (रूपया तीन करोड़ सन्तानवे लाख पच्पन हजार तीन सौ पाँच मात्र) दिनांक 01.08.2017 के अनुसार अतिरिक्त ब्याज एवं लागत एवं व्यय सहित मांग नोटिस की तिथि के बाद भुगतान की गई राशि यदि कोई हो, को घटाकर<br>श्री अभय कुमार<br>7602696761 | Not Known to AO<br>Physical |
| 2. | **a. मेसर्स पल्लवी ड्रग एजेंसी प्रोपराईटर: श्रीमती लक्की कुमारी**<br>b. जमीन एवं भवन जिसका क्षेत्रफल 20 डिसमल जिसका मौजा–पताही रूप, थाना–सदर, जिसका खाता नं0 1027, खेसरा नं0 4405 का, थाना नं0 355 मुजफ्फरपुर, बिहार है। चौहद्दी: उत्तर: कृति नारायण ठाकुर, दक्षिण: श्रवण कुमार ठाकुर, पूर्व: सड़क, पश्चिम: वीणा देवी<br>c. श्री सतीश ठाकुर<br>d. UBINRANPTA7068 | a. Rs. 76,50,000.00<br>b. Rs. 7,65,000.00 | बोली वृद्वि, राशि के साथ 10 मिनट का विस्तार<br>रू 76,500.00 | रू0 1,46,83,787.98/– (रूपया एक करोड़ छियालीस लाख तेरासी हजार सात सौ सतासी एवं पैसे अन्ठानवे मात्र) दिनांक 16.01.2024 के अनुसार अतिरिक्त ब्याज एवं लागत एवं व्यय सहित मांग नोटिस की तिथि के बाद भुगतान की गई राशि यदि कोई हो, को घटाकर<br>श्री अभय कुमार<br>7602696761 | SA No. 9/2025 filed before Lt. DRT Patna<br>Constructive |
| 3. | **a. श्री मनोज कुमार एवं श्री सनोज कुमार**<br>b. जमीन एवं भवन जिसका मौजा–अफराबाद, राजपुत टोली, थाना–आलमगंज, जिला–पटना, क्षेत्रफल 10 धुर जो श्री मनोज कुमार के नाम है।<br>चौहद्दी: उत्तर: सरोज कुमार, दक्षिण: पीएमसी लेन, पूर्व: राम प्रवेश प्रसाद, पश्चिम: मीनू सिन्हा<br>c. श्री मनोज कुमार<br>d. UBINRANPTA6919 | a. Rs. 32,00,000.00<br>b. Rs. 3,20,000.00 | बोली वृद्वि, राशि के साथ 10 मिनट का विस्तार<br>रू 32,000.00 | रू0 16,47,551.51/– (रूपया सोलह लाख सैतालीस हजार पाँच सौ इक्यावन एवं पैसे इक्यावन मात्र) दिनांक 24.10.2023 के अनुसार अतिरिक्त ब्याज एवं लागत एवं व्यय सहित मांग नोटिस की तिथि के बाद भुगतान की गई राशि यदि कोई हो, को घटाकर<br>श्री अभय कुमार<br>7602696761 | Not Known to AO<br>Constructive |
| 4. | **a. मेसर्स बुन्नी फैशन प्रोपराईटर– श्री अमित कुमार**<br>b. सभी सम्पत्तियों का वह भाग जिसमे जमीन एवं भवन जिसका मौजा–पताही रूप, वार्ड/तालुका–मुरादपुर दुल्लाह, मुजफ्फरपुर, बिहार जिसका खाता नं0 1027, खेसरा नं0 4352, क्षेत्रफल 22 डिसमल चौहद्दी: उत्तर: सुमंगल ठाकुर, दक्षिण: श्रवण कुमार ठाकुर, पूर्व: पारस ठाकुर, पश्चिम: पक्की सड़क<br>c. श्री सतीश कुमार ठाकुर पिता स्व० सियाराम ठाकुर<br>d. UBINRANPTA7166 | a. Rs. 90,00,000.00<br>b. Rs. 9,00,000.00 | बोली वृद्वि, राशि के साथ 10 मिनट का विस्तार<br>रू 90,000.00 | रू 1,78,98,088.14 (रूपये एक करोड़ अठत्तर लाख अन्ठानवे हजार अठासी एवं पैसे चौदह मात्र) दिनांक 29.02.2024 के अनुसार अतिरिक्त ब्याज एवं लागत एवं व्यय सहित मांग नोटिस की तिथि के बाद भुगतान की गई राशि यदि कोई हो, को घटाकर<br>श्री अभय कुमार<br>7602696761 | SA No. 96/2024 filed before Lt. DRT Patna<br>Constructive |

*सरकारी नियमों के अनुसार जीएसटी लागू होगा।
*सरकारी नियमों के अनुसार टीडीएस लागू होगा।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ई–नीलामी वेबसाइट के लिए दिए गए लिंक यानी www.unionbankofindia.co.in/view-auction-property.aspx को देखें और ई–बिक्रे पोर्टल वेबसाइट https://baanknet.com पर भी जाएँ। सभी बोलीदाताओं को पोर्टल के माध्यम से ई–नीलामी में भागीदारी और पंजीकरण के लिए अनिवार्य रूप से केवाईसी मानदंडों का अनुपालन करना चाहिए। किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कृपया ई–बिक्रे हेल्पडेस्क 8291220220 पर कॉल करें और ईमेल आईडी– support.baanknet.com@psballiance.com संचालन/पंजीकरण स्थिति https://baanknet.com वित्त/ईएमडी स्थिति https://baanknet.com. ई–बिक्रे पोर्टल से संबंधित समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर '8291220220' हैं।

दिनांक: 06.12.2025
स्थान: पटना
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## सिटी बाइट्स



### महिला क्रिकेट टीम का प्रतिदिन चल रहा अभ्यास

**भागलपुर.** इंटर कॉलेज महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीएनबी कॉलेज की टीम तैयार की गयी है. शनिवार को कॉलेज प्रशासन के अधिकारियों ने टीम का जायजा लिया. पीटीआई डॉ उमेश कुमार के निर्देशन में महिला टीम तैयार किया गया है. क्रिकेट टीम का अभ्यास प्रतिदिन डॉ नीतू कुमारी व डॉ प्रज्ञा राय की देखरेख की जा रही है. वहीं, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ दीपो महतो ने कहा कि कॉलेज की महिला टीम दो सत्र में कॉलेज के स्टेडियम में अभ्यास कर रही हैं. मौके पर डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ एस खालिक, डॉ श्वेता पाठक, डॉ पुष्प कुमार राय, डॉ अजीत कुमार, डॉ चंदन कुमार, डॉ नीतू कुमारी, प्रज्ञा राय आदि मौजूद थे.

### प्रांतीय टीम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**भागलपुर.** विद्या भारती दक्षिण बिहार प्रांत के टीम ने शनिवार को श्री रामेश्वर लाल नोपानी सरस्वती विद्या मंदिर परबत्ती का निरीक्षण किया. टीम का नेतृत्व भागलपुर के जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने किया. टीम में संकुल आनंदराम ढांढनिया सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार सिंह द्वारा किया गया. निरीक्षण टीम ने कक्षा का जांचोंपरांत शिक्षकों के शिक्षण शैली, विद्यार्थियों की दक्षता कॉपियों की जांच प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, शौचालय की स्वच्छता एवं विद्यालय की समग्र व्यवस्था का अवलोकन किया.

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस होगी उपलब्ध

**भागलपुर.** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने सरकार की परिभ्रमण योजना अंतर्गत बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण हेतु बसों के उपयोग को मंजूरी दी है. निगम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर व बांका को निर्देश दिया है कि सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को भ्रमण के लिए बस सुविधा उपलब्ध करायी जाए. भागलपुर क्षेत्र में विभिन्न सीट क्षमता वाली चार श्रेणी की बसें उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग निर्धारित किराया व सीटों के अनुसार किया जा सकेगा. 32 से 42 सीट तक की बसों का प्रतिदिन शुल्क 7700 से 17500 रुपये तय है.

### शबाना दाऊद ने मुस्लिम हाई स्कूल का किया निरीक्षण



**भागगलपुर.** बिहार राज्य उर्दू सलाहकार समिति, मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार सदस्य सह वरिष्ठ जदयू नेत्री शबाना दाऊद ने शनिवार को मुस्लिम हाई स्कूल का निरीक्षण किया. इस दौरान स्कूल के शिक्षकों से शिष्टाचार मुलाकात की. उर्दू की तरक्की एवं उर्दू विकास के मामले पर चर्चा की. द्वितीय भाषा उर्दू को किस तरह मजबूती मिले पर चर्चा की गयी. शिक्षक नसर आलम उर्फ रूमी ने बच्चों को उर्दू से संबंधित कंप्यूटर टाइपिंग एवं उर्दू में कंप्यूटर तालीम देने की बात कही. उप प्राचार्य शाहबाज आलम ने बच्चों के बीच उर्दू गजल, नज्म एवं उर्दू शायरी प्रतियोगिता कराने की बात कही. शिक्षक मो इफ़्तेखार ने उर्दू की तरक्की के लिए अपने बच्चों को घर में भी दिनी तालीम एबं तिलावते क़ुरआन पढ़ाने की बात कही.

### टीएनबी कॉलेज के हॉस्टल का किया निरीक्षण

**भागलपुर.** टीएमबीयू के एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन होना है. इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. क्षेत्रीय निदेशालय तैयारी की मॉनिटरिंग कर रही है. सौ पुरुष और सौ महिला स्वयंसेवकों के आवासन के लिए शनिवार को टीएनबी कॉलेज स्थित नवनिर्मित अल्पसंख्यक हॉस्टल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान प्राचार्य डॉ दीपो महतो, टीएमबीयू के एनएसएस समन्वयक डॉ राहुल कुमार, डॉ चंदन कुमार मौजूद थे. शिविर 24 फरवरी से एक मार्च के बीच होने की संभावना है.

### कक्षा 11वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा 15 से

**भागलपुर.** जिले के सरकारी उच्च विद्यालय व इंटर स्तरीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा 15 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जायेगी. जबकि कक्षा नौवीं की त्रैमासिक परीक्षा 18 से 20 दिसंबर तक होगी. जिला शिक्षा कार्यालय ने परीक्षा से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. नवस्थापित जिला स्कूल के प्राचार्य डॉ शरतचंद्र पांडेय ने बताया कि पटना मुख्यालय से परीक्षा की कॉपी व क्वेश्चन पेपर उपलब्ध कराये जा रहे हैं. दूसरी तरफ उत्क्रमित उच्च विद्यालय कंझिया के शिक्षक प्रेमशंकर ने बताया कि परीक्षा में सभी छात्र व छात्राओं की उपस्थिति को अनिवार्य बताया है.

### फर्जी प्रमाणपत्र से नौकरी पाने वाले पर होगी कार्रवाई

**भागलपुर.** शिक्षा विभाग ने आदेश दिया कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर बहाल शिक्षकों पर कार्रवाई की जायेगी. कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यता के संदर्भ में संदिग्ध पाई जायेगी, उनकी सेवा समाप्त होगी. इस बाबत बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से टीआर वन, टू व तृतीय श्रेणी में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षकों के प्रमाणपत्रों की जांच अनिवार्य किया है. बताया जा रहा है कि निर्देश में स्पष्ट है कि सभी शिक्षकों के शैक्षणिक, प्रशिक्षण तथा अनुभव संबंधित दस्तावेजों की जांच एक माह के अंदर की जायेगी. इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश देते हुए विभाग ने कहा कि दस्तावेज सत्यापन में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित शिक्षक पर नियमानुसार कार्रवाई करे. डीईओ ने बताया कि निर्देश के अनुरूप जल्द जांच की प्रक्रिया शुरू होगी.

### प्राचीन विभाग के छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया



**भागलपुर.** टीएमबीयू के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति व पुरातत्व विभाग में शनिवार को पीजी सेमेस्टर वन व सेमेस्टर तीन के छात्र-छात्राओं ने कैंपस की खुद से साफ-सफाई की. विद्यार्थियों के श्रमदान को देखते हुए विभाग के शिक्षकों ने सराहते हुए हाथ बंटाया. विद्यार्थियों का कहना था कि विभाग उनका है. दो साल उन्हें पढ़ाई करनी है. कैंपस की साफ-सफाई के साथ माहौल अच्छा नहीं रहने पर नकारात्मक उर्जा का प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में विभाग के विद्यार्थी अपनी स्वेच्छा से सफाई कर रहे हैं. इसमें किसी तरह का विभाग की तरफ से दबाव नहीं है. विद्यार्थियों ने कहा कि विवि प्रशासन को कई बार जीर्णोद्धार के लिए विभाग के स्तर से पत्र लिखा गया था, लेकिन इस दिशा में कोई काम नहीं किया गया. वर्तमान में भी छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधा को लेकर परेशानी होती है. इस बाबत विभाग के छात्र-छात्राओं ने निर्णय लिया कि विभाग के कैंपस की सफाई की जाये. विभाग के हेड प्रो अमरकांत सिंह ने कहा कि विभाग को जीर्णोद्धार की जरूरत है. विभाग के पूर्व के अध्यक्ष ने विवि प्रशासन को पत्र लिखा था. अब वे भी मामले में पत्र लिख रहे हैं.

### चालक सिपाही भर्ती परीक्षा में 11445 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**भागलपुर.** केंद्रीय चयन पर्षद पटना के बैनर तले बिहार पुलिस व बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की वाहिनियों में चालक सिपाही पद पर चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 10 दिसंबर आयोजित की जायेगी. शहर में 27 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. परीक्षा में 11445 परीक्षार्थी शामिल होंगे. जिला शिक्षा कार्यालय के परीक्षा प्रभाग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 बजे से दो बजे तक परीक्षा होगी.

## टीएमबीयू में हुई सिंडिकेट की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों ने जतायी सहमति

# अतिथि शिक्षकों को होगा सशर्त भुगतान

- सिंडिकेट की बैठक में 40 एजेंडों पर हुई चर्चा, कुछ सदस्यों ने कई मुद्दों पर जतायी असहमति

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

टीएमबीयू में शनिवार को करीब सात माह बाद प्रभारी कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा की अध्यक्षता में सिंडिकेट की पहली बैठक हुई. इस दौरान 40 एजेंडों पर चर्चा की गयी. इसमें पूर्व कुलपति प्रो जवाहर लाल के कार्यकाल में बहाल 70 से अधिक अतिथि शिक्षकों को आठ माह का मानदेय भुगतान सशर्त किया जायेगा. इसे लेकर सदन ने मुहर लगा दी है. सरकार से राशि आने के बाद ही भुगतान किया जायेगा. अप्रैल में सिंडिकेट का चुनाव हुआ था. सदस्यों का कहना था कि अतिथि शिक्षक बहाली में धांधली के आरोप की राजभवन, सरकार, कोर्ट व निगरानी विभाग में जांच चल रही है. वहां से निर्णय आने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाये. वहीं सुरक्षा एजेंसी सामंता सिक्योरिटी के 9.8 करोड़ के बकाया भुगतान नहीं करने का सदन में निर्णय लिया गया.

**काम के बदले मिला चाहिए पैसा :** बैठक में गेस्ट फैकल्टी के भुगतान का मामला रखा गया, जिसमें सदस्यों की राय अलग-अलग थी. एक सदस्य ने नियुक्ति में धांधली होने की बात कहकर भुगतान नहीं करने का पक्ष रखा. दूसरे सदस्य एमएलसी डॉ संजीव सिंह ने काम के बदले भुगतान का तर्क दिया. इस बाबत प्रभारी कुलपति ने भुगतान पर सहमति दी. कुछ सदस्यों ने मामले में अपनी असहमति आधिकारिक रूप से दर्ज कराने की बात कही, लेकिन मानवता के आधार पर उन्हें ऐसा नहीं करने का आग्रह किया गया.

**कोर्ट से होगा फैसाल :** सदन में सुरक्षा एजेंसी के बकाया भुगतान का मुद्दा उठा. भुगतान पिछली बार भी सिंडिकेट ने रोका था. सदस्य डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा ने कहा कि पिछली सिंडिकेट में भी सदन ने सहमति नहीं दी थी. एजेंसी ने कोर्ट में केस किया है. इस बाबत सदन ने एजेंसी के बकाया भुगतान को लेकर कोर्ट जाने की बात कही. साथ ही कमेटी गठित की गयी है, जो एजेंसी से जुड़े तमाम दस्तावेजों की जांच करेगी.

**वरीयता का नहीं मिलेगा लाभ :** सदन में पीजी सांख्यिकी विभाग के शिक्षक प्रत्याशा त्रिपाठी की सेवा सुरक्षा पर निर्णय लिया गया कि उन्हें वरीयता का लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन पे प्रोटेक्शन दिया जायेगा. सदन ने पूरे मामले में फिलहाल स्थगित कर दी है.

**प्राचार्य पद से हटाने की उठी मांग :** सिंडिकेट सदस्य डॉ शैलेश्वर प्रसाद ने सदन में एक प्राचार्य के प्रमोशन के मामले को रखा. बताया गया कि एसोसिएट प्रोफेसर का पदनाम वापस लिया गया है. इसी के आधार पर प्राचार्य पद पर नियुक्ति हुए डॉ अवधेश रजक के मामले में विवि ने कहा कि उनकी नियुक्ति आयोग ने की है. ऐसे में आयोग ही उनके प्राचार्य पद पर निर्णय करेगा. सदस्यों ने उनका वित्तीय अधिकार रोकने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मान लिया. शेष प्राचार्यों के लियन (विशेष अवकाश) का पास किया गया. जबकि एकेयू के रजिस्ट्रार नियुक्त हुए टीएमबीयू के शिक्षक डॉ निरंजन यादव का लियन सशर्त पास किया गया. सदन में टीएमबीयू से बीसीई गये व विवि सेवा आयोग से टीएमबीयू में प्राचार्य बने डॉ दीपो महतो के लियन के प्रस्ताव पर सिंडिकेट ने कहा कि वे पहले बीसीई का लियन वापस लें.

## सुरक्षा एजेंसी सामंता सिक्योरिटी के बकाया भुगतान को लेकर टीएमबीयू जायेगा कोर्ट



विवि के सिंडिकेट सभागार में आयोजित बैठक में सिंडिकेट सदस्य, प्रभारी कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा व अन्य.

### अनुकंपा पर बहाल सात कर्मचारियों को 11 माह से नहीं मिला है वेतन

**भागलपुर.** टीएमबीयू और शिक्षा विभाग के कागजी खींचतान में विवि के सात कर्मियों का परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा हैं. दरअसल, टीएमबीयू में अनुकंपा पर बहाल हुए गौरव कुमार, विवेकानंद शुभम, रौशन कुमार सिंह, राजकुमार मुखिया, मिल्की उपाध्याय, नवीन कुमार निकुंज, भुवन भास्कर एवं सिपिन कुमार की नियुक्ति नियम के तहत की गयी है. विभिन्न पीजी विभाग व कॉलेजों में 11 माह से सेवा दे रहे हैं, लेकिन अब तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है. इस बाबत कर्मचारियों ने सिंडिकेट बैठक में सदस्यों को अपनी परेशानी से अवगत कराया है. साथ ही उनसे अनुरोध किया कि मामले में सिंडिकेट की बैठक में विचार करे. शिक्षा विभाग से समन्वयक कर उनका वेतन जारी कराये.

### अतिथि शिक्षकों ने सिंडिकेट सदस्यों को सौंपा ज्ञापन

**भागलपुर.** टीएमबीयू में अप्रैल में बहाल हुए 70 अतिथि शिक्षकों को मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने पर आर्थिक संकट से जूझना पड़ा रहा है. इस बाबत अतिथि शिक्षक विवि अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं. इस बाबत शनिवार को सिंडिकेट बैठक के पूर्व सदस्यों को अपनी मांगों को लेकर सिंडिकेट सदस्य डॉ संजीव सिंह सहित अन्य सदस्यों को ज्ञापन सौंपा. सदन में मानदेय भुगतान के मुद्दा उठाने के लिए अनुरोध किया. कहा कि समय से भुगतान नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## शिक्षकों के रिजर्व रखे 20 फीसदी पद सरकार से मांगी जायेगी

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

सिंडिकेट ने कक्षा संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. विवि शिक्षा विभाग से छात्र अनुपात में शिक्षकों के रिजर्व रखे गये 20 फीसदी पद सरकार से मांगी जायेगी. यह पद विभाग ने 2010-11 में डिग्री कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई खत्म करने के नाम पर सरेंडर कराया था. इसे लेकर लगातार मांग उठ रही थी. सदन में सभी योग्य शिक्षकों को प्रमोशन देने पर सहमति दी. जिन्हें पूर्व में प्रोन्नति नहीं मिली थी. कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने पर सहमति बनी. कॉलेजों के संविदा कर्मचारियों की सेवा नवीनीकरण पर मुहर लगा दी है. उनके मानदेय में वृद्धि पर कहा गया कि राजभवन से अनुमति मिल गयी है. पद रहते हुए रिक्ति नहीं बताकर हटाये गये मैकेनिकल इंजीनियर मुरारी मिलनारुण के मामले में प्रभारी कुलपति ने कहा कि दस्तावेज देखकर आगे की प्रक्रिया की जायेगी. वहीं, लोअर डिवीजनल क्लर्क जिनकी सेवा आठ साल हो चुकी है. उन्हें अपर डिवीजनल क्लर्क में प्रमोट किया जायेगा. साथ ही अनुकंपा पर बहाल सात कर्मचारियों के बकाया भुगतान पर भी सहमित बनी है.

### स्टेडियम विवाद को लेकर कमेटी का किया गठन

विवि स्टेडियम के नाम से जाने जा रहे स्टेडियम के विवाद के निष्पादन को लेकर सदन ने कमेटी गठित कर दी है. कमेटी इससे जुड़ी दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट विवि प्रशासन को सौंपेगी. मारवाड़ी पाठशाला समिति, वित्त कमेटी व कॉलेज ने स्टेडियम पर मालिकाना हक का दावा किया है.

### डॉ गंगा को किया सम्मानित

सदस्य डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा को प्रभारी कुलपति ने सम्मानित किया. प्रभारी कुलपति ने सदन को बताया कि डॉ गंगा के सहयोग के कारण विवि को 22 बीघा जमीन वापस मिला. साथ ही विवि कैंपस स्थित बैंक से किराया बढ़ाने में भी सहयोग रहा. इसके अलावा उन्होंने सिंडिकेट चुनाव से जीत कर आये नये सदस्यों को भी सम्मानित किया.

### सिंडिकेट की बैठक नहीं होना दुखद

प्रभारी कुलपति ने कहा कि सिंडिकेट की बैठक कई माह से नहीं होना दुखद है. बैठक हर माह होनी है. दरअसल, जब सदन में कार्रवाई शुरू हुई, तो सदस्यों ने कहा कि उनकी पहली बैठक है. जीत कर आने से सात माह हो गया. सिंडिकेट की बैठक नहीं बुलायी गयी थी.



विवि के सिंडिकेट सभागार की जर्जर छत के नीचे बैठक करते वीसी प्रो विमलेंदु शेखर झा.

### परीक्षा विभाग में भ्रष्ट आचरण के कर्मचारी नहीं हैं : रजिस्ट्रार

सदन में परीक्षा विभाग का भी मुद्दा उठाया गया. रजिस्ट्रार ने परीक्षा विभाग में गड़बड़ी को लेकर दो छात्र संगठनों के बीच हुई मारपीट मामले में सदन को बताया. साथ ही अबतक की गयी कार्रवाई के बारे में बताया. जब प्रभारी कुलपति ने रजिस्ट्रार से पूछा की परीक्षा विभाग में कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, वह लोग भ्रष्टाचारी नहीं है ना. रजिस्ट्रार ने कहा कि कर्मचारी बेदाग हैं. दूसरी तरफ एक सदस्य ने कहा कि कर्मचारी अगर भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाते हैं, तो कार्रवाई की जाती है.

### सदन से विवि के 11 अरब घाटे का बजट पारित

सिंडिकेट हॉल में बैठक की शुरुआत कुलगीत से व जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ. करीब सवा चार घंटे चली सिंडिकेट की मैराथन बैठक में सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी. बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-2027 का विवि का 11 अरब घाटे का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया. बैठक में एकेडमिक काउंसिल, वित्त समिति, न्यू टीचिंग प्रोग्राम एंड एफिलिएशन कमेटी के निर्णय की संपुष्टि की गयी. विवि हेल्थ सेंटर के पास पीजी बॉयज हॉस्टल मार्ग में बारिश के समय में जलजमाव की समस्या के समाधान को लेकर डीएम द्वारा मांगी गई जमीन मामले में निर्णय लिया की राज्यपाल सचिवालय पटना को पत्राचार किया जायेगाबैठक में सदस्य व एमएलसी डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ मृत्युंजय सिंह गंगा, डॉ शैलेश प्रसाद सिंह, डॉ शम्भू दयाल खेतान, डॉ रूबी कुमारी, डॉ महावेद मंडल, डॉ मुशिफक आलम, डॉ शैलेश्वर प्रसाद सहित वित्तीय परामर्शी, डीएसडब्ल्यू प्रो अर्चना साह थे.



## टीएमबीयू स्टेडियम का स्वामित्व कॉलेज को पुनर्बहाल किया जाये

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

मारवाड़ी कॉलेज प्रशासन ने टीएमबीयू स्टेडियम के स्वामित्व कॉलेज को पुनर्बहाल करने की मांग को लेकर विवि प्रशासन को पत्र लिखा है. प्राचार्य प्रो संजय कुमार झा ने विवि के रजिस्ट्रार प्रो रामाशीष पूर्वे व डीएसडब्ल्यू प्रो अर्चना साह को दिये पत्र में कहा कि विवि के पास आउटडोर है, वह मारवाड़ी कॉलेज के नाम पर लीज है. ऐसे में विवि के पास स्वामित्व होने की वजह से मारवाड़ी स्टेडियम में किसी तरह निर्माण या खेल प्रतियोगिता व रखरखाव में बाधा आ रहा है. कॉलेज प्रशासन ने पत्र के हवाले से स्टेडियम को लेकर वित्तीय कमेटी की मांग के बारे में विवि को अवगत कराया है. साथ ही कहा कि वित्तीय कमेटी ने कॉलेज प्रशासन को भी मामले में सारा दस्तावेज उपलब्ध कराया है. प्राचार्य ने पत्र में कहा कि दस्तावेज मिलने के बाद ही विवि को पत्र भेजा गया है. मामले को लेकर कमेटी की तरफ से लोक भवन और विवि प्रशासन को भी पत्र भेजा है. मामले में विवि की तरफ से किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया है. कहा कि कॉलेज का स्टेडियम जर्जर स्थिति में है. खिलाड़ियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कॉलेज से योजना बनायी गयी है, जबतक स्वामित्व विवि के पास है. ऐसे में कोई कार्य शुरू नहीं कराया जा सकता है.

### वेतन समस्या के निष्पादन को लेकर आठ से लगेगा कैंप

**भागलपुर.** मुख्यालय स्तर से शिक्षकों के वेतन से जुड़ी समस्या का निराकरण करने का निर्देश जारी किया गया है. इस बाबत जिला शिक्षा विभाग ने इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है. जिला शिक्षा विभाग द्वारा कैंप मोड में ऑन स्पॉट शिक्षकों की समस्या का निष्पादन किया जायेगा. इसकी शुरुआत आठ दिसंबर से होगी. उस दिन दोपहर 12:00 बजे से जिले भर के ऐसे नवनियुक्त प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक जिनके वेतन भुगतान को लेकर किसी भी तरह की समस्या है. कैंप में जाकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी किया है. जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यह पहल की गयी है.

## भागलपुर की मेजबानी में राज्य स्तरीय बालक बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

- नौ प्रमंडल के अंडर-14, 17 व 19 बालक टीम लेगी भाग

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**



भागलपुर की मेजबानी में राज्य स्तरीय बैडमिंटन बालक अंडर-14, 17 व 19 प्रतियोगिता रविवार से आयोजित की जायेगी, जो 10 दिसंबर तक चलेगा. मैच सैंडिस कंपाउंड स्थित इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में खेला जायेगा. जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. नौ प्रमंडल की टीम भाग लेगी. मैच सुबह आठ से शाम सात बजे तक नॉकआउट के आधार पर खेला जायेगा. बताया कि प्रतियोगिता में तीनों वर्ग से चार-चार खिलाड़ी सहित 12 खिलाड़ी एवं तीन टीम प्रभारी भाग लेंगे. प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता के पूर्व सभी जिलों में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी का चयनित प्रमंडल टीम में भाग ले रही है. बताया कि सभी खिलाड़ी एवं टीम प्रभारी को खेल विभाग की तरफ से आने-जाने का खर्च, भोजन एवं आवासन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी. प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना द्वारा 16 तकनीकी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ पांच खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

## मारवाड़ी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में पीजी सेमेस्टर वन के छात्र-छात्राओं को दी फ्रेशर पार्टी

# अच्छे नागरिक बनकर देश की समृद्धि में दें योगदान

**वरीय संवाददाता, भागलपुर**

मारवाड़ी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में शनिवार को पीजी सेमेस्टर वन के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया. पीजी सेमेस्टर तीन के छात्र-छात्राओं की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो संजय कुमार झा ने किया. मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि अनुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करे. कॉलेज की पहचान कॉमर्स की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के कारण जानी जाती है. एक अच्छे सफल विद्यार्थी और एक अच्छे नागरिक बनकर देश की समृद्धि में अपना योगदान दें.



## सिटी बाइट्स



### पीरपैंती में शौर्य दिवस पर मनाया जश्न बांटी मिठाई

**पीरपैंती.** शेरमारी चौक पर सत्य सनातन संस्था के बैनर तले रत्नेश पांडे के नेतृत्व में शौर्य दिवस मनाते हुए जश्न मनाया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ता, समाजसेवी और स्थानीय लोगों ने भाग लिया. रत्नेश पांडे ने बताया कि जिस तरीके से हम लोग आज यहां जश्न मना मिठाइयां बांट रहे हैं. मौके पर सभी लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गयी और जश्न में पटाखे भी फोड़े गये. मौके पर पंकज सिंह, हरेराम शर्मा, अशोक पांडे, कमल केजरीवाल, राजन पांडे, सूरज जायसवाल, वाल्मिकी गोंड, अमरजीत भारती, सौरभ गुप्ता, सनी कुमार शर्मा, अमित कुमार मौजूद थे.

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया नेचर पार्क का भ्रमण

**पीरपैंती.** प्रखंड के प्यालापुर स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल के लगभग 71 चयनित बच्चे सीमावर्ती भैया स्थित नेचर पार्क नेचर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत पहुंचे. प्रिंसिपल अशोक ठाकुर ने बताया कि बच्चों में नेचर के प्रति अवेयरनेस को लेकर यह पूरी ट्रिप प्लैनिंग की गयी थी. भैया में डीएवी स्कूल के बच्चों के साथ पहले इंटरेक्शन और स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलते हुए पुनः नेचर पार्क में समय बिताया.

### मजदूर को गोली मारने की घटना की डीएसपी ने की जांच

**सुल्तानगंज.** गननियां रेलवे स्टेशन के सामने फोरलेन के पास शुक्रवार की रात एक मजदूर को अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया. जानकारी मिलते ही शनिवार को विधि-व्यवस्था डीएसपी मौके पर पहुंचे और थानाध्यक्ष के साथ पूरे इलाके का जायजा लिया. स्थानीय लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटायी. घायल मजदूर की पहचान अमीर खां उर्फ अमिरुल (22), निवासी मालदा, पुपरिया थाना पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है. उनके पिता अब्दुल फारुक और साथ काम करने वाले मजदूरों ने उन्हें गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया. थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि घायल अमीर खां की स्थिति गंभीर होने से अभी तक न उनका बयान दर्ज हो पाया है और न ही परिजनों से विस्तृत जानकारी मिल सकी है. पुलिस पदाधिकारी को अस्पताल भेजकर बयान लेने की प्रक्रिया की जा रही है. बयान मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी. घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है.

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, रेफर

**कहलगांव.** शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के किशनदासपुर -शिवनारायणपुर सड़क पर बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल हो गये. घायलों की पहचान एकडारा गांव के मो सकबुल का पुत्र मो दस्तगीर आलम तथा दयालपुर गांव के लालजी सिंह का पुत्र रघुनंदन कुमार के रूप में हुई. दोनों बुरी तरह घायल हो गये. शिवनारायणपुर पुलिस ने दोनों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया. प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मायागंज रेफर कर दिया गया. रसलपुर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप पेट्रोल पंप के पास हड़वा व बाइक की टक्कर में एकचारी स्टेशन निवासी स्व मुन्ना सिंह के पुत्र सोनू कुमार सिंह एवं उसका एक मित्र बुरी तरह घायल हो गया. परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया. मौके पर पहुंच कर रसलपुर थाना की पुलिस गाड़ी को थाने ले गयी है.

### डीसीएलआर कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**कहलगांव.** डीएम डॉ नवल किशोर चौधरी ने शनिवार को डीसीएलआर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने कार्यालय में चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की तथा विभिन्न शाखाओं में लंबित पड़े मामलों की प्रगति रिपोर्ट देखी. निरीक्षण में डीएम ने पाया कि कई राजस्व एवं भूमि-संबंधी मामले निर्धारित समय सीमा के बावजूद निबटाए नहीं गये हैं. तीनों प्रखंड के सीओ के लॉगिन में लंबित पड़े दाखिल खारिज संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. संबंधित पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए.डीएम ने प्रेस में बताया कि जिला में इंफ्रास्ट्रक्चर और संरचना से संबंधित मामला चल रहा है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन मामलों की समीक्षा करें और प्रत्येक आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें. डीसीएलआर कोर्ट में 11सौ मामले लंबित है. डीएम ने ससमय कोर्ट की कार्रवाई कर निबटारा करने का निर्देश दिया.

### बासा में आग लगने से गाय झुलसी, एक की मौत

**गोपालपुर.** इस्माईलपुर थाना क्षेत्र लक्ष्मीपुर चंडी स्थान के समीप खेत पर बने बासा में आग लगने से मवेशी एवं अन्य सामान जल कर खाक हो गया. स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड की गाड़ी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग थनाली मंडल के बासा व कारु मंडल के बासा पर लगी थी. एक गाय के पूरी तरह जलने से मौत हो गयी. दूसरी गाय गंभीर रूप से जल कर घायल हो गयी है. बासा में रखे कई तरह के सामान जल कर राख हो गये.

### अज्ञात ट्रेन से कट कर एक व्यक्ति की मौत

**नवगछिया.** जीआरपी थाना क्षेत्र के कुरसेला स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन से कट कर एक व्यक्ति की मौत हो गयी. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कुरसेला स्टेशन मास्टर को दी. स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी थाना नवगछिया को दी. जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा बनाया. मृतक की पहचान कटिहार जिला कुरसेला थाना पुरानी खैरिहा बाजार के अशोक पासवान के रूप में हुई. पुलिस ने शव का अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया. यूडी केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### आपदा मित्र से मारपीट का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**बिहपुर.** झंडापुर थानांतर्गत आपदा मित्र से मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. वादी मुखतार खान, आपदा को-ऑर्डिनेटर ने 25 अक्तूबर को थाना में आवेदन दियाथा. वादी के अनुसार 23 अक्तूबर को जमालपुर घाट विसर्जन स्थल पर ड्यूटी के दौरान छोटेलाल सिंह सहित सात–आठ लोग नशे में दिखायी दिये. उन्होंने एक व्यक्ति को खींचकर पानी में ले जाने की कोशिश की. आपदा मित्र ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उक्त लोगों ने उनका लाइफ जैकेट छीन लिया तथा गाली-गलौज और मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया. झंडापुर थाना केस दर्ज हुआ.कांड अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त छोटेलाल सिंह औलियाबाद, थाना झंडापुर, जिला भागलपुर को गिरफ्तार कर लिया.

### नगर परिषद का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सुलतानगंज.** नगर परिषद परिसर में शनिवार को सदर एसडीएम विकास कुमार ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण में नगर परिषद के विभिन्न अभिलेखों और दैनिक कार्य संचालन की बारीकी से जांच की. मौके पर मौजूद नगर परिषद मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डु ने बताया कि एसडीएम ने उपस्थिति पंजी, आगत-निर्गत पंजी, कार्यालय पंजी सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन किया. जांच के क्रम में अधिकारी ने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड में दर्ज विवरणों की समीक्षा की. उपलब्ध अभिलेखों को देख कर एसडीएम संतुष्ट नजर आये.

### कुख्यात शबनम का भाई किसानों की फसल कर रहा बर्बाद

**नवगछिया** . बिहपुर थाना क्षेत्र कहारपुर गांव के दो दर्जन से अधिक किसानों ने नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार को आवेदन देकर अपनी खेती बचाने की मांग की. किसानों का आरोप है कि कुख्यात अपराधी शबनम यादव का भाई पवन यादव लगातार उनकी फसल को बर्बाद कर रहा है और ग्रामीणों को आतंकित कर रहा है. आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में विजय कुमार मिश्र, कौशल मिश्र, कामख्या कुमार, राजीव कुमार मिश्र, रूपेश कुमार, अमित कुमार मिश्र, संदीप कुमार मिश्र, गुलशन कुमार, करण कुमार मिश्र, जीवन कुमार, मनोज कुमार मिश्र, गौरव कुमार, ब्रह्मदेव कुमार मिश्र सहित अन्य कई किसान शामिल हैं. किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में मेहनत से फसल लगायी है, लेकिन अपराधी प्रवृत्ति के लोग उन्हें ऐसा करने से रोकना चाहते हैं. किसानों का आरोप है कि पवन यादव जानबूझ कर उनकी खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहा है. कुछ किसानों की जमीन पर वह जबरन खेती करता है और विरोध करने पर धमकी देता है. ग्रामीणों ने बताया कि पवन यादव और उसके सहयोगियों ने इससे पहले भी गांव में कई बार उत्पात मचाया था. किसानों से मारपीट और गोलीबारी की घटनाएं भी हो चुकी हैं. नदी थाना में प्राथमिकी दर्ज है. इससे गांव में लगातार भय का माहौल बना हुआ है.किसानों ने एसपी से मांग की है कि उनकी फसल सुरक्षित की जाए, अपराधी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और क्षेत्र में शांति बहाल की जाए.

**उम्मीद.** फुटकर दुकानदारों की वर्षों पुरानी मांग पर फिर उठे सवाल, रोजी रोटी पर संकट

# वेंडिंग जोन निर्माण की राह देख रहा सुलतानगंज

**पड़ताल**

शुभंकर, सुलतानगंज.

सुलतानगंज नगर परिषद क्षेत्र में फुटकर दुकानदारों की समस्या किसी से छिपी नहीं है. वर्षों से वेंडिंग जोन निर्माण की मांग उठती रही है, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया है. शहर के विभिन्न हिस्सों में सब्जी विक्रेताओं व फुटकर दुकानदारों को रोजी-रोटी चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सबसे अधिक मार इन्हीं दुकानदारों पर पड़ती है. शनिवार को पड़ताल करने के दौरान अनेक दुकानदारों ने बताया कि रोजी-रोटी चलाने के लिए पूरे दिन भय बना रहता है कि कहीं नगर परिषद की टीम दुकान न हटवा दे. इससे उनकी आय पर बुरा असर पड़ता है और परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है. कहा कि यदि वेंडिंग जोन बना दिया जाए तो न केवल उन्हें सुरक्षित जगह मिलेगी, बल्कि रोज-रोज की परेशानी और अनिश्चितता भी खत्म हो जाएगी. इससे उन्हें सम्मानजनक तरीके से व्यापार करने में सुविधा होगी.

**मुख्य पार्षद ने बताया, प्रगति पर है प्रक्रिया** : नगर परिषद के मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डु ने बताया कि वेंडिंग जोन निर्माण को लेकर समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेज दिया गया है.समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेज दिया गया है.कहा कि स्थानों का चयन कर चिन्हांकन किया जा चुका है. विभागीय स्तर पर कार्रवाई की प्रतीक्षा है और निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए लगातार पहल जारी है. बताया कि वार्ड 12 में एनएच-80 किनारे शहरी वेंडिंग जोन निर्माण के लिए जगह चिह्नित किया गया है. उनका कहना है कि वेंडिंग जोन बन जाने से शहर के यातायात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और फुटकर दुकानदारों की वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण होगा.

### पार्षदों ने बताया, व्यवसाय में आएगी सुविधा, शहर होगा व्यवस्थित

वार्ड तीन के पार्षद संजय कुमार चौधरी का कहना है कि वेंडिंग जोन बनने से बेरोजगारों को स्वरोजगार की सुविधा मिलेगी. बाजार भी व्यवस्थित दिखेगा और अतिक्रमण की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी. पार्षद नवीन कुमार बन्नी व सुभाष कुमार ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान सभी दुकानों को हटा दिया जाता है, जिससे फुटकर विक्रेताओं को आर्थिक संकट झेलना पड़ता है.

वेंडिंग जोन निर्माण से उन्हें स्थायी सुविधा मिलेगी. पार्षद रूबी कुमारी ने बताया कि सड़क किनारे लगी सब्जी एवं फुटकर दुकानों से जाम की समस्या बढ़ती है. बार-बार हटाने से दुकानदार आर्थिक रूप से टूट जाते हैं. अब फुटकर दुकानदारों को उम्मीद है कि नगर परिषद की पहल जल्द जमीन पर उतरेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा.



राजकुमार गुड्डु | नवीन कुमार बन्नी | सुभाष कुमार | संजय कु चौधरी | रूबी कुमारी

- वेंडिंग जोन से शहर के यातायात पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

### 10 को नगर परिषद की सामान्य बोर्ड बैठक

नगर परिषद के मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डु ने बताया कि नगर परिषद की सामान्य बोर्ड बैठक 10 दिसंबर को आयोजित की जाएगी. बैठक में नगर क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. मुख्य पार्षद ने बताया कि बैठक में नल-जल योजना की वर्तमान स्थिति, कबीर अंत्येष्टि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा नगर विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडे शामिल होंगे. नगर परिषद क्षेत्र में लंबित योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके.इ सी क्रम में 12 दिसंबर को सशक्त स्थायी समिति की बैठक भी आयोजित की गई है. मुख्य पार्षद ने बताया कि दोनों बैठकों में ऐसे निर्णय लिए जाएंगे, जिससे नगर क्षेत्र में जारी विकास कार्यों को गति मिले और नगर परिषद क्षेत्र में समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें.




**दोनों बैठकों में ऐसे निर्णय लिये जाएंगे, जिससे नगर क्षेत्र में जारी विकास कार्यों को गति मिले**

**वार्ड 12 में एनएच-80 किनारे शहरी वेंडिंग जोन निर्माण के लिए जगह चिह्नित की गयी है**

**समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेज दिया गया है**

**अलीपुरद्वार मंडल के अंतर्गत इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 107/W-2/APDJ; दिनांकः 04-12-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं:** 45-AP-I-2025। **कार्य का नाम:-** बेटगारा - आल्टाग्राम - सीनि. एडीईएन/I/न्यू कूचबिहार के अंतर्गत ''बेटगारा - आल्टाग्राम के बीच पुल सं 59 के पहुंच मार्गों का संरक्षण कार्य तथा क्षतिग्रस्त गाइड बंड आदि का पुनर्निर्माण।'' निविदा मूल्य: ₹19,52,77,582.28; धरोहर राशि: ₹11,26,400.00। ई-निविदा 26-12-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 26-12-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम ( कार्य ), अलीपुरद्वार जं.

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की हो जाती है सेवा

- भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

प्रतिनिधि, गोपालपुर

भागवत कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सैदपुर गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पधारे सभी भक्तों को महामंडलेश्वर नारायण दास जी महाराज द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया. महाराज ने कहा परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव है. महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी. श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया. माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्ष स्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है. सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए. गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है. पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये . वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें. गोप बालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी. 'मां तेरे लाला ने माटी खायी है. यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं. 'अच्छा खोल मुख ' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया. श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा जी ने देखा कि मुख में चर-अचर संपूर्ण जगत विद्यमान है. श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्व ही पहचान लिया है. श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी. न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी. जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं. यशोदा माता तुरंत उस घटना को भूल गयीं. ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़ गिरिराज की पूजा शुरू कर दी, तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरिराज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया.

## एनटीपीसी कहलगांव में बायोमास को-फायरिंग पर कार्यशाला

प्रतिनिधि, कहलगांव

एनटीपीसी कहलगांव की ओर से विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थ मिशन के सहयोग से "बायोमास को-फायरिंग" विषय पर कार्यशाला अंग भवन में हुई. शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ. मुख्य अतिथि डीएम डॉ नवल किशोर चौधरी रहे. कार्यशाला का उद्देश्य ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास के सह-उपयोग को प्रोत्साहित करना, फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा पराली जलाने की समस्या का समाधान निकालते हुए स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को गति देना था. कार्यक्रम सुबह नौ से शाम 5 बजे तक चला.

मुख्य अतिथि ने कहा कि बायोमास को-फायरिंग न केवल पर्यावरण संरक्षण का बेहतर विकल्प है. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रवि प्रकाश अग्रवाल (मिशन निदेशक, समर्थ मिशन), जितेश श्रीवास (उप निदेशक, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण) और विजय गोयल (क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, ईस्ट-1) भी जुड़े. उन्होंने देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास को-फायरिंग की मौजूदा स्थिति, तकनीकी मानक एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी. वक्ताओं ने बताया कि बायोमास को-फायरिंग कार्बन उत्सर्जन घटाने के साथ भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को मजबूती देता है. एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रवींद्र पटेल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है. कार्यशाला में बायोमास ईंधन के तकनीकी, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों पर चर्चा हुईं. विशेषज्ञों ने बताया कि इससे किसानों को फसल अवशेषों का उचित मूल्य मिलता है तथा रोजगार के अवसर बढ़ते हैं. कार्यक्रम में कृषि पदाधिकारी, एनटीपीसी अधिकारी, किसान और उद्यमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यशाला स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई.

### बंद घर से गहने व हजारों रुपये की चोरी, पुलिस ने की जांच

**सुलतानगंज** . शाहाबाद गांव में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बना लगभग 30 लाख रुपये के गहने और 80 हजार रुपये नकद समेत कई कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिये. घटना के समय गृहस्वामी अरुण मंडल अपनी पत्नी सजनी देवी के साथ बेटी-दामाद के यहां घूमने जयपुर गये थे. स्थानीय लोगों के अनुसार आठ नवंबर को अरुण मंडल परिवार सहित घर बंद कर यात्रा पर निकले थे. शुक्रवार दोपहर गांव की कुछ महिलाएं उनके घर के समीप धूप सेंक रही थीं, तभी एक महिला की नजर बंद दरवाजे के टूटे ताले पर पड़ी. संदेह होने पर इसकी सूचना तत्काल पास में ही रहने वाले उनके रिश्तेदार को दी गयी. सूचना मिलने के बाद जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा है और घर के अंदर बक्से व संदूक के लॉक तोड़ कर सारे कीमती सामान गायब हैं. यह देख परिजन स्तब्ध रह गये. उन्होंने फोन पर पूरे मामले की जानकारी जयपुर में मौजूद सजनी देवी और अरुण मंडल को दी. सजनी देवी ने बताया कि चोरी में सोने-चांदी के लगभग 30 लाख रुपये के आभूषण, 80 हजार रुपये नकद, लैपटॉप सहित कई कीमती वस्तुएं चोरी हुई हैं. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और डॉग स्क्वायड टीम से मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी. थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि गृहस्वामी अभी बाहर हैं, इसलिए आवेदन नहीं मिला है. पुलिस ने कई अहम सुराग जुटाये हैं और मामले की गंभीरता से जांच जारी है. घटना से मोहल्ले में दहशत का माहौल है.

**बेटी-दामाद के यहां घूमने गये थे जयपुर**

### सोशल मीडिया पर कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल

**नवगछिया** . सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक खुलेआम कट्टा लहराते हुए रील बनाता नजर आ रहा है. वीडियो में युवक बैकग्राउंड में एक फिल्मी गाने पर रील बना रहा है, जिसके बोल हैं "कांड करबों इतना कि थाना हो जेइतो कनफ्युज" इस गाने को जोड़ कर युवक हथियार के साथ अपनी मौजूदगी दर्शाने की कोशिश कर रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद आम लोगों में दहशत व नाराजगी दोनों देखने को मिल रही है. स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर लगातार सवाल उठा रहे हैं कि आखिर युवक को खुलेआम हथियार लेकर वीडियो बनाने की अनुमति किसने दी. यह वीडियो परवत्ता थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. प्रभात खबर इस वीडियो की पुष्टि नहीं, जब इस वायरल वीडियो के संबंध में परवत्ता थानाध्यक्ष से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वीडियो हमारे संज्ञान में नहीं है. इसकी सत्यता की पुष्टि की जा रही है.

### सुलतानगंज में बुनियादी साक्षरता परीक्षा आज

**सुलतानगंज.** संयुक्त सचिव सह निदेशक, जन शिक्षा, शिक्षा विभाग बिहार पटना के निर्देश पर रविवार को साक्षरता केंद्रों पर नवसाक्षर महिलाओं के लिए बुनियादी साक्षरता परीक्षा आयोजित की जाएगी. इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह केआरपी राकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों को निर्देशित कर दिया गया है और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. प्रखंड में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. इन केंद्रों पर 1240 नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा में शामिल होंगी. बीईओ ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य महिलाओं को बुनियादी पढ़ाई, लिखाई और गणना की क्षमता को मजबूत करना तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन करना है. उन्होंने सभी केंद्र संचालकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा अनुशासित व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करायी जाए. साथ ही उपस्थित दर्ज, उपस्थिति पंजी, परीक्षा सामग्री और मूलभूत व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है.

### शादीपुर में गायत्री यज्ञ की तैयारी शुरू

**पीरपैंती.** शादीपुर गांव में 24 कुंडी गायत्री यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है. फणीकांत सिन्हा ने बताया कि 14 दिसंबर को कलश यात्रा होगी. कलश यात्रा में हजारों की भीड़ जुटने की उम्मीद है. 15 से 17 तक यह यज्ञ होगा. मौके पर ग्रामीणों की अच्छी खासी उपस्थिति रही.

### जनता दरबार मेंपांच नये मामले, एक का निष्पादन

**सुलतानगंज.** अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार में क्षेत्र के कई रैयत अपनी समस्याओं लेकर पहुंचे. अध्यक्षता सीओ अनुज कुमार ने की. थाना के एसआई आशुतोष कुमार मौजूद थे. जनता दरबार में आये फरियादियों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया तथा त्वरित समाधान पर जोर दिया गया. सीओ ने बताया कि शनिवार को कुल पांच नये मामले आये. पूर्व के लंबित मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से एक मामले का निष्पादन किया गया. शेष मामलों पर विस्तृत जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगली सुनवाई आगामी शनिवार को निर्धारित की गयी है.

**रंगिया मंडल पर स्टेटिक केटरिंग यूनिट हेतु ई-नीलाम**

रंगिया मंडल के 11 संख्यक स्टेटिक केटरिंग यूनिट हेतु ई-नीलाम। **रेट यूनिटः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **ट्रिपस/दिनः** 1826।

**ऑक्सन कैटलॉग संख्या. CATG-RNY-49**

| एसईक्यू संख्या | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | सीएटीजी-आरएनवाई-एचएमएल-जीएमयू-218-22-1 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 'ई' श्रेणी के हेलेम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर |
| एए/2 | सीएटीजी-आरएनवाई-आरपीएएन-जीएमयू-523-23-1 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 'डी' श्रेणी के रंगापारा नॉर्थ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर |
| एए/3 | सीएटीजी-आरएनवाई-आरपीएएन-जीएमयू-524-23-1 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 'डी' श्रेणी के रंगापारा नॉर्थ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर |
| एए/4 | सीएटीजी-आरएनवाई-एचएमवाई-जीएमयू-559-24-1 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | हरमती जंक्शन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर |
| एए/5 | सीएटीजी-आरएनवाई-वीएनई-जीएमयू-451-22-1 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 'ई' श्रेणी के विश्वनाथ चाराली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर |
| एबी/1 | सीएटीजी-आरएनवाई-यूएलजी-एसएमयू-564-25-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | 'ई' श्रेणी के उदालगुड़ी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर |
| एबी/2 | सीएटीजी-आरएनवाई-आरपीएएन-एसएमयू-529-23-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | 'डी' श्रेणी के रंगापारा नॉर्थ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर |
| एबी/3 | सीएटीजी-आरएनवाई-जीवीआर-एसएमयू-562-24-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | 'ई' श्रेणी के गोरेश्वर रेलवे स्टेशन के परिसंचारी इलाके में |
| एबी/4 | सीएटीजी-आरएनवाई-बीपीआरडी-एसएमयू-477-22-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | 'ए' श्रेणी के बरपेटा रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर |
| एबी/5 | सीएटीजी-आरएनवाई-एनएचएलएन-एसएमयू-561-24-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | नाहरलगुन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर |
| एबी/6 | सीएटीजी-आरएनवाई-एनबीक्यू-एसएमयू-534-23-1 (केटरिंग - स्पेशाल माइनर यूनिट (एसएमयू)) | 'बी' श्रेणी के न्यू बोंगाईगाँव स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.-1 पर (टुनिया नदी पुल के ऊपर) |

**नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः 18-12-2025** तारीख के **11.00** घंटे में एवं **बंद होने का समयः 13.10** घंटे में। प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड 30 मिनट। लॉट अनुसार बंद होने का समय आईआरईपीएस के ई-ऑक्सन मॉड्यूल में अवलोकन कर सकते हैं।

**नोटः** विस्तृत जानकारी के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती हैं।

**मंडल रेलवे प्रबंधक (सी), रंगिया**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"

### सड़क निर्माण में अनियमिता का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गोपालपुर.** सैदपुर तिनटंगा करारी नवगछिया 14 नंबर पीडब्ल्यूडी सड़क का अनुरक्षण कार्य पथ निर्माण विभाग की ओर से करवाया जा रहा है. तिनटंगा करारी बजरंगबली स्थान से जहाज घाट तक सड़क का कार्य हो रहा है. ग्रामीणों ने वीडियो बना कर वायरल कर इसकी गुणवत्ता की जांच की मांग की. पूर्व मुखिया गिरधारी पासवान, प्रभात रंजन, बंटी यादव, सोनू कुमार सिंह, पटेल भारती, पप्पू यादव ने उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग की है. पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार ने जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने की बात कही. पथ निर्माण विभाग की ओर से उक्त सड़क का सात साल तक रख रखाव के तहत कार्य करवाया जा रहा है. ग्रामीणों ने सरफेस से गिट्टी निकलने को लेकर आपत्ति कर कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा है.

### दो सौ ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**नवगछिया.** बिहपुर थाना की पुलिस ने 200 ग्राम स्मैक के साथचार आरोपितों को गिरफ्तार किया. बिहपुर थाना को सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियों वाहन से ब्राउन शुगर का खेप बिहपुर की ओर जा रही है. एसपी नवगछिया के निर्देशन में एक टीम गठित की गयी. गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाक्षेत्र अंतर्गत रेलवे ढ़ाला के पास वाहन जांच प्रारंभ की. उसी दौरान एक स्कॉर्पियो में सवार चार व्यक्ति को करीब 200 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया. अनुसंधान प्रभावित न हो इसके लिए सभी आरोपितों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है. गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है. उसके लिंक के सभी लोगों को खंगाला जा रहा है.-गृहस्वामी अपनी पत्नी के साथ

**बिहार सरकार**



**नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ**
(जिला आपूर्ति शाखा)
अति अल्पकालीन आम सूचना
**राजगीर महोत्सव – 2025**

पर्यटन विभाग, बिहार पटना एवं जिला प्रशासन, नालन्दा के द्वारा राजगीर में दिनांक 19.12.2025 से 21.12.2025 तक राजगीर महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार राज्य में निर्मित प्रसिद्ध व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया जाएगा। स्टॉल लगाने हेतु दिनांक 09.12.2025 से 13.12.2025 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक व्यक्ति जिला आपूर्ति कार्यालय, नालन्दा में आवेदन कर सकते है। एतद् संबंधी सूचना हेतु श्री दामोदर राम, आपूर्ति निरीक्षक, सरमेरा मोबाईल न0:– 7667728522 एवं ललितेश्वर प्रसाद, लिपिक, जिला आपूर्ति शाखा, नालन्दा, मोबाईल न0:– 9939043711 से संपर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु नालन्दा जिला के बेवसाईट www.nalanda.nic.in से सूचना प्राप्त कर सकते है।

**जिला पदाधिकारी, नालंदा**

**PR. No. 019082 (District) 2025-26**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें**

**पे एंड यूज टॉयलेट्स और क्लॉक रूम के लिए ई-नीलामी**

पे एंड यूज टॉयलेट्स और लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूची। विवरण नीचे दिये गये हैं। **नीलामी सूची सं.:** PNU-10-25। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय ( सभी लॉट ): 17-12-2025** को **12:00** बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 17-12-2025** को **13:00** बजे। **दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **क्र. सं.** एए/1 से एए/2 के लिए **फेरे/दिन: 1096, क्र. सं.** एबी/1 से एबी/2 के लिए **फेरे/दिन: 1826।**

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-आरएनवाई-आरपीएएन-टीओआई-5-22-1 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए रंगापाड़ा नॉर्थ (आरपीएएन) स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 5 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध का संचालन और प्रबंधन। |
| एए/2 | पीएनयू-आरएनवाई-जीवीआर-टीओआई-34-24-2(पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए गोरेश्वर (जीवीआर) स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध का संचालन और प्रबंधन। |
| एबी/1 | पीएनयू-आरएनवाई-आरएनवाई-डब्ल्यूआरएल-32-24-1 (पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 5 वर्ष की अवधि के लिए पू. सी. रेल के रंगिया मंडल के रंगिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर क्लॉक रूम संचालन और प्रबंधन के लिए अनुबंध। |
| एबी/2 | पीएनयू-आरएनवाई-एनबीक्यू-डब्ल्यूआरएल-33-24-1(पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 5 वर्ष की अवधि के लिए पू. सी. रेल के रंगिया मंडल के न्यू बंगाईगांव स्टेशन के परिचालन क्षेत्र में क्लॉक रूम के संचालन और प्रबंधन के लिए अनुबंध। |

ई-नीलामी सूची रेलवे वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल अर्थात **www.ireps.gov.in** में पहले ही अपलोड कर दिया गया हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक ( सी ), रंगिया**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सिटी बाइट्स



### भारतीय भाषा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जगदीशपुर.** एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत चार दिसंबर से सभी विद्यालयों में भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. तृतीय दिवस पर मवि जगदीशपुर में निर्धारित विषय-वस्तु के अनुसार विभिन्न क्षेत्रीय त्योहारों का आयोजन किया गया. बच्चों ने इन त्योहारों को प्रतीकात्मक रूप से मनाते हुए उनके सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समझने का प्रयास किया. प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने कहा कि भारतीय भाषा उत्सव के माध्यम से बच्चे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक विविधता को समझते हैं. कार्यक्रम उन्हें अनेकता में एकता के संवैधानिक मूल्यों से अवगत कराता है. कार्यक्रम में अभिनाश सरोज, वीणा कुमारी, शाहिना खातून तथा प्रतिमा मिश्रा सक्रिय रूप से सहयोग कर रही थी.

### प्रावि फतेहपुर में चहारदीवारी निर्माण की मांग

**शाहकुंड.** सजौर पंचायत के प्रावि फतेहपुर में चहारदीवारी निर्माण की मांग ग्रामीणों ने स्थानीय पदाधिकारी से की. विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं. विद्यालय जाने वाली पीसीसी सड़क टूट गयी है, जिससे स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. ग्रामीण निक्की सिंह ने बताया कि चहारदीवारी व सड़क निर्माण की मांग स्थानीय पदाधिकारी से की गयी, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है.

### श्रीपुर में पत्नी को मारपीट कर किया जख्मी

**नवगछिया.** श्रीपुर में पति ने पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. घायल श्रीपुर के बासुकी सिंह की पत्नी गुंजन कुमारी है. भवानीपुर के रामदयाल महतो की पुत्री गुंजन कुमारी की शादी एक वर्ष पूर्व श्रीपुर के बासुकी सिंह से हुई थी. बासुकी सिंह उसके साथ बराबर मारपीट करता था. शनिवार को भी महिला से मारपीट कर रहा था. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को दी. मौके पर पहुंच कर 112 नंबर की पुलिस ने महिला को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया पहुंचाया. पीड़ित महिला ने नवगछिया महिला थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### गड्ढे से मिले शव की हुई पहचान

**बिहपुर.** झंडापुर थाना क्षेत्र एनएच-31 पर महंत स्थान के समीप 28 नवंबर को एक गड्ढे में मिले युवक के शव की पहचान हो गयी है. मृतक बिहपुर प्रखंड धरमपुरती पंचायत वार्ड छह नन्कार गांव के सच्चितानंद चौधरी का पुत्र गुंजन चौधरी के रूप में हुई थी. सूचना मिलते ही झंडापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया ले गयी. भागलपुर के मायागंज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. परिजनों ने बताया कि गुंजन चौधरी दानापुर बोलकर घर से बाहर निकला था, लेकिन चार दिन बीतने तक वापस नहीं लौटा. शव एनएच के किनारे पानी से भरे गड्ढे में मिला. थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत पानी में डूबने से हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है.

### इलाज के अभाव में महादलित वृद्ध ने तोड़ा दम

**गोपालपुर.** तिनटंगा करारी के महादलित वृद्ध रामचन्द्र राम पिता बैजू राम ने शनिवार की अल सुबह दम तोड़ दिया. पूर्व सरपंच शंभू यादव ने बताया कि मृतक काफी लाचारी व गरीबी में जीवन यापन कर रहा था. मृतक को दो पुत्र व एक पुत्री है. दोनों पुत्र पंजाब में मजदूरी करते हैं. पुत्रों को सूचना दे दी गयी है. रविवार की देर शाम आने की उम्मीद है. उसके बाद दाह संस्कार किया जायेगा. आपसी सहयोग से दाह संस्कार के लिए जलावन की व्यवस्था की जा रही है. कबीर अंत्येष्टि से मिलने वाली राशि मिल जाय, तो दाह संस्कार में सहूलियत होगी.

### बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जगदीशपुर.** बलुआचक चौक पर से अज्ञात चोरों ने एक बाइक की चोरी कर ली. बाइक मालिक बाईपास थाना क्षेत्र के कानू टोला मकससपुर के अमरजीत कुमार साह ने जगदीशपुर थाना में आवेदन दिया है. पीड़ित के अनुसार शुक्रवार को वह खरीदारी करने बलुआचक हाट गये थे. सामान खरीदकर वापस लौटे, तो बाइक गायब मिली. काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका. प्रभारी थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है.

### शिव गुरु महोत्सव आज, देश-विदेश के भक्त होंगे शामिल

**कहलगांव.** प्रखंड के ब्लॉक रोड स्थित एसएसवी कॉलेज ग्राउंड में शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी दुकानों में लोगों से मिल कर तीनसूत्र कार्ड, पंपलेट दिया व वाहनों में स्टीकर लगाये गये. यह कार्यक्रम आज दिन के 10 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा. महोत्सव में नेपाल, भागलपुर, गोड्डा, साहिबगंज, कटिहार से धर्मपरायण लोग शामिल होंगे.

### पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता विषय पर जागरूकता शिविर



**कहलगांव.** अनुमंडल विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय कहलगांव के तत्वावधान में शनिवार को नालसा कार्य योजना के तहत स्थानीय गुरुकृपा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया. चित्रांकन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में आफिया, जिया, शानवी, पृथ्वी, अर्णव, आस्था, पीहू, आयुष, आदर्श, राहुल, अंश सहित दर्जनों बच्चों ने भाग लिया. मौलिक कर्तव्य और संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया. प्राधिकार की अध्यक्ष सह अवर न्यायाधीश अखिलेश कुमार और सचिव प्रज्ञा मिश्र के निर्देशन में प्राधिकार ने समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. मौके पर स्कूल के निर्देशक पवन कुमार खेतान, प्रधानाध्यापक विनय कुमार मिश्रा, अंकुर खेतान व आलोक कुमार मौजूद थे.

### अग्निवीर प्रशिक्षण पाकर लौटे नीतीश कुमार का स्वागत

**पीरपैंती.** ओलापुर के संजय रविदास का पुत्र नीतीश कुमार अग्निवीर सेवा का प्रशिक्षण लेकर वापस लौटे. ग्रामीणों में खुशी की लहर है. डीजे की धुन पर लोगों ने नाचते गाते माला पहन कर उनका स्वागत किया. ग्रामीणों ने बताया कि मेहनत और लगन से यह मुकाम नीतीश कुमार ने हासिल किया है. सिकंदराबाद से ट्रेनिंग कर लौटे नीतीश कुमार को लेकर गांव वाले काफी खुश दिखे. उन्होंने बताया कि आज के युवा देश सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं यह हमारे लिए बड़ी बात है कि मुझे यह मौका मिला है. मां भारती की सेवा करते हो मुझे हर दिन गर्व होता है. सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया.

### युवक से मारपीट व छिनतई का आरोप

**सुलतानगंज.** जदयू युवा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सागर उर्फ संतोष पटेल कपसौना (शाहकुंड़ थाना क्षेत्र) ने थाना में आवेदन देकर अपने परिचित से हुई मारपीट व छिनतई की शिकायत की है.आवेदन के अनुसार अभिजीत आनंद अपने साथी रिशु राज के साथ निजी वाहन से असरगंज गये थे. दोनों का घर खानपुर माल, बाथ थाना क्षेत्र में है. वापसी के दौरान रसीदपुर ग्राम पंचायत सरकार भवन के पास एक जुगाड़ गाड़ी ने तेज रफ्तार में आकर उनकी गाड़ी के पीछे दाहिने हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी. अभिजीत ने विरोध जताते ही जुगाड़ गाड़ी चालक ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया. सभी ने मिल कर अभिजीत को वाहन से जबरन बाहर खींच लिया और गाली-गलौज कर मारपीट की. पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और वाहन में रखे 75 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए. अभिजीत ने तत्काल फोन कर संतोष कुमार सागर को घटना की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि घटना में जुगाड़ गाड़ी का मालिक, चालक, तीन अन्य बाथ थाना के निवासी तथा 4-5 अज्ञात लोग शामिल थे. घटना को लेकर बाथ थाना में आवेदन देकर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

## कार्यक्रम में नागरिकों के अधिकार, पर्यावरण, वन्य व जलीय जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की गयी

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ भीम राव आंबेडकर

प्रतिनिधि, नवगछिया

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदवा में भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के तत्वावधान में डॉ भीम राव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. भारतीय वन्यजीव संस्थान के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के रिसर्चर राज शेखर के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ. बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को संविधान के निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि संविधान में न सिर्फ नागरिकों के अधिकारों की बात की गयी है, बल्कि इससे परे पर्यावरण, वन्यजीव जलीय जीवों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गयी है. पेशे से वकील रहे राज शेखर ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48A और अनुच्छेद 51A पर विस्तृत चर्चा की. मौके पर संतोष सिंह, दीपक यादव, निशांत कुमार, सुमन व अन्य शिक्षक उपस्थित थे. राष्ट्रीय सेवा योजना जीबी कॉलेज नवगछिया इकाई की ओर से डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडक के महापरिनिर्वाण दिवस पर महाविद्यालय के खेल परिसर में



डॉ आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर मौजूद नमामि गंगे प्रोजेक्ट के रिसर्चर व अन्य.

प्राचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार ने पौधरोपण किया. कार्यक्रम में प्रो शिव शंकर मंडल, प्रो बिंदेश्वरी सिंह, डॉ राजकुमार, डॉ फिरोज, डॉ दिव्यप्रियदर्शी, डॉ अनिल, डॉ मंजू, डॉ सुनील, चेतन रज्जाक, संतोष, दिनेश एवं स्वयं सेवक प्रणव, अभिलाषा, प्रज्ञा साक्षी,नेहा ने सक्रिय योगदान दिया.

**कहलगांव** एबीवीपी की एसएसवी कॉलेज कहलगांव इकाई ने महाविद्यालय परिसर में डॉ आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी हुई. नेतृत्व छात्र अध्यक्ष प्रियांशु कृष्ण ने किया. मौके प्रो शत्रुघन कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो नमन, प्रो डॉ दिलीप कुमार चौधरी, प्रो प्रवीण सिंह, प्रो डॉ शंकर पांडे व छात्राओं में सावन जायसवाल, रितिका सिंह, अंकित राज, आयुष, अमन , सानिया खातून शुभम उपस्थित थे. अकबरपुर में उदय और पुष्पक रंजन की अध्यक्षता में संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का पुण्य तिथि मनायी गयी.कार्यक्रम में शशि शेखर सिन्हा, हिमांशु सिन्हा, बचनेश्वर बौद्ध, मिट्ठू सिन्हा, ब्रह्मदेव उपस्थित थे.

### बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नारायणपुर.** आशाटोल गांव के सार्वजनिक पुस्तकालय प्रांगण में शनिवार को संविधान निर्माता बाबा साहब का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय कुमार रविदास व संचालन अजीत कुमार नागर ने किया. मुख्य अतिथि युवा उद्यमी नंदिकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप कुमार दास, मुबारक अली व नकुल कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर व भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर किया गया. मौके पर गौतम यादव , प्रवेश कुमार, देवव्रत, मनीष,प्रकाश , सिंटू , अंकित , कोमल, चंदन,राजीव,सुजीत,अश्विनी,सतीश सहित सैकड़ो व्यक्ति मौजूद थे.

### श्रद्धा पूर्वक मनाया गया बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**जगदीशपुर.** प्राथमिक विद्यालय बढ़ई टोला में डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस उत्साह एवं श्रद्धा से मनाया गया. विद्यालय शिक्षा



समिति की अध्यक्ष नीलम देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे. अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिक्षक डॉ विनीत रंजन ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष व योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि बचपन की कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहेब ने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव तथा अन्याय के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया. उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, अनुशासन और समानता के मार्ग पर चलें. मौके पर विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार निर्मल, बी मुसर्रत, प्रकाश, चौधरी महेश्वर, आलम सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे.

### अकबरनगर नपं कार्यालय में मनायी गयी बाबा साहब की पुण्यतिथि

**अकबरनगर.** नपं अकबरनगर कार्यालय के सभागार में शनिवार को डॉ भीमराव आंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि हुई. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अंजीत कुमार व जनप्रतिनिधियों ने आंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया. अधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में ईओ निशांत कुमार, जितेंद्र यादव,जयहिंद, शंकर दास, पिंटू कुमार, अविनाश झा सहित अन्य पार्षद व कर्मचारी मौजूद थे.

## राजकीय विद्यालय में लगातार हो रही चोरी, चोर की नहीं हो सकी पहचान

### चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ पंखे चुरा ले गये

प्रतिनिधि, बिहपुर

थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय में बीते एक माह से लगातार चोरी की घटनाओं से विद्यालय प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों में आक्रोश है. चोर एक के बाद एक कई घटनाओं को अंजाम दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है. विद्यालय प्रभारी बबलू रजक ने बताया कि पहली घटना 26 अक्तूबर की रात घटी, जब अज्ञात चोरों ने कक्षा छह का ताला तोड़ कर क्लास रूम में लगे दो पंखे चुरा लिये. उस समय विद्यालय में वह उपस्थित नहीं थे. सहकर्मियों से सुबह उन्हें घटना की जानकारी मिली. विद्यालय प्रभारी ने बिहपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा को आवेदन दे कार्रवाई की मांग की. विद्यालय प्रभारी के अनुसार जब वह प्राथमिकी की प्रति मांगने थाना पहुंचे, तो थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आपको कॉल कर बुलाया गया था, लेकिन आप उपस्थित नहीं हुए, इसलिए प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी. बबलू रजक का कहना है, कि उन्हें थाने से किसी प्रकार का कोई कॉल प्राप्त नहीं हुआ.

आठ नवंबर की रात चोरों ने विद्यालय कार्यालय का ताला तोड़ कर एक पंखा चोरी कर लिया, गोदरेज और ट्रंक का ताला तोड़ कर आवश्यक कागजातों को इधर-उधर फेंक दिया. तत्काल सूचना बिहपुर थानाध्यक्ष को दी गयी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई. 31 नवंबर की रात चोरों ने स्कूल के पांच क्लास रूम के ताले तोड़ दिये. विद्यालय प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी, लेकिन अब तक न तो किसी चोर की पहचान हो सकी और न ही चोरी गये सामान की बरामदगी हो पायी है. पुलिस की निष्क्रियता से चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है, जिससे दिन-ब-दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं. शनिवार को सभी घटनाओं का उल्लेख करते हुए एक बार फिर विद्यालय प्रभारी ने बिहपुर थाना में लिखित आवेदन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है. जब थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रभारी को पहले कॉल कर थाने बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अब नये आवेदन के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी. लगातार चोरी की घटनाओं से विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है. बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है.

### गंगापुर फोरलेन डिवाइडर पर अज्ञात अधेड़ का शव बरामद

**अकबरनगर.** गंगापुर गांव के पास फोरलेन सड़क के डिवाइडर से शनिवार सुबह पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया. मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बतायी जा रही है. शव के गले में लाल रंग का छिटदार मफलर, लाल टी-शर्ट तथा सफेद रंग की धोती है. सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ने डिवाइडर पर पड़े शव को देखा और तुरंत पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार का चोट के निशान नहीं मिले हैं. उसके पास से न कोई मोबाइल, न पहचान पत्र और न ही कोई अन्य सामान मिला है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है. आशंका जतायी जा रही है कि अधेड़ की मौत कहीं और हुई होगी और किसी वाहन से लाकर शव को सुनसान जगह पाकर यहां फेंक दिया गया होगा. मृतक की पहचान नहीं हो पायी थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच कर रही है.

## खबरें एक नजर में

### राजद की समीक्षा बैठक में हार के कारणों पर मंथन

**सुलतानगंज.** खादी भंडार प्रांगण में शनिवार को राजद की समीक्षा बैठक में संपन्न विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के राजद प्रत्याशी की हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गयी. बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष विवेकानंद यादव ने की, जबकि संचालन शाहकुंड प्रखंड अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद सिंह ने किया. बैठक में चंद्रशेखर प्रसाद यादव, चंदन कुमार सिन्हा, डॉ चक्रपाणि हिमांशु, फणीन्द्र चौधरी समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे. बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिये और हार के प्रमुख कारणों पर सामूहिक मंथन किया.

### नशे में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुलतानगंज.** थाना क्षेत्र के ब्लॉक कार्यालय के सामने शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत एक युवक राहगीर से अभद्र भाषा का प्रयोग करता पाया गया. सूचना मिलने पर गश्ती पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तुरंत हिरासत में ले लिया. आरोपित की पहचान कासिमपुर के अरविंद मंडल के रूप में की गयी है. थाना लाने के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें चिकित्सकों ने उसके नशे में होने की पुष्टि की. पुष्टि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपित को शराब पीकर हंगामा करने और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया.

### ठंड को लेकर गर्म कपड़ों की बढ़ी बिक्री

**सुलतानगंज.** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती ठंड का असर लोगों की दिनचर्या के साथ बाजारों में भी दिखने लगा है. तापमान में गिरावट के बाद गर्म कपड़े, स्वेटर, जैकेट, मफलर और रूम हीटर की बिक्री अचानक बढ़ गयी है. दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है, वहीं कई लोग रात के समय ठंड से बचने के लिए अलाव की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं. गंगा घाट, बस पड़ाव और स्टेशन परिसर जैसे खुले क्षेत्रों में ठंड अधिक महसूस होने से लोग अलाव की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं.

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**सुलतानगंज.** पैन गांव के समीप एनएच-80 पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक की पहचान पैन के शैलेंद्र कुमार सिंह के रूप में की गयी है. शैलेंद्र मुख्य सड़क पार कर रहे थे, इस दौरान अकबरनगर की ओर से तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाइक चालक को रेफरल अस्पताल पहुंचाया.

### मारपीट में जख्मी, पुलिस से की शिकायत

**सुलतानगंज.** थाना क्षेत्र के एक गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में दंपती सहित एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. घटना के बाद सभी घायलों को रेफरल अस्पताल सुलतानगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है. घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है. आवेदन में कई लोगों पर घर में घुसकर हमला करने, मारपीट करने और परिवार के तीन सदस्यों को घायल करने का आरोप लगाया है. पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनके छोटे बेटे को झूठे मामले में फंसा कर असरगंज थाना पुलिस अपने साथ ले गयी है, जिससे परिवार में दहशत है. पीड़ित पक्ष ने नामजद आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

### स्कॉर्पियो-टोटो की टक्कर में तीन लोग घायल

**नवगछिया.** गोपालपुर थाना मकंदपुर चौक एनएच-31 पर स्कार्पियो-टोटो की टक्कर में तीन व्यक्ति घायल हो गये. घायलों में इस्माइलपुर थाना भिट्ठा के बद्री मंडल का पुत्र जीतन मंडल, जीतन मंडल की पत्नी नंदनी देवी, रंगरा थाना भवानीपुर के कैलाश पंडित की पत्नी सुषमा देवी है. स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया.

### बीआरसी में प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला

**गोपालपुर.** बीआरसी गोपालपुर में शनिवार को प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला हुई. कार्यशाला में यू डायस में सभी छात्र-छात्राओं की अद्यतन प्रविष्टि, टैब में सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का फेस पंजीयन, लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र, विद्यालयों में पानी, शौचालय व बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से रहने का प्रशिक्षण प्रशिक्षक अनिल कुमार ने दिया.

### पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता

**कहलगांव.** पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता विषय पर गुरुकृपा एकेडमी में चित्रकला प्रतियोगिता व जागरूकता शिविर अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय, कहलगांव के अध्यक्ष अवर न्यायाधीश अखिलेश कुमार के निर्देशन में हुआ. छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया. बच्चों ने चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. मौके पर मौलिक कर्तव्य और संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया. प्राधिकार की अध्यक्ष सह अवर न्यायाधीश अखिलेश कुमार और सचिव प्रज्ञा मिश्र के निर्देशन में प्राधिकार की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं. मौके पर स्कूल के निर्देशक पवन कुमार खेतान, प्रधानाध्यापक विनय कुमार मिश्रा, अंकुर खेतान, आलोक कुमार, शाहिद मौजूद थे.

### मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगा खोला मोर्चा

**पीरपैंती.** बारा पंचायत में चल रहे कई मनरेगा योजनाओं में बिना कार्य के पैसे की निकासी का आरोप पूर्व उपप्रमुख ने लगाया है. इसमें मिट्टी भराई, सड़क निर्माण और पंचायत सरकार भवन के सामने मिट्टी भराई व पेवर ब्लॉक ईंट सोलिंग कार्य शामिल हैं.

## ढोलबज्जा एपीएचसी में एंबुलेंस उपलब्ध कराने को लेकर सीएस ने लिखा पत्र

प्रतिनिधि, नवगछिया

ढोलबज्जा पंचायत स्थित एपीएचसी सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग एक बार फिर तीव्र हो गयी है. सीमावर्ती क्षेत्र की लगभग तीन लाख की आबादी को जीवन रक्षक सुविधा उपलब्ध कराने का मुद्दा लंबे समय से उठता रहा है, लेकिन अब इस पर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है. पंचायत के जदयू नेता प्रशांत भवेश कुमार कन्हैया ने बिहार सरकार के मुख्य सचिव को आवेदन भेज कर अविलंब एक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा तीनों जिलों की सीमा पर अवस्थित है, जहां से करीब 12 पंचायतों के लोग इलाज के लिए मुख्य रूप से इसी संस्थान पर आश्रित हैं.

**डीएम के संज्ञान के बाद कार्रवाई शुरू**

डीएम के आदेश पर सिविल सर्जन ने बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक को पत्र भेजा है. पत्र में आउटसोर्सिंग से एक 102 एंबुलेंस की प्रतिनियुक्ति व संचालन सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की मांग की है. उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित मांग जल्द पूरी होगी.

### सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत मदद न मिलना बड़ी समस्या

जदयू नेता ने कहा कि इस क्षेत्र से बाबा विशुराउत सेतु, फोरलेन सड़क और एसएच–58 गुजरती है, जो भागलपुर से मधेपुरा को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है. वाहनों की तेज आवाजाही से इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं. कई बार समय पर एंबुलेंस न मिलने से गंभीर घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार तक नसीब नहीं हो पाता और कई मामलों में जान तक चली जाती है.

### प्रसव सुविधा होने के बावजूद एंबुलेंस नहीं

एपीएचसी में प्रसव की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद जटिल परिस्थितियों में मरीजों को नवगछिया या भागलपुर रेफर करना पड़ता है. ऐसे में नवगछिया से एंबुलेंस आने में काफी समय लग जाता है. एंबुलेंस की अनुपलब्धता से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे जच्चा–बच्चा दोनों की जान पर गंभीर खतरा मंडराता रहता है.

### मोबाइल दुकानदार की बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**नवगछिया.** बाजार से मोबाइल दुकानदार की बाइक चोरी हो गई. मोबाइल दुकानदार मक्खातकिया के मोहसीन कुमार ने बताया कि मेरा वैशाली होटल रोड के राजश्री होटल के पास मोबाइल की दुकान है. साढ़े छह बजे दुकान के सामने रोड पर बाइक लगा कर दुकान पर गया. साढ़े.सात बजे दुकान से बाहर निकल कर रोड पर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी. आस पास काफी खोजबीन की. बाइक नहीं मिली. नवगछिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है. थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### शराब के नशे में व्यक्ति गिरफ्तार

**ढोलबज्जा.** वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा थे. पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया. मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई. आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी. पुलिस जेल भेजने के लिए न्यायालय में उपस्थित किया.

## पहले 50 हजार हेक्टेयर में होती थी गन्ना की खेती, अब आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे किसान

# गन्ना किसान सरकार के प्रोत्साहन की जोह रहे बाट

ऋषि कान्त मिश्र, कहलगांव

अनुमंडल के शिवनारायणपुर, पीरपैंती का क्षेत्र 1980 से 2000 के दशक तक गुड़ के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन अब यहां के किसान नए अवसरों की ओर बढ़ रहे हैं. पहले यहां 50 हजार हेक्टेयर में गन्ने की खेती होती थी, लेकिन अब किसान विविध फसलों की ओर रुख कर रहे हैं. रामजानीपुर के गन्ना उत्पादक किसान विकास कुमार, भिखारी यादव, राजेंद्र यादव, शंकर सिंह आदि का कहना है कि पहले वे लोग अधिकांश खेतों में गन्ने की खेती करते थे, लेकिन अब नए फसलों की ओर बढ़ रहे हैं. कहा कि गन्ने की खेती में मुनाफा कम होने के बाद नई तकनीकी से आधुनिक खेती के लिए नई चुनौतियों का सामना कर मुनाफा कमा रहे हैं. सरकार की मदद से और सिंचाई की सुविधा मिलने पर यहां के किसान फिर से गन्ने की खेती में आगे बढ़ सकते हैं. आज भी कुछ किसान गन्ने की खेती कर रहे हैं, लेकिन खर्च के मुताबिक बाजार में भाव नहीं मिल रहा है. 50 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम गुड़ का सामान्य दर है. वहीं उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ की बिक्री 70 से 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से हो रही है.

### विधायक के आश्वासन से किसानों में उम्मीद

नवनिर्वाचित विधायक मुरारी पासवान से उम्मीद है कि यहां के किसानों को गन्ने की खेती के लिए सरकार से पर्याप्त अनुदान दिलाएंगे. साथ ही क्षेत्र में चीनी मिल की स्थापना कर यहां के लोगों को बेरोजगारी से मुक्ति दिलाएंगे. ऐसा उन्होंने जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से वादा किया है. वहीं मोहनपुर गोघट्टा के प्रशिक्षित किसान मनोज कुमार ने कहा कि गन्ना की खेती अब घाटे का सौदा हो गया है. हम लोग मक्का, गेहूं, सब्जी आदि की खेती कर अच्छा मुनाफा तो कमा रहे हैं किन्तु गुड़ उत्पादन की बराबरी नहीं हो पा रही है. सरकार से गन्ना किसान को प्रोत्साहन मिलने पर पुन: यह खेती क्षेत्र के लोगों में आमदनी का जरिया बनकर उभरेगा.


गन्नोके रस से गुड़ तैयार करता किसान.

### शारदा पाठशाला से स्टेशन चौक तक हटेगा अतिक्रमण

**कहलगांव.** शारदा पाठशाला स्कूल से स्टेशन चौक तक एनएच-80 के दोनों ओर अतिक्रमण की स्थिति गंभीर हो चुकी है. सड़क पर दो भारी वाहन गुजरने पर पैदल राहगीरों के लिए खड़े होने तक की जगह नहीं बचती है. डीएम नवल कुमार चौधरी ने डीसीएलआर सरफराज नवाज को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 10 दिनों में पूरे क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाए. डीसीएलआर ने एनएच-80 सड़क चौड़ाई कम होने का हवाला दिया. डीएम ने कहा कि एनएच हमेशा फुल विड्थ में बनता है, सड़क कम चौड़ी होने की बात संभव नहीं है. उन्होंने संबंधित अभिलेख खोज कर प्रस्तुत करने और जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है.

**आंकड़ों में राज्य** वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का अपना राजस्व 60000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है.



## बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि




**पटना.** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाइकोर्ट के निकट बाबा साहेब प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्पीकर डॉ प्रेम कुमार, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी व सांसद संजय कुमार झा भी मौजूद थे.

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में 44,073 उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि दी गयी: नीतीश

- मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अधिकारियों को दिये निर्देश

**संवाददाता, पटना**

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत कुल 44,073 उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि दी गयी है.

इससे लोग अपना खुद का उद्योग व कारोबार कर रहे हैं. बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं. बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब बनाने के उद्देश्य से डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, मेगा टेक सिटी एवं फिनटेक सिटी की स्थापना के लिए कार्ययोजना के निर्माण और उसके कार्यान्वयन के लगातार मॉनीटरिंग के लिए शीर्ष समिति का गठन किया गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह बातें शनिवार को एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहीं. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये.

### उद्योगों को बढ़ावा दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि साथ ही बिहार को एक 'वैश्विक बैक एंड हब' और 'ग्लोबल वर्क प्लेस' के रूप में विकसित और स्थापित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर उसके कार्यान्वयन के लिए लगातार मॉनीटरिंग करने के लिए एक शीर्ष समिति का गठन किया गया है. इसके अलावा प्रतिभाशाली युवाओं और उद्यमियों को राज्य अंतर्गत स्टार्टअप एवं अन्य न्यू एज इकोनॉमी प्रक्षेत्र के रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को विस्तार देने के लिए कार्ययोजना बनाकर उसके कार्यान्वयन और लगातार मॉनीटरिंग की व्यवस्था की गयी है. बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि किसी भी राज्य की तेज आर्थिक तरक्की और रोजगार पैदा करने के लिए वृहद पैमाने पर औद्योगीकरण का होना जरूरी है.



### 2005 की तुलना में 2025 में उद्योग की स्थिति हुई बेहतर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या जो वर्ष 2005 में 46 थी, वह बढ़कर अब वर्ष 2025 में 94 हो गयी है. औद्योगिक इकाइयों की संख्या वर्ष 2005 में 1674 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 3500 हो गयी है. इसी प्रकार वर्ष 2005 में बिहार से औद्योगिक उत्पादों का निर्यात जो मात्र 25 करोड़ रुपये था, वह बढ़कर वर्ष 2025 में 17 हजार करोड़ रुपये हो गया है. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की संख्या 2005 के मुकाबले 72 हजार से बढ़कर 2025 में 35 लाख हो गयी है और बिहार के जीएसडीपी में उद्योगों का योगदान वर्ष 2005 के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 21 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है. यह सरकार द्वारा बिहार के औद्योगिक विकास के लिए किये गये प्रयासों को दर्शाता है.

## न्यूज बाइट्स

### हादसे में बाइक सवार दो युवकों की गयी जान

**विद्यापतिनगर (समस्तीपुर).** एनएच 122 बी बढ़ौना बस्ती के निकट एक वाहन से बाइक टकरा गयी. उसपर सवार दो युवक घायल हो गये. जानकारी पर मोहिउद्दीननगर के एसएचओ सचिन कुमार ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया. वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. उनकी पहचान बढ़ौना गांव के सुरेश महतो के पुत्र अमन कुमार (24) व हरपुर बोचहा गांव के रामलगन राय के पुत्र राहुल कुमार (25) के रूप में की गयी. अमन अपने बड़े भाई की बारात निकलने से पूर्व आवश्यक कार्य के लिए घर से मदुदाबाद बाजार अपने दोस्त राहुल के साथ जा रहा था. इस दौरान एनएच 122 बी बस्ती शिव मंदिर के निकट पल्सर बाइक में वाहन ने ठोकर मार दी.

### तार में फंसा डाला, पोल टूटने से छात्रा की मौत

**सरैया (मुजफ्फरपुर).** थाना क्षेत्र में बहिलवारा रूपनाथ दक्षिणी पंचायत के शंकर नगर टोंक गांव में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया. एक ट्रक का डाला बीच सड़क पर बिजली के तार में फंस गया और पोल टूट गया. पोल सीमेंट का बना था. पोल विद्यालय जा रही एक छात्रा पर गिर गया. इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी. पोल में लगे बिजली तार से उसे करेंट भी लगा. छात्रा को परिजन आरडीजेएम मेडिकल अस्पताल तुर्की ले गए. चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. मृत छात्रा की पहचान सुबोध पासवान की पुत्री अरूणाचल कुमारी के रूप में हुई है.

### 90 लाख का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण).** पुलिस को शनिवार को सुबह बड़ी उपलब्धि मिली. छतौनी पुलिस ने मठिया मोड़ के पास से स्कार्पियो सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 15 बंडल में रखा 169 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है. उसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 90 लाख रुपये बतायी जा रही है. सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में चिरैया थाने के खोड़ा गांव के रमेश कुमार व रवि कुमार शामिल हैं. पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने गांजा को घोड़ासहन में लोड किया था. उसे लेकर मुजफ्फरपुर डिलीवरी देने जा रहे थे. पुलिस को इसकी सूचना मिली. गुप्तचरों ने पुलिस को बताया कि स्कार्पियो से गांजा लेकर दो तस्कर घोड़ासहन से छतौनी होते हुए मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे हैं.

### स्कूल परिसर के तालाब से मिला छात्र का शव

**कोटवा (पूचं).** थाना क्षेत्र के मच्छगावां स्थित बनकटवा मध्य विद्यालय से पांच दिन पूर्व लापता छात्र रवि कुमार (12) का शव शनिवार को स्कूल परिसर स्थित तालाब से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. शव मिलते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा. घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा कि बच्चा स्कूल से ही गायब हुआ था. पांच दिन बाद स्कूल परिसर के तालाब से शव मिलना गंभीर लापरवाही और संदेह को जन्म देता है. गुस्साए ग्रामीणों ने हेडमास्टर सहित छह शिक्षकों को बंधक बना लिया. सभी को एक कमरे में बंद कर दिया. स्थिति तनावपूर्ण हो गयी. चार घंटे की मशक्कत और समझाने के बाद शिक्षकों को पुलिस सुरक्षा में मुक्त कराया गया.

### स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**सहरसा.** इंजीनियरिंग कॉलेज सहरसा के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है. सेकेंड ईयर के छात्र दिलशाद अख्तर व उनकी टीम द्वारा बनाया गया एरॉनगेज स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है. उनका यह इनोवेटिव प्रोजेक्ट स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया है. जो आठ से 12 दिसंबर तक आईआईटी रुड़की, उत्तराखंड में आयोजित किया जायेगा.

### अररिया : हाइवा के धक्के से एक की गयी जान

**अररिया.** फारबिसगंज-अररिया एनएच 27 हरियाबाड़ा के समीप एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने एक ई-ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार एक व्यक्ति पुरंदाहा निवासी 45 वर्षीय नसीम की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी. वहीं नौ लोग घायल हो गये. घायलों में पुरंदाहा ऑटो चालक मो मोकतार, शाहिन, वजी, केशवर, कुजरी फरसाडांगी के तफिल, साविया, रूकशार, नुरअखतर, बुची, बीवी फकडो घायल हो गयी.

### इंडियन बैंक ने रेपो से जुड़ी उधारी दर घटायी

**चेन्नई.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने के बाद इंडियन बैंक ने अपनी रेपो से जुड़ी प्रधान उधारी दर को 8.2 प्रतिशत से घटाकर 7.95 प्रतिशत कर दिया है. बैंक ने एक बयान में कहा कि संशोधित उधारी दरें छह दिसंबर से प्रभावी हैं. रेपो से जुड़ी प्रधान उधारी दर (आरबीएलआर) में 0.25 प्रतिशत की कमी से ग्राहकों के लिए कर्ज सस्ता होगा. आवास ऋण और व्यवसाय ऋण जैसे आरबीएलआर से जुड़े कर्ज लेने वाले ग्राहकों को लाभ होगा.

### कोलकाता से कुख्यात नौशाद मल्लिक गिरफ्तार

**कोलकाता.** कोलकाता पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में टेंगरा के एक आवासीय परिसर से बिहार का कुख्यात अपराधी नौशाद मल्लिक गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, नौशाद पर बिहार में जमीन कब्जा, उगाही और हत्या जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं. वह पिछले साल पटना के शरीया आवासन इलाके में अनवर आलम की दिनदहाड़े हुई हत्या का भी मुख्य आरोपी बताया जाता है.

### मधुमक्खियों के हमले में एक युवक की मौत

**मसौढ़ी .** धनरूआ थाना क्षेत्र के मसौढ़ी बरनी मार्ग व पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग के सटे स्थित एक निजी नर्सिंग होम के पास पर शनिवार शाम मधुमक्खियों के झुंड के इस हमले में एक युवक की मौत हो गयी और 15 से 20 लोग जख्मी हो गयी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क के दोनों ओर बड़े वृक्षों पर लंबे समय से मधुमक्खियों का बसेरा है. शाम के समय तेज हवा चलने पर एक पेड़ की मोटी टहनी नीचे गिर गयी. इससे मधुमक्खियों का पूरा छत्ता टूट कर बिखर गया और मधुमक्खियां वहां से गुजर रहे लोगों पर एक साथ टूट पड़ीं. लोग जान बचाने के लिए भागने लगे. इसी दौरान रामपुर गांव निवासी जुगेश्वर सिंह का पुत्र रजनीश कुमार (33 वर्ष) बाइक से गुजर रहा था. मधुमक्खियों का एक झुंड उन पर टूट पड़ा.

**कवायद.** सम्राट चौधरी ने की बैठक, पुलिस अफसरों को दी नसीहत

# अवैध खनन पर सीधी चोट, जब्त गाड़ियां 15 दिनों में होंगी नीलाम

**संवाददाता, पटना**

**उपमुख्यमंत्री** सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कानून-व्यवस्था पर सीधा वार करते हुए अधिकारियों को साफ निर्देश दिया है कि अवैध खनन में पकड़े गये वाहन अब महीनों तक थानों और जिला परिसरों में 'जंग खाते ढेर' की तरह नहीं पड़े रहेंगे. वाहन जब्त होते ही जिम्मेदार लोगों पर आपराधिक केस दर्ज होगा और 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से नीलामी की जायेगी. यानी खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई अब फाइलों में नहीं जमीन पर दिखेगी.श्री चौधरी ने साफ कहा कि पुलिस की सुस्ती, रसूकदारों की पैरवी या किसी भी तरह का दबाव में अपराधी बचना नहीं चाहिए. अपराधियों पर कार्रवाई के को मॉनीटर किया जायेगा और देरी पर सीधे जवाबदेही तय होगी. इसी तरह, राज्य में परीक्षाओं के दौरान हो रहे प्रश्नपत्र लीक पर लगाम लगाने के लिए उपमुख्यमंत्री ने 'स्पेशल एंटी-लीक टास्क फोर्स' बनाने का आदेश दिया है.

- सम्राट बोले- जमीन पर दिखे अपराधियों पर होने वाली कार्रवाई
- तकनीकी और प्रोफेशनल कर्मियों की बहाली के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को तत्काल अधियाचना भेजे विभाग
- इमरजेंसी सेवा 112 का रिस्पांस 8-10 मिनट में सुनिश्चित करने के लिए भी कड़े निर्देश दिये

### पेपर लीक मामलों में माफिया की संपत्ति कुर्क करने का आदेश



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते.

सम्राट ने साफ कहा कि पेपर लीक गिरोह के सरगनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो, उनकी संपत्ति जब्त की जाए और किसी भी परीक्षा में सुरक्षा चूक पर सीधा विभागीय दायित्व तय हो. उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अब पेपर लीक पर 'क्लेरिकल कार्रवाई' नहीं, 'कानूनी कार्रवाई' दिखनी चाहिए.सम्राट चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में तकनीकी और प्रोफेशनल कर्मियों की बहाली को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग को तत्काल अधियाचना भेजी जाए. उन्होंने कहा कि तकनीकी स्टाफ की कमी कई महत्वपूर्ण जांचों और तकनीक आधारित पुलिसिंग को प्रभावित कर रही है अब यह स्थिति नहीं चलेगी. बैठक में उपमुख्यमंत्री ने बैंकिंग फ्रॉड पर त्वरित कार्रवाई, साइबर अपराध में केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय बढ़ाने, छात्राओं और महिलाओं के लिए व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने और इमरजेंसी सेवा 112 का रिस्पांस 8–10 मिनट में सुनिश्चित करने के लिए भी कड़े निर्देश दिए. स्कूल–कॉलेजों के आसपास दोपहिया गश्ती दल बढ़ाने का आदेश भी जारी हुआ. बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह अरविंद चौधरी, डीजीपी विनय कुमार, एडीजी कमजोर वर्ग डॉ अमित जैन, एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन आदि मौजूद रहे.

## जदयू बनायेगा एक करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य


सीएम नीतीश कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाते राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा.

**संवाददाता, पटना**

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू सदस्यता अभियान 2025-28 की शुरुआत की

**जदयू** के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण कर जदयू सदस्यता अभियान 2025-28 का औपचारिक शुभारंभ किया. जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री को पार्टी की सदस्यता दिलायी. साथ ही जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बशिष्ठ नारायण सिंह सहित कई वरीय नेताओं को सदस्यता दिलायी. पार्टी द्वारा एक करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए बूथ स्तर पर सघन अभियान चलाया जायेगा. साथ ही, इस मौके पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिये गये सम्मान पर पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री को हार्दिक अभिनंदन और बधाई दी गयी. उन्हें भव्य माला पहनाकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सुनील कुमार, मंत्री लेशी सिंह, प्रो (डॉ) रामवचन राय, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, रवींद्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, श्याम रजक, महेश्वर हजारी, शीला मंडल, चंदन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे.

## निगरानी ने डेढ़ लाख की रिश्वत लेते प्रोफेसर को रंगे हाथ पकड़ा

- मेस में बनने वाले खाने के बिल भुगतान के लिए ले रहा था रिश्वत

**संवाददाता,पटना**

**राज्य** सरकार की लगातार सख्ती के बावजूद भ्रष्ट लोक सेवकों के कारनामे थम नहीं रहे हैं. अब स्थिति इतनी बिगड़ गयी है कि छात्रों के मेस में बनने वाले भोजन के बिल भुगतान के लिए भी रिश्वत मांगने का मामला सामने आ गया है. निगरानी ने शनिवार को गुलजारबाग में ऐसी ही कार्रवाई करते हुए एक प्रोफेसर को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. सूत्रों के अनुसार गुलजारबाग पॉलिटेक्निक में पढ़ने वाले और हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए मेस में भोजन बनाया जाता है. निगरानी ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि मेस प्रभारी प्रोफेसर मिथिलेश कुमार भोजन आपूर्ति का भुगतान करने के लिए आपूर्तिकर्ता से मोटी राशि की मांग कर रहे हैं. शिकायत की पुष्टि के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया. शनिवार को जैसे ही आरोपी प्रोफेसर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत ले रहे थे, टीम ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया.

## बिजली कंपनी ने पहली बार शेयरधारकों को दिया फायदा

**पटना.** बिहार की बिजली की बड़ी कंपनी बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड (बीजीसीएल) ने पहली बार अपने शेयरधारकों को फायदा (लाभांश या डिविडेंड) देने का एलान किया है. कंपनी ने इस साल (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए 10 रुपये वाले हर शेयर पर 0.50 रुपये (यानी 5%) का फायदा देने की घोषणा की है. बीजीसीएल को इस साल के पहले छह महीनों में 29.77 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ है. कंपनी की कुल पूंजी 270 करोड़ से ज्यादा है.

## बिहार में लोकतंत्र हारा, मशीनरी जीता

**बोले तेजस्वी**

**संवाददाता, पटना**

- इन दिनों सपरिवार यूरोप की यात्रा कर रहे तेजस्वी ने शनिवार को कपिल सिब्बल के साथ बातचीत का वीडियो साझा किया



**विधानसभा** चुनाव में हार के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पहली बार अपनी बातों को रखा. देश के वरीय अधिवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ लगभग पौन घंटे की बातचीत में तेजस्वी ने बिहार चुनाव को लोकतंत्र के बजाय मशीनरी की जीत कहा. आरोप लगाया कि संविधान को खत्म करने की साजिश चल रही है. इन दिनों सपरिवार यूरोप की यात्रा कर रहे तेजस्वी ने शनिवार को कपिल सिब्बल के साथ बातचीत का वीडियो साझा किया. तेजस्वी ने कहा चुनाव पूरी तरह से फिक्स था. इसलिए जीत बिहार की जनता और जीतने वाले विधायकों को भी नहीं पच रही है. उन्होंने कहा कि कोई भी यह बात पचा नहीं पा रहा है कि 75 से 25 पर हम कैसे आ गये. बिहार में लोकतंत्र की हार हुई है, मशीनरी जीती है. भाजपा के लोगों ने चुनाव जीतने के लिए कोई भी चीज नहीं छोड़ी है. पेंशन बढ़ाने, माई बहिन मान योजना की बात हमने की थी. चुनाव के 10 दिन पहले 40 हजार करोड़ रिश्वत के रूप में बांटे गये. तेजस्वी ने कहा कि एक करोड़ 90 लाख महागठबंधन को मिले. अगर वोट परसेंट बढ़े हैं, तो वह बदलाव के लिए बढ़े हैं. पोस्टल बैलेट में 143 में महागठबंधन को लीड थी, लेकिन इवीएम में अदृश्य शक्तियां हैं जो बदलाव नहीं चाहती हैं. चुनाव आयोग को बेइमान बताते हुए तेजस्वी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज को 45 दिन ही सुरक्षित रखने का नियम क्यों बनाया गया.

# बच्चों का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी सरकार, शिक्षण संस्थानों के साथ अभिभावकों की भी : डॉ प्रेम कुमार

**संवाददाता, पटना**



**प्रभात खबर ने 42 शिक्षकों-प्रोफेसरों को किया सम्मानित**

**बिहार** विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि शिक्षकों के कंधे पर समाज को सुधारने और बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनका भविष्य बनाने की जिम्मेदारी है. बच्चों के भविष्य को बनाने की जिम्मेदारी सरकार ही नहीं, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और तमाम लोगों की है. चुनौतियां जो हमारे सामने हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसकी लगातार चर्चा कर रहे हैं. वे शनिवार को प्रभात खबर की ओर से पटना के एक स्थानीय होटल में आयोजित गुरु सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे. इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 42 शिक्षकों और प्रोफेसरों को सम्मानित किया गया. डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि गुरु सम्मान समारोह में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है. प्रभात खबर लगातार लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित व प्रोत्साहित करता रहा है. निःस्वार्थ सेवा करने वाले शिक्षकों को प्रभात खबर ने आज गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार ने शिक्षा पर काफी सुधार किया है. हमारा मानना है कि सरकार का काम नीति बनाना और उसकी निगरानी करना है. स्कूल में कैसे अच्छा माहौल बने, इस पर भी सोचना होगा. इससे पहले बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, चाणक्या लॉ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ फैजान मुस्तफा, गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ बिपिन कुमार सिंह और टीसीएच एडुसर्व के निदेशक सौरव झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

## गोपालगंज में एक कंपनी ने 110 करोड़ का किया फ्रॉड

**संवाददाता, पटना**

**गोपालगंज** स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एसएमइ शाखा में अबतक का सबसे बड़ा ऋण फ्रॉड सामने आया है. आरबीआइ के आदेश पर बैंक की ओर से कराये गये फॉरेंसिक ऑडिट की रिपोर्ट में एक कंपनी को दिये गये 110 करोड़ के ऋण को फ्रॉड घोषित किया है. बैंक के जानकार सूत्रों ने बताया कि कंपनी की स्थिति व स्टॉक को बढ़ा-चढ़ा कर रिपोर्ट बनाकर स्टेट बैंक की कॉलेज रोड स्थित एसएमइ शाखा से 110 करोड़ का ऋण स्वीकृत कर दिया गया, जबकि कंपनी का फाइनेंशियल स्टेटस उतना नहीं है. वहीं, अन्य बैंकों के ऋण एकाउंट को भी टेकओवर कर लिया गया. बैंक की ओर से दी गयी ऋण राशि के फंड ट्रांसफर से जमीन खरीदने समेत अन्य कार्य किये गये. कंपनी ने चोला मंडलम व महिंद्रा एंड महिंद्रा से भी स्टॉक को बढ़ा-चढ़ाकर ऋण लिया था. फॉरेंसिक ऑडिट में जीएसटी में भी 25.48 करोड़ का डिफरेंस मिला है. एक्चुअल टर्न ओवर में भी अंतर मिला है.

**छह ग्रे स्पॉट को भी किया गया ठीक, मोर्थ ने राज्य में 260 एनएच और बिहार सरकार ने 563 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किये**

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगा ब्रेक, 285 ब्लैक स्पॉट चिह्नित

- 285 ब्लैक स्पॉट में 227 में सुधार

**संवाददाता, पटना**

**सड़क** हादसों को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों के बेहतर नतीजे दिखने लगे हैं. पिछले तीन साल में राज्यभर में 285 खतरनाक ब्लैक स्पॉट चिह्नित किये गये, जिनमें 227 जगहों को पूरी तरह ठीक कर दिया गया है. परिवहन विभाग के मुताबिक पथ निर्माण विभाग ने वर्ष 2022 में 96 में से 93, वर्ष 2023 में 96 में से 92 और वर्ष 2024 में 93 में से 42 ब्लैक स्पॉट को ठीक किया है. बाकी 58 स्पॉट को भी इस साल के अंत तक दुरुस्त कर लिया जायेगा.

### एनएचएआइ ने 260 ब्लैक स्पॉट को किया बेहतर




भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) मानक के अनुरूप राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 260 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सभी को ठीक कर दिया है. साथ ही, बिहार राज्य के मानक के अनुरूप 563 ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर, 547 को बेहतर कर लिया गया है .अन्य 16 बचे ब्लैक स्पॉट को सुधारने का काम जारी है. वहीं, ग्रामीण कार्य विभाग ने अभी तक ग्रामीण सड़कों में एक भी ब्लैक स्पॉट नहीं पाया है, लेकिन मधुबनी, मुजफ्फरपुर, बक्सर और कैमूर जिले में छह ग्रे स्पॉट चिह्नित किये गये हैं. इन सभी ग्रे स्पॉट को ठीक कर चालू कर दिया गया है.

**सरकार सड़क हादसों को कम करने के लिए निरंतर हर संभव प्रयास कर रही है.बिहार में चिह्नित किये गये स्थानों पर सुधारात्मक कार्य लगातार किये जा रहे हैं. जल्द ही बचे हुए सभी स्थानों को ठीक कर लिया जायेगा. साथ ही नये स्थानों को चिन्हित कर इन्हें भी जल्द ठीक किया जायेगा.**

**श्रवण कुमार,** मंत्री, परिवहन विभाग.

### ब्लैक स्पॉट और ग्रे स्पॉट में फर्क

**ब्लैक स्पॉट :** सड़क का वह हिस्सा या स्थान, जहां बहुत ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं. आमतौर पर पिछले तीन–पांच साल के आंकड़ों के आधार पर यह तय किया जाता है. जैसे- तेज मोड़, खराब डिजाइन वाला चौराहा, अंधेरा, सड़क पर गड्ढे या जहां बार–बार दुर्घटना होती है. वहीं, ग्रे स्पॉट वो जगहें होती हैं. जहां गंभीर दुर्घटनाएं और चोटें बहुत लगती हैं.

## एक अप्रैल से महंगी हो सकती है बिजली

**पटना.** बिहार में अगले साल एक अप्रैल 2026 से बिजली महंगी होने के संकेत मिल गए हैं. राज्य की बिजली कंपनियों ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग को अनुदानरहित बिजली दर का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है जिसमें गरीब, ग्रामीण, शहरी घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि, स्ट्रीट लाइट और औद्योगिक सभी श्रेणियों में बिजली दर बढ़ाने की सिफारिश की गई है. यदि आयोग इस प्रस्ताव पर मुहर लगा देता है तो आम उपभोक्ताओं को कम से कम 35 पैसे प्रति यूनिट तक महंगी बिजली बिल का बोझ झेलना पड़ेगा. कंपनी ने कुटीर ज्योति, ग्रामीण और शहरी घरेलू दर को एक समान करने का प्रस्ताव दिया है. वर्तमान में 7.42 रुपये प्रति यूनिट दर को 7.77 रुपये प्रति यूनिट करने की अनुशंसा की गई है.

**टीवी पर आज** ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट का प्रसारण सुबह 9.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर





**तीसरा वनडे.** चार-चार विकेट लिये कुलदीप व कृष्णा ने, जायसवाल के नाबाद 116 रन

# कुलदीप-कृष्णा का कमाल, यशस्वी के शतक से भारत ने द अफ्रीका को हराया

एजेंसियां, विशाखापत्तनम

**कुलदीप** यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 116) के शतक से भारतीय टीम ने तीसरा और निर्णायक वनडे मुकाबला जीत लिया. शनिवार को खेले गये मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हरा कर सीरीज 2-1 से जीत ली. कुलदीप (41/4) और कृष्णा (66/4) ने चार-चार विकेट लिये, जिससे क्विंटन डिकॉक (106) के शतक के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट हो गयी. भारत ने 39.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. इस तरह उसने टेस्ट सीरीज में मिली 0-2 की हार का बदला ले लिया. दोनों टीमें अब नौ दिसंबर से पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भिड़ेंगी. जायसवाल ने नाबाद शतकीय पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा रोहित (75) के साथ पहले विकेट के लिए 155 और कोहली (65*) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी की.




## 20 वनडे बाद भारत ने जीता टॉस

भारत 20 वनडे मैचों के लंबे अंतराल के बाद टॉस जीतने में सफल रहा. 2023 में पुरुषों के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइल (न्यूजीलैंड के खिलाफ) के बाद यह पहला मौका था, जब भारत ने किसी वनडे मैच में टॉस जीता. टॉस के समय केएल राहुल के हाथ में टॉस था. तेंबा बावुमा ने 'हेड' कहा, लेकिन आया 'टेल'. रोहित के बाद गिल भी बतौर कप्तान टॉस नहीं जीत पाये, लेकिन केएल राहुल ने इस सिलसिले को खत्म किया.

## यशस्वी का वनडे में पहला शतक

यशस्वी जायसवाल ने 75 गेंद में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया. उन्होंने नाबाद 116 रन की पारी खेली. जायसवाल ने 121 गेंद में 12 चौके व दो छक्के जड़े. वह तीनों फॉर्मेट में शतक जड़नेवाले छठे भारतीय बन गये हैं. सुरेश रैना इंटरनेशनल क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं. उनके अलावा रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, शुभमन गिल तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ चुके हैं.

## स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो कृष्णा | 106 | 89 | 8 | 6 |
| रिकेल्टन कै राहुल बो अर्शदीप | 00 | 04 | 0 | 0 |
| बावुमा कै कोहली बो जडेजा | 48 | 67 | 5 | 0 |
| ब्रिट्जके पगबाधा बो कृष्णा | 24 | 23 | 0 | 2 |
| मार्कराम कै कोहली बो कृष्णा | 01 | 03 | 0 | 0 |
| ब्रेविस कै रोहित बो कुलदीप | 29 | 29 | 2 | 1 |
| यानसन कै जडेजा बो कुलदीप | 17 | 15 | 2 | 0 |
| कोर्बिन बॉश कैएंडबो कुलदीप | 09 | 12 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 20 | 29 | 2 | 0 |
| लुंगी एनगिडी पगबाधा बो कुलदीप | 01 | 10 | 0 | 0 |
| ओटनील बार्टमैन बो कृष्णा | 03 | 07 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 12. **कुल** : 10/270 रन (47.5 ओवर). **विकेट पतन** : 1-01, 2-114, 3-168, 4-170, 5-199, 6-234, 7-235, 8-252, 9-258, 10-270. **गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 8-1-36-1, हर्षित राणा 8-2-44-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9.5-0-66-4, रवींद्र जडेजा 9-0-50-1, कुलदीप यादव 10-1-41-4, तिलक वर्मा 3-0-29-0.

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 116 | 121 | 12 | 2 |
| रोहित कै ब्रिट्जके बो महाराज | 75 | 73 | 7 | 3 |
| विराट कोहली नाबाद | 65 | 45 | 6 | 3 |

**अतिरिक्त** : 15. **कुल** : 1/271 रन (39.5 ओवर). **विकेट पतन** : 1-155. **गेंदबाजी** : मार्को यानसन 8-1-39-0, लुंगी एनगिडी 6.5-0-56-0, केशव महाराज 10-0-44-1, ओटनील बार्टमैन 7-0-60-0, कोर्बिन बॉश 6-0-53-0, एडन मार्कराम 2-0-17-0.

## डिकॉक का 23वां वनडे शतक



इन दो झटकों से बेपरवाह डिकॉक ने राणा के खिलाफ छक्के के साथ 80 गेंद में अपना 23वां वनडे शतक पूरा किया. ब्रेविस ने इसी ओवर में चौके से अपना खाता खोलने के बाद अर्शदीप की गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया. कृष्णा ने डिकॉक को बोल्ड कर उनकी शतकीय पारी पर विराम लगाया. ब्रेविस और यानसन ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी से 35 रन की साझेदारी के दौरान भारतीय गेंदबाजों को परेशान करना जारी रखा, लेकिन कुलदीप ने अपनी फिरकी पर दोनों को पवेलियन की राह दिखा दी. कुलदीप ने अपनी गेंद पर ही कोर्बिन बॉश (नौ) का कैच लपक कर दक्षिण अफ्रीका के बड़ा स्कोर खड़ा करने का सपना तोड़ दिया. उन्होंने इसके बाद लुंगी एनगिडी को पगबाधा किया.

## फील्ड बाइट्स

### चेन्नई सुपर वॉरियर्स को हराकर हैदराबाद रॉयल्स फाइनल में पहुंचा

**नयी दिल्ली.** हैदराबाद रॉयल्स ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वालीफायर एक में चेन्नई सुपर वॉरियर्स को 4-2 से हरा कर शनिवार को इंडियन पिकलबॉल लीग (आइपीबीएल) के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. मुंबई स्मैशर्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ लेपर्ड्स को समान स्कोर से हरा कर क्वालीफायर 2 में जगह बनायी. इस मैच को जीतनेवाली टीम फाइनल में हैदराबाद रॉयल्स का सामना करेगी, जबकि लखनऊ की टीम का सफर मौजूदा टूर्नामेंट में खत्म हो गया.

### डेजर्ट वाइपर्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर रोमांचक जीत

**शारजाह.** डेजर्ट वाइपर्स ने यहां शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये आइएलटी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर दो विकेट से रोमांचक जीत हासिल की. नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 171 रन बनाये. उसकी तरफ से एलेक्स हेल्स ने 37 गेंदों पर तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली. इनके अलावा आंद्रे रसेल ने 23 गेंद पर नाबाद 36 रन का योगदान दिया. वाइपर्स ने 19.3 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बना कर जीत हासिल की. उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर ने 25 गेंदों में 48 रन की शानदार पारी खेली, जबकि खुजैमा तनवीर ने सिर्फ 12 गेंदों में 31 रन बना कर टीम को जीत दिलायी.

### निशानेबाजी विश्व कप में सुरुचि ने स्वर्ण और संयम ने रजत पदक जीता

**दोहा.** प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण, जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक जीता. इससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आइएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की. पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच कर कांस्य से संतोष करना पड़ा. उनके साथी वरुण तोमर चौथे स्थान पर रहे. दिन में पहले 10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बना कर स्वर्ण जीत भारत के लिए दिन चमका दिया.

**फुटबॉल का महासंग्राम.** बड़े मुकाबलों पर रहेगी दुनिया की नजर

# अर्जेंटीना की भिड़ंत अल्जीरिया से मोरक्को से ब्राजील की टक्कर

**फीफा विश्व कप 2026**

एजेंसियां, वॉशिंगटन

**फुटबॉल** जगत का सबसे बड़ा मंच फिर सजने जा रहा है. अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिल कर 11 जून 2026 से फीफा विश्व कप की मेजबानी करेंगे. 48 टीमों और 104 मैचों वाले इस टूर्नामेंट में हर दिन रोमांच चरम पर होगा. मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मुकाबला 16 जून को अल्जीरिया से होगा, जहां पूरी दुनिया की नजरें एक बार फिर लियोनेल मेसी पर होंगी. यह उनके करियर का रिकॉर्ड छठा विश्व कप हो सकता है. ब्राजील ग्रुप सी में मोरक्को के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा. पांच बार के चैंपियन ब्राजील के लिए यह मुकाबला आसान नहीं रहने वाला, जिसे उनके कोच भी 'कठिन ग्रुप' बता रहे हैं. वहीं मेजबान अमेरिका अपने घरेलू दर्शकों के सामने 12 जून को पराग्वे के खिलाफ पहला मैच खेलेगा और नॉकआउट में जगह बनाने के इरादे से उतरेगा.

### क्वार्टर फाइनल में मेसी-रोनाल्डो की टक्कर संभव

फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक बड़ा सपना तब सच हो सकता है, जब अर्जेंटीना और पुर्तगाल दोनों अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहें. ऐसी स्थिति में क्वार्टर फाइनल में मेसी और रोनाल्डो एक-दूसरे के सामने होंगे, जो इस विश्व कप का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक मुकाबला साबित हो सकता है.



### विश्व कप में कुराकाओ सबसे छोटा देश

48 टीमों के बीच टक्कर कड़ी होगी और लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाले कुराकाओ जैसे छोटे देश भी बड़े सपने लेकर मैदान में उतरेंगे. 19 जुलाई को न्यू जर्सी में होनेवाले फाइनल तक, हर मैच दुनिया भर के प्रशंसकों की धड़कनें बढ़ायेगा.

### सबसे रोमांचक मुकाबले

| | | टूर्नामेंट का प्रारूप और फाइनल |
|---|---|---|
| 11 जून | मेक्सिको बनाम दक्षिण अफ्रीका | 12 ग्रुप, हर ग्रुप में 4 टीमें |
| 12 जून | अमेरिका बनाम पराग्वे | 32 टीम नॉकआउट में |
| 16 जून | अर्जेंटीना बनाम अल्जीरिया | सभी नॉकआउट मैच यूएसए में |
| 17 जून | पुर्तगाल बनाम कोलंबिया | |

**फाइनल : 19 जुलाई, न्यू जर्सी**

## गिल फिट, पहले टी-20 मैच में खेलने की अनुमति मिली

**कटक.** भारत की टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है. गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गये पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गये थे. तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गयी थी, लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है. गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा. सीओई की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि गिल ने रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है.

## सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, सबसे ज्यादा सर्च किये गये क्रिकेटर बने

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**बिहार** के 14 साल के स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है. अब वह साल 2025 में भारत में सबसे ज्यादा सर्च किये जाने वाले पर्सनैलिटी बन गये हैं. इस मामले में उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है. उनका गूगल सर्च सूची में शीर्ष पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य के सितारे अब मैदान पर ही नहीं, प्रशंसकों के दिलों में भी अपनी जगह बना रहे हैं.

**आइपीएल से प्रसिद्ध हुए वैभव** : वैभव सूर्यवंशी की लोकप्रियता का बड़ा कारण उनका आइपीएल 2025 में किया गया प्रदर्शन रहा. राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें



1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने इस भरोसे को शानदार तरीके से पूरा किया.सूर्यवंशी ने सिर्फ सात मैचों में 252 रन बनाये. उनका सबसे यादगार प्रदर्शन गुजरात टाइटंस के खिलाफ आया, जहां उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में आइपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज और भारतीय खिलाड़ियों में सबसे तेज शतक लगाया.

# झारखंड ने लगातार छठी जीत दर्ज की तमिलनाडु को 28 रन से पराजित किया

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : कुशाग्र और विराट ने जड़े अर्धशतक**

एजेंसियां, अहमदाबाद

**झारखंड** ने कुमार कुशाग्र और विराट सिंह के शानदार अर्धशतकों के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मैच में तमिलनाडु को 28 रन से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड की शुरुआत खराब रही और पांचवें ओवर में 29 रन पर उसके दो विकेट गिर गये, लेकिन कुशाग्र (48 गेंद में 84 रन) और विराट (39 गेंद में 72 रन) ने मिल कर 120 रन की साझेदारी करके 15वें ओवर में पारी को




150 के करीब पहुंचा दिया. इसके बाद विराट और अनुकूल रॉय ने झारखंड को तीन विकेट पर 207 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. जवाब में तमिलनाडु की टीम सात विकेट पर 179 रन पर सिमट गयी. साई सुदर्शन (42 गेंद में 64 रन) की पारी से टीम 14वें ओवर में दो विकेट पर 124 रन बना चुकी थी, लेकिन उनके रन आउट होने से टीम लड़खड़ा गयी और इससे उबर नहीं सकी.

### हैदराबाद ने बिहार को सात विकेट से हराया

उधर, जादवपुर विश्वविद्यालय मैदान पर खेले गये एक अन्य मुकाबले में बिहार को हैदराबाद के हाथों सात विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा. इस कम स्कोर वाले मैच को हैदराबाद ने 8.3 ओवर शेष रहते हुए जीत दर्ज की. वैभव सूर्यवंशी 11 गेंद में 11 रन का ही योगदान दे सके. टीम के लिए पीयूष सिंह ने 34 व बिपिन सौरभ ने नाबाद 31 रन की पारी खेल टीम को आठ विकेट पर 132 रन तक पहुंचाया. जवाब में तन्मय अग्रवाल के नाबाद 67 रन की आक्रामक पारी से हैदराबाद ने 12.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 134 रन बनाये और यह मुकाबला अपने नाम कर लिया.

**एशेज टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाये 511 रन, दूसरी पारी में 134 रन पर छह विकेट गंवा इंग्लैंड संघर्षरत**

# स्टार्क का ऑलराउंड प्रदर्शन, इंग्लैंड हार के कगार पर

एजेंसियां, ब्रिस्बेन

**ऑस्ट्रेलियाई** तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शनिवार को बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया, जिससे इंग्लैंड की टीम दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 134 रन बना कर जूझ रही थी. 35 साल के स्टार्क ने इस डे-नाइट मैच में 141 गेंद में 77 रन बनाये, जो 2016 के बाद टेस्ट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है. उनकी इस पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बना कर 177 रन की बढ़त हासिल की. स्टंप तक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों चार रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे. इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया को फिर से बल्लेबाजी कराने के लिए 43 रन और बनाने होंगे. स्टार्क को पर्थ में सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से शानदार जीत में 10 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था. अब वह एक और पुरस्कार की दौड़ में हैं. स्टार्क ने जो रूट (15 रन) को आउट कर इंग्लैंड का अहम विकेट झटका.



इसके बाद उन्होंने अपने अगले ओवर में जेमी स्मिथ को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 128 रन कर दिया, जिससे सीरीज में उनके विकेटों की संख्या 18 पहुंच गयी. स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर ने दो-दो विकेट झटके. ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को जल्दी से चार विकेट झटक कर पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना चाहेगी. टेस्ट क्रिकेट के लगभग 150 साल में यह सिर्फ तीसरी बार हुआ है, जब एक टेस्ट पारी में ऑस्ट्रेलिया के सभी 11 बल्लेबाजों ने दोहरे अंक में रन बनाये. ऑस्ट्रेलिया के लिए पांच खिलाड़ियों ने अर्धशतक जमाये.

## वेस्टइंडीज ने 457 रन बना कर न्यूजीलैंड से टेस्ट ड्रॉ कराया

एजेंसियां, क्राइस्टचर्च

**जस्टिन** ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाये और केमार रोच के साथ सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने शनिवार को न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया. न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457



रन का स्कोर बनाया, जो टेस्ट क्रिकेट के पांच तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है. ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है. वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन मैच ड्रॉ करा कर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की.

## आज सात बार की चैंपियन जर्मनी से भारत का मुकाबला

**जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप**

एजेंसियां, चेन्नई

**बेल्जियम** को शूटआउट में हरा कर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होनेवाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा. मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढ़त बना ली थी, लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया, जिसमें गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज



की. पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हरा कर अंतिम चार में पहुंची जर्मनी के खिलाफ इस तरह की कोई भी चूक भारी पड़ सकती है और मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने भी स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार करना होगा. श्रीजेश ने मैच के बाद कहा कि नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते. सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा. हम खिताब से दो जीत दूर हैं.

# हमें 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा : मोदी

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लोगों से अगले 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करने का शनिवार को आग्रह किया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज हर क्षेत्र औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है और गर्व के साथ नयी उपलब्धियों का लक्ष्य बना रहा है. उन्होंने कहा कि हिंदू विकास दर शब्द का प्रयोग तब किया गया था, जब भारत 2-3 प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस गया था. मोदी ने कहा कि भारत में मानसिक गुलामी के बीज बोने वाली मैकाले की नीति 2035 में 200 वर्ष पूरे कर लेगी. यानि अभी 10 वर्ष बाकी हैं. एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है. इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्शाती है कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है. भारत में हो रहे बदलाव सिर्फ संभावनाओं के बारे में नहीं हैं, बल्कि बदलती सोच और दिशा की गाथा है.

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने पुण्यतिथि पर डॉ आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

### संवैधानिक मूल्यों के प्रति डॉ आंबेडकर का अटूट समर्पण करता रहेगा मार्गदर्शन : मोदी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य नेताओं ने बीआर आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर संसद भवन परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी के साथ संसद परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर भारतीय संविधान के शिल्पकार आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की. प्रधानमंत्री ने कहा कि आंबेडकर का दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनका अटूट समर्पण देश का मार्गदर्शन करता रहेगा. आंबेडकर ने पीढ़ियों को मानव गरिमा को बनाये रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने लिए प्रेरित किया है. सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू समेत कई नेताओं ने भी संसद परिसर में आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की.



### चैतन्यभूमि पर जुटे हजारों लोग

**मुंबई.** बाबासाहेब की पुण्यतिथि पर हजारों लोग मुंबई के दादर इलाके में स्थित उनके स्मारक चैतन्यभूमि पर एकत्र हुए. आंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है. मौके पर महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे मौजूद रहे.



## ग्लोबल बाइट्स

### शहीद जवान की बहन की शादी में जवानों ने निभायीं भाई की रस्में



**सांबा.** जम्मू-कश्मीर के सांबा में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट के जवानों ने शहीद नायक मुकेश कुमार की बहन की शादी में भाई की रस्में निभायीं. जवानों ने बहन को प्रतीक के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) भी भेंट की. शनिवार को सांबा में हुए इस आयोजन में जवानों की मौजूदगी ने परिवार को भावनात्मक सहारा भी दिया.

### दिल्ली में आइपीडब्ल्यूसी, शंकर मार्केट को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी में दो स्थानों इंडियन वुमन प्रेस कोर (आइडब्ल्यूपीसी) और शंकर मार्केट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शनिवार दोपहर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया. हालांकि बाद में यह अफवाह साबित हुई. अधिकारी ने बताया कि आइपीडब्ल्यूसी को एक ईमेल के माध्यम से विंडसर प्लेस स्थित उसके परिसर में विस्फोटक होने की धमकी मिली. फिर एक अन्य संदेश में शंकर मार्केट के लिए भी इसी तरह की धमकी दी गयी. जांच के बाद दोनों जगह पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला.

### सूडान : ड्रोन हमले में 33 बच्चों सहित 50 लोगों की हुई मौत

**काहिरा.** दक्षिण-मध्य सूडान में बच्चों के एक स्कूल पर एक अर्धसैनिक समूह द्वारा किये गये ड्रोन हमले में 33 बच्चों सहित 50 लोगों की मौत हो गयी. चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी. समूह ने शुक्रवार देर रात एक बयान में बताया कि दक्षिण कोर्डोफन राज्य के कलोगी शहर में घटनास्थल पर मौजूद चिकित्सा स्टाफ को एक अन्य हमले में निशाना बनाया गया.

### जुबिन मौत मामले की जांच लगभग पूरी, 12 को दाखिल होगा आरोप पत्र

**गुवाहाटी.** गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच लगभग पूरी हो गयी है और 12 दिसंबर को आरोप पत्र दाखिल किया जायेगा. असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. जुबिन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों मृत्यु हो गयी थी. सीआइडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी.

## इपीसी सेक्टर की रिपोर्ट



### 2030 तक इपीसी क्षेत्र में 2.5 करोड़ जॉब

देश के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन–इपीसी) क्षेत्र में 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है. एचआर समाधान प्रदाता सीआइइएल एचआर के इपीसी क्षेत्र प्रतिभा अध्ययन, 2025 के अनुसार, इपीसी क्षेत्र देश के अग्रणी रोजगार सृजनकर्ताओं में एक है और 2020 के बाद से भर्ती मांग में 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है.

#### इपीसी सेक्टर की वर्तमान स्थिति

**8.5** करोड़ प्लस है कुल कार्यबल | **70-80** लाख शीर्ष कंपनियों में कार्यरत हैं प्रोफेशनल | **51%** वृद्धि हुई है 2020 के बाद भर्ती की मांग में

#### 2030 तक रोजगार परिदृश्य

- 2.5 करोड़ से ज्यादा अनुमानित नयी नौकरियां
- इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार से लगातार बढ़ेगा हायरिंग ट्रेंड

#### एआइ का असर

**नौकरियां सुरक्षित** : एआइ से खतरा नहीं

**लाभ** : परियोजनाओं की दक्षता बढ़ेगी, योजना और इंजीनियरिंग प्रक्रियाएं मजबूत, सप्लाई चेन मैनेजमेंट बेहतर, मानव संसाधन की मांग पर कोई कमी नहीं.

## इंडिगो संकट. मंत्री बोले- गड़बड़ी करने वालों को चुकानी होगी कीमत

# इंडिगो पर सरकार सख्त, कंपनी के सीइओ को कारण बताओ नोटिस

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**इंडिगो** की उड़ानों में लगातार पांच दिनों से हो रही देरी और रद्दीकरण के बीच केंद्र सरकार हरकत में आ गयी है. बड़ी संख्या में यात्रियों को हुई परेशानी के बाद सरकार ने साफ कर दिया है कि पूरा मामला जांच में है और जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही दोषियों पर कार्रवाई तय होगी. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को इंडिगो के सीइओ पीटर एल्बर्स के साथ लंबी बैठक की. बैठक में उड़ानों में लगातार आ रही बाधा, यात्रियों की फंसी हुई बुकिंग, रिफंड और एयरलाइन की जिम्मेदारियों पर कड़ा रुख अपनाया गया. सरकार ने एयरलाइन को सामान्य स्थिति बहाल करने और यात्रियों को तुरंत रिफंड देने का निर्देश दिया. डीजीसीए की ओर से इंडिगो के सीइओ को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है, जिसमें पूछा गया है कि आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाये. नोटिस में कहा गया है कि इतने यात्रियों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए आप पर क्यों न पेनाल्टी लगायी जाए.



### होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री

केंद्रीय विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा है कि एयरलाइन के खिलाफ



कार्रवाई केवल समय की बात है. जांच के लिए बनी समिति यह देखेगी कि कहां गलती हुई और जिम्मेदार कौन है. जिन्होंने यह स्थिति पैदा की, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी. हम सख्त कार्रवाई करेंगे.

### जांच समिति का गठन

बिगड़ी व्यवस्था को देखते हुए डीजीसीए ने चार सदस्यीय जांच समिति बनायी है. समिति यह पता लगायेगी कि उड़ानों में देरी और रद्दीकरण का असली कारण क्या है. समिति बतायेगी कि भविष्य में ऐसी स्थिति कैसे रोकी जाये.

**हवाई अड्डों पर सामान्य स्थिति बहाल** : मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश भर के हवाई अड्डों पर सामान्य स्थिति बहाल हो गयी है.

### पिता की अस्थि को लेकर भटकती नजर आयी युवती

इस संकट का सबसे दर्दनाक असर यात्रियों की निजी जिंदगी पर पड़ा. बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे में एक युवती अपने पिता के अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रही थी, लेकिन फ्लाइट रद्द होने से वह एयरपोर्ट पर ही फंस गयी. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक कहता है कि मेरी शादी है, मैं दूल्हा हूं, लेकिन शादी में नहीं जा पा रहा.

### रेलवे ने 84 विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की

विमानन कंपनी इंडिगो द्वारा बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द किये जाने के कारण लोगों को रही परेशानी को दूर करने के लिए रेलवे ने शनिवार को सभी जोन में 84 विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की. रेलवे मंत्रालय की समन्वित योजना के तहत, इन रेलगाड़ियों के कुल 104 फेरों की सबसे कम समय में व्यवस्था की गयी.

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता 10 से, दिल्ली आयेगा दल

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**भारत** और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे. सूत्रों ने यह जानकारी दी. यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका इस समय समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं. सूत्रों ने कहा कि तीन दिवसीय यह वार्ता 10 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर को समाप्त होगी और यह औपचारिक दौर की वार्ता नहीं है. अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्विट्जर करेंगे. अगस्त में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाये जाने के अमेरिकी कदम के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी दल दूसरी बार भारत आ रहा है.

### छह दौर की हो चुकी है बातचीत

व्यापार समझौते से भारतीय निर्यातकों को टैरिफ से राहत मिल सकती है. भारत और अमेरिका टैरिफ के मुद्दे को सुलझाने के लिए एक व्यापार ढांचा बनाने और एक पूर्ण व्यापार समझौते पर समानांतर बातचीत कर रहे हैं. अब तक छह राउंड की बातचीत हो चुकी है. इस समझौते का मकसद 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा 191 अरब से दोगुना करके 500 अरब डॉलर करना है. अमेरिका 2024–25 में लगातार चौथे साल भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार बना रहा.

## 'इंडिया' गठबंधन वेंटिलेटर पर, आइसीयू में जाने का खतरा : उमर अब्दुल्ला

**नयी दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर



अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन इस समय जीवन रक्षक प्रणाली पर है और अंदरूनी खींचतान व भाजपा की 24 घंटे चलने वाली चुनावी मशीन से मुकाबला करने में विफलता के कारण उसके आइसीयू में जाने का खतरा है. अब्दुल्ला ने विपक्षी गठबंधन की वर्तमान स्थिति, विशेष रूप से हाल में हुए बिहार चुनावों के बाद, के बारे में कहा कि कभी-कभी कोई अपना चप्पू निकालता है और हमें थोड़ा झटका देता है और हम फिर से उठ खड़े होते हैं.लेकिन फिर, दुर्भाग्य से बिहार जैसे परिणाम आते हैं और हम फिर से नीचे गिर जाते हैं अब्दुल्ला ने नीतीश कुमार की राजग में वापसी के लिए भी इंडिया गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया.

## न्यूज इन ट्रेंड

**केपटाउन**

### दक्षिण अफ्रीका में बार में गोलीबारी, 11 की मौत

दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी प्रिटोरिया के निकट एक कस्बे में एक बार में हुई गोलीबारी में तीन बच्चों समेत कम से कम 11 लोग मारे गये. पुलिस के एक बयान के अनुसार, इसमें 14 अन्य लोग घायल हो गये और उन्हें अस्पताल ले जाया गया.

**नयी दिल्ली**

### मैं आधा भारतीय हूं : ग्रांट

प्रसिद्ध ब्रिटिश अभिनेता ह्यूग ग्रांट ने शनिवार को नयी दिल्ली में कहा कि वह शायद आधे भारतीय हैं. उन्होंने खुलासा किया कि उनके पिता का जन्म भारत में हुआ था. मेरे पिता सैनिक थे.



**हैदराबाद**

### तेलंगाना की युवती की अमेरिका में मौत

तेलंगाना निवासी साइबर सुरक्षा पेशेवर सहजा रेड्डी उदुमाला की अमेरिका स्थित एक घर में आग लगने से मौत हो गयी. युवती के परिवार ने शनिवार को यह जानकारी दी. सहजाने अमेरिका में साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की और कुछ महीने पहले ही वहां कार्य करना शुरू किया था.

## पाकिस्तानी और अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर गोलीबारी

एजेंसियां, इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी** और अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर भारी गोलीबारी होने की सूचना मिली है. मीडिया द्वारा प्रसारित एक खबर में यह जानकारी दी गयी है. मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जिला अस्पताल में घायलों को लाये जाने की सूचना मिली है, लेकिन इस गोलीबारी में कोई मारा नहीं गया है. दोनों पक्षों के अधिकारियों ने एक-दूसरे पर शुक्रवार देर रात बलूचिस्तान प्रांत से लगी सीमा पर गोलीबारी का आरोप लगाया. पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान बलों ने बदानी इलाके में मोर्टार दागे थे, जबकि अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने आरोप लगाया कि स्पिन बोल्दक पर हमला पाकिस्तान ने किया था. उन्होंने दावा किया कि उनके बलों ने जवाबी कार्रवाई की.

### रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन व मिसाइल से किये हमले

**कीव.** रूस ने शनिवार रात को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जबकि इससे पहले अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि वे लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के वास्ते तीसरे दिन की बातचीत के लिए शनिवार को मिलेंगे. यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार सुबह बताया कि रूस ने 29 स्थानों को निशाना बना कर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागीं.

## पुतिन के लिए राजकीय भोज में माहौल आत्मीय था : शशि थरूर

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि शुक्रवार रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित राजकीय भोज में गर्मजोशी भरा और आत्मीय माहौल था तथा कई लोगों से बातचीत करना आनंददायक था. थरूर की यह टिप्पणी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुतिन के सम्मान में दिये गये भोज के एक दिन बाद आयी है. थरूर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि वहां उपस्थित कई लोगों से बातचीत करने का आनंद लिया, खासतौर पर रूसी प्रतिनिधिमंडल से आये साथी बेहद अच्छे थे. राष्ट्रपति मुर्मू ने भोज के दौरान पुतिन और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला.

# टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर ने मुर्शिदाबाद में रखी मस्जिद की नींव

एजेंसियां, बहरमपुर

**टीएमसी** के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में अयोध्या की विवादित मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी. पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. राज्य पुलिस, आरएएफ और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती के बीच, कबीर ने मौलवियों के साथ रेजिनगर में एक विशाल मंच पर औपचारिक फीता काटा. हजारों लोग सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़े. कबीर को टीएमसी ने सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होने



के आरोप में इस हफ्ते की शुरुआत में निलंबित कर दिया था.

**भाजपा-टीएमसी ने लगाये एक-दूसरे पर आरोप** : मामले पर भाजपा ने टीएमसी पर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले ध्रुवीकरण को गुप्त रूप से बढ़ावा देने का आरोप लगाया. वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल ने कबीर के कृत्यों से खुद को अलग कर लिया है.

### अयोध्या में नयी मस्जिद का निर्माण अगले वर्ष से

**लखनऊ.** वर्ष 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल बाद धन्नीपुर गांव में नयी मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल 2026 हो सकती है. इस परियोजना का काम देख रहे ट्रस्ट के प्रमुख ने यह जानकारी दी. इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष जफर फारूकी ने कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) मस्जिद के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी दे देता है, तो मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल 2026 हो सकती है.

### कोलकाता में आज पांच लाख लोग एक साथ करेंगे गीता पाठ

**कोलकाता.** कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण के लिए भगवद् गीता का पाठ आयोजित किया गया है, जिसमें करीब पांच लाख श्रद्धालु शामिल होंगे. आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी. आयोजकों का दावा है कि गीता पाठ में अन्य लोगों के अलावा योग गुरु बाबा रामदेव भी शामिल होंगे. सनातन संस्कृति संसद के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के भी एक साथ पांच लाख गीता पाठ नामक कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है. रामदेव, धार्मिक गुरु धीरेंद्र शास्त्री और कार्तिक महाराज इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे और गीता पाठ में हिस्सा लेंगे. उन्होंने बताया कि हमने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी निमंत्रण भेजा है. इसमें नेपाल और बांग्लादेश से भी संत और गीता प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है.

## सीआरइए की रिपोर्ट : प्रदूषण के मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली चौथे नंबर पर

# नवंबर में देश भर में गाजियाबाद रहा सबसे प्रदूषित शहर

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**गाजियाबाद** नवंबर में देश का सबसे प्रदूषित शहर बन गया. सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरइए) के नये विश्लेषण के अनुसार शहर में पीएम 2.5 का मासिक औसत 224 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो राष्ट्रीय मानक से कई गुना ऊपर है. पूरे 30 दिनों में हवा एक दिन भी मानक स्तर पर नहीं पहुंची. रिपोर्ट बताती है कि सबसे प्रदूषित 10 शहरों में गाजियाबाद के साथ नोएडा, बहादुरगढ़, दिल्ली, हापुड़, ग्रेटर नोएडा, बागपत, सोनीपत, मेरठ और रोहतक रहे. इनमे से छह शहर उत्तर प्रदेश के, तीन हरियाणा के और एक दिल्ली है. दिल्ली को छोड़ कर बाकी सभी शहरों में पिछले वर्ष की तुलना में पीएम 2.5 का स्तर बढ़ा है.



**दिल्ली में औसत पीएम 2.5 स्तर रहा 215 एमजी प्रति घन मीटर:** दिल्ली में नवंबर का औसत पीएम 2.5 स्तर 215 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो अक्तूबर के 107 से लगभग दोगुना है. महीने भर में राजधानी ने 23 बहुत खराब, छह गंभीर और एक खराब वायु गुणवत्ता वाले दिन झेले. रिपोर्ट में सामने आया कि पराली जलने का असर पिछले साल की तुलना में काफी कम रहा.

### नवंबर में देश की हवा

- **सबसे प्रदूषित शहर** : गाजियाबाद (पीएम 2.5 : 224)
- टॉप 10 में छह उप्र, तीन हरियाणा के शहर, दिल्ली भी
- एनसीआर के 29 में से 20 शहरों में प्रदूषण बढ़ा
- **राजस्थान** : 23/34 शहर मानक से ऊपर

### शिलांग सबसे स्वच्छ शहर

मेघालय का शिलांग शहर देश भर में सबसे स्वच्छ शहर रहा. वहीं, शीर्ष 10 स्वच्छ शहरों में कर्नाटक के छह व मेघालय, सिक्किम, तमिलनाडु, केरल के एक–एक शहर सूची में रहे.

### हवा में जहरीले कणों की बाढ़

बहादुरगढ़ को छोड़ कर शीर्ष 10 शहरों में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा जब हवा राष्ट्रीय मानक के भीतर आ सकी. चरखी दादरी, बुलंदशहर, जींद, मुजफ्फरनगर, गुरुग्राम, खुर्जा, भिवानी, करनाल, यमुनानगर और फरीदाबाद जैसे शहरों में भी रोज पीएम 2.5 की मात्रा सीमा से ऊपर दर्ज की गयी. सीआरइए के विश्लेषक मनोज कुमार कहते हैं कि पराली जलने में कमी के बावजूद एनसीआर के 29 में से 20 शहरों में प्रदूषण बढ़ा है. कोर समस्या परिवहन, उद्योग, बिजली संयंत्र और अन्य दहन स्रोत हैं. जब तक क्षेत्र–विशिष्ट उत्सर्जन में कटौती नहीं होगी, शहर मानक तोड़ते रहेंगे.

कठिन समस्याएं अब न होंगी
क्यूंकि सच्ची सहेली में हैं 67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जो मुश्किल तकलीफों को अंदर से ठीक करने में मदद करे।
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
Helps in: कठिन दर्द | चिड़चिड़ापन | थकान | कमजोरी | कमर कटना | इम्यूनिटी
सच्ची सहेली®

## न्यूज बाइट्स

### पूर्णिया : 25 हजार का इनामी इस्तियाक गिरफ्तार

**पूर्णिया.** 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी को सदर थाना की पुलिस ने देशी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अपराधी मो इस्तियाक गुलाबबाग के ऐनामहल का रहनेवाला है. शुक्रवार को सदर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली की दो बाइक से कुछ युवक किसी बड़े अपराध की घटना को अंजाम देने वाले है, जो कि चंदन नगर के तरफ से आ रहे हैं. सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए चंदन नगर पीसीसी रोड स्थित बॉसवाड़ी के पास वाहन जांच करना प्रारंभ किया गया. वाहन जांच होता देख दोनों बाइक सवार भागने का प्रयास किया. एक बाइक पर सवार एक युवक को पकड़ लिया गया. दो युवक भागने में सफल रहा.

### सुपौल : पूर्व मुखिया प्रत्याशी को मारी गोली, गंभीर

**निर्मली (सुपौल).** थाना क्षेत्र के हरियाही पंचायत अंतर्गत जरौली गांव में शनिवार शाम बाइक सवार दो अपराधियों ने हरियाही पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी जगदीश ठाकुर को गोली मार दी. मौके से अपराधी फरार होने में सफल रहे. गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हुए जगदीश ठाकुर को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली पहुंचाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ विजय कुमार ने बताया कि घायल की पीठ के आसपास गोली लगी है. बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया है.

### सहरसा : अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**सत्तरकटैया (सहरसा).** सहरसा-विशनपुर मेनहा रोड पर बेखौफ लुटेरों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया. घायल युवक स्वयं बाइक चलाकर किसी तरह सदर अस्पताल सहरसा पहुंचा. मिली जानकारी के अनुसार सुपौल जिले के जगतपुर वार्ड नं 10 निवासी नीरज कुमार मिश्रा सीटीई सहरसा में एमएड का प्रशिक्षण लेकर अपनी बाइक से घर वापस जा रहा था. विशनपुर पेट्रोल पंप से जैसे ही आगे बढ़ा पीछे से एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने ओवरटेक कर गोली चला दी. गोली युवक के दाहिना जांघ में लगी.

### जमुई : 25 साल बाद लगा जनकल्याण शिविर

**जमुई.** जिले के चोरमारा गांव में 25 वर्षों बाद प्रशासन की बड़ी पहल देखने को मिली, जिसने स्थानीय लोगों के जीवन में नयी ऊर्जा और उम्मीद जगायी. लंबे समय से उपेक्षित इस क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर जनकल्याण शिविर लगाया गया. इसका नेतृत्व अनुमंडल अधिकारी सौरव कुमार ने किया. इस शिविर में एडीएम रविकांत सिन्हा की भी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गंभीरता और प्रशासनिक प्राथमिकता स्पष्ट दिखायी दी. शिविर के दौरान ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण सरकारी सेवाएं गांव में ही उपलब्ध करायी गयी.

# ओडिशा एसएससी पेपर लीक में समस्तीपुर से युवक गिरफ्तार

**प्रतिनिधि, समस्तीपुर**

**ओडिशा** एसएससी पेपर लीक मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने समस्तीपुर के खानपुर इलाके में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया. पकड़े गये आरोपित की पहचान खानपुर थाना क्षेत्र की खानपुर उत्तरी पंचायत निवासी राजमोहन प्रसाद के रूप में की गयी है. शनिवार को ओड़िशा क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार आरोपित को पुलिस अभिरक्षा लेकर स्थानीय व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया. इसके बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपित को ट्रांजिट रिमांड में लेकर ओडिशा के लिए रवाना हो गयी. छापेमारी में ओडिशा क्राइम ब्रांच के एएसपी विकास रंजन बेहुरा और सब इंस्पेक्टर सुशांत पंडा भी शामिल थे. ओड़िशा क्राइम ब्रांच के एएसपी विकास रंजन बेहुरा ने बताया कि 2023 में ओडिशा एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) ने जेइइ परीक्षा आयोजित की थी. उसका प्रश्न पत्र पहले ही लीक हो गया. 2023 में 15 जुलाई को इसकी सूचना ओडिशा पुलिस को मिली. इसके बाद ओडिशा पुलिस ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र दीघा इलाके में छापेमारी की.

## विकास और विचारधारा ही देश के विकास का रास्ता : जेपी नड्डा

**देवघर .** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को झारखंड की पवित्र भूमि देवघर से विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर करारा हमला बोला. वह देवघर में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन करने यहां पहुंचे थे. यहीं से गुमला के भाजपा कार्यालय का भी उद्घाटन किया. कार्यक्रम के बाद ठाढ़ीदुलमपुर मैदान में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश अब तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठ चुका है. भाजपा विचारों और विकास का प्रतीक है, वहीं कांग्रेस समाज को बांटने में माहिर पार्टी है. श्री नड्डा ने कहा : कांग्रेस ने इस देश को जाति-पात, वंशवाद और तुष्टिकरण के दलदल में धकेला.

## बरहरवा से किऊल तक बिछेगी तीसरी व चौथी रेल लाइन

**जमालपुर (मुंगेर).** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि जमालपुर से भागलपुर तक तीसरी रेल लाइन बिछाने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है. अब जमालपुर से भागलपुर तक चौथी रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे कार्य आरंभ कर दिया गया है. श्री देउस्कर शनिवार को रेल इंजन कारखाना जमालपुर के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बात कर रहे थे. उन्होंने बताया कि बरहरवा से किउल तक तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाई जाएगी. तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों की संख्या बढ़ जाएगी. जमालपुर और किऊल रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने का लोकेशन सर्वे का सैंक्शन हो चुका है.

✓ जोड़ों का दर्द ✓ दाँत दर्द ✓ कमर दर्द
डाईक्लोविन प्लस® PR
सौ दर्द की एक दवा
असली हरी पन्नी वाली गोली
घुटनों के दर्द का स्पेशलिस्ट तेल
डाईक्लोविन® नी ऑयल
घुटनों को रिपेयर और प्रोटेक्ट करें
मिस कॉल 080-44418135 मेडिकल पर उपलब्ध

USHA MARTIN UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand
NAAC A GRADE
ISO 9001 : 2015 Certified, Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC),
Approved by: BCI | PCI | INC | AICTE
ADMISSION TO Ph.D. PROGRAMME
January (2026 Session) (Full-Time and Part-Time)
Usha Martin University offers a wide range of doctoral programs in Engineering, Law, Management, Commerce, Pharmacy, Agriculture, Arts and Applied Science and other disciplines. With its focus on research and innovation, it provides state-of-the-art research facilities and resources to support research initiatives. Usha Martin University is inviting applications from eligible candidates for Ph.D. programmes in the following discipline:

| Faculty Name | Ph.D. Programmes/Specialization |
|---|---|
| Faculty of Engineering & Applied Science | Electrical & Electronics Engineering<br>Mining Engineering<br>Computer Application<br>Computer Science Engineering<br>Mechanical Engineering<br>Civil Engineering |
| Faculty of Legal Studies | Law |
| Faculty of Business Management | Management/Commerce |
| Faculty of Journalism & Mass Communication | Journalism & Mass Communication |
| Faculty of Pharmacy | Pharmacy |
| Faculty of Agriculture | Agriculture/Microbiology/Agronomy |
| Faculty of Arts and Humanities | English/Education |
| Faculty of Applied Science | Mathematics/Physics/Chemistry |

IMPORTANT DATES | Last Date To Apply: 15th December 2025 | Online Entrance Test: 21st December 2025
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Contact: +91 93555 64011, +91 99529 23636
www.umu.ac.in | admission@umu.ac.in




Seltos
The Badass. Reborn.
This December, enjoy exclusive year-end benefits on your favorite Kia Seltos and harness its badass power, presence, and personality. Visit your nearest Kia dealership today.
Connected Technology | Smarter than ever.



Dual Screen Panoramic Display | BOSE Premium Sound System with 8 Speakers | Intelligent Dual Zone Fully Automatic Air Conditioner | Voice Activated Dual Pane Panoramic Sunroof | ADAS Level 2^ with 19 autonomous features
Kia Service — Connected · Adaptive · Responsive · Engage | 3 Years Unlimited km Warranty | Extended Warranty** Up to 7 Years | My Convenience Plus Best-in-class Cost of Ownership~ | IoT Based Smart Services# | 24x7 | 3 Years Nationwide RSA°
For more information, visit our dealership or contact: 1800 108 5000 | www.kia.com | Book Kia Seltos | 093195 91407 | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @
Terms & Conditions Apply. *Benefit shown is the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which may vary from model to model and region to region.^Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. **3 Years standard warranty and 4 years extended warranty. ~Computed cumulatively with all benefits from comprehensive coverage. #IoT based workshops for live vehicle tracking for digital experience. °RSA coverage across India except Andaman & Nicobar Islands and Lakshadweep. The product & feature images shown in this ad is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The color shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown in this ad. The specifications and features may vary depending on models/ variants. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims colors, specifications, Kia Connect features and other details of any model as mentioned in this ad or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) urges you to follow traffic rules these are meant to keep you safe on roads.
**Prema Kia :** Anishabad, Patna, Tel: 9264497634 **Amar Jyoti Kia:** Saguna More, Patna, Tel: 08069451800 **Amar Jyoti Kia :** Exhibition Road, Patna, Tel: 9606970220 **Goberdhan Kia :** Dariyapur Kafen, Muzaffarpur, Tel: 9297932601 **Goberdhan Kia :** Darbhanga, Tel: 9031677499, 9297932603 **Kosi Kia :** NH 31, Barsoni, Purnia, Tel: 7283000470 **Raj Kia :** NH-83, Near Tekuna Farm, Gaya, Tel: 9031057100 **Mavra Kia:** NH 27, Gopalganj, Tel: 9117155005 **Mavra Kia:** NH-28, Near GD Goenka Public School, Motihari, Tel: 9117155002 **Budhav Kia:** Hajipur, Vaishali 9031069721/22 **Broadway Kia:** Kiratpur, Begusarai, Tel: 8709214055

अंक : 292, वर्ष : 15, बी. आई. एच.एच.आई.एन रजिस्ट्रेशन : 2011/37188, अखबार के स्वामी न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक आशुतोष चौबे द्वारा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., प्लॉट नं. डी.- 27, इंडस्ट्रीयल एस्टेट, बरारी भागलपुर से मुद्रित और न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., स्वामी विवेकानंद पथ सी.एम.एस. हाई स्कूल के सामने, आदमपुर चौक, भागलपुर- 812001 से प्रकाशित. संपादक (भागलपुर संस्करण) : अनुराग कश्यप *, संपादक (बिहार) : अजय कुमार, प्रबंध संपादक : अंकित शुक्ला, प्रधान संपादक : आशुतोष चतुर्वेदी , फोन : संपादकीय : 9262991338, विज्ञापन : 9262991340, प्रसार विभाग : 9262991348
ई-मेल : bhagalpur@prabhatkhabar.in (*पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)